CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32° C
न्यूनतम: 18° C

नई दिल्ली, गुरुवार 16 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 8 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 27 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महिला आरक्षण में SC,ST और OBC महिलाओं के लिए कोटा सुनिश्चित हो: मायावती पेज 2



धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा खेल टाइम्स



सही समय: महिला आरक्षण से बदलेगी भारतीय लोकतंत्र की तस्वीर सम्पादकीय



इजरायल-लेबनान ने तीन दशक बाद की सीधी बातचीत पेज 12

# CBSE: 10वीं के नतीजों में बेटियां अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इस वर्ष देशभर के 22 रीजन में घोषित किए गए हाईस्कूल परिणामों में कुल 93.70 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं।

इस बार भी परिणामों में लड़कियों ने बाजी मारी है और बेहतर प्रदर्शन के साथ अपनी बढ़त कायम रखी है। इस साल त्रिवेंद्रम रीजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.79 फीसदी के साथ देश में पहला स्थान हासिल किया। नोएडा रीजन का प्रदर्शन इस बार गिरा है। यहां पास प्रतिशत 87.66 फीसदी रहा, जो पिछले साल के 90.75 फीसदी के मुकाबले 3.09 फीसदी कम है। इसके साथ ही परीक्षा देने वाले 25 लाख से अधिक छात्रों का इंतजार खत्म हो गया। बुधवार शाम 4 बजे उमंग और डिजिलॉकर सहित सभी सरकारी पोर्टल सक्रिय हो गए और एक फ्लैश संदेश के जरिये परिणामों की घोषणा की गई। सीबीएसई की नई द्वि-बोर्ड प्रणाली के तहत, इस बार कक्षा 10वीं के नतीजे अप्रैल के बजाय मई की शुरुआत में आने की उम्मीद थी, लेकिन बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र को सुव्यवस्थित करते हुए परिणाम जारी कर दिए हैं। इस नई प्रणाली के तहत शैक्षणिक वर्ष को दो अलग-अलग परीक्षा सत्रों में विभाजित किया गया है। पहला सत्र, जो सभी छात्रों के लिए अनिवार्य था, 17 फरवरी से 11 मार्च, 2026 के बीच आयोजित किया गया था। यह परीक्षाएं देश भर के 8,075 परीक्षा केंद्रों पर 83 विषयों के लिए आयोजित की गईं। इस वर्ष कुल 25,08,319 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 14,08,546 छात्र और 10,99,773 छात्राएं शामिल थीं। बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा चरण 15 मई से शुरू होने वाला है। छात्र अब आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी मार्कशीट और प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकते हैं।



■ 93.70 प्रतिशत छात्र हुए पास, लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99 व लड़कों का 92.69% रहा

# ईरान के साथ युद्ध खत्म होने के करीब: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का भी दिया संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को घोषणा की कि ईरान के साथ संघर्ष 'समाप्त होने के करीब' है। उन्होंने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का संकेत भी दिया है। ट्रम्प ने संकेत दिया कि रुकी हुई बातचीत पाकिस्तान में कुछ ही दिनों में फिर से शुरू हो सकती है, जिससे युद्धविराम समाप्त होने से पहले किसी समझौते की उम्मीद जगी है।

अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर अपनी पकड़ काफी सख्त कर दी है। सेना ने पुष्टि की है कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से घेराबंदी लागू करते हुए ईरानी समुद्री व्यापार को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रमुख ब्रैड कूपर ने कहा कि इस अभियान ने 36 घंटों से भी कम समय में ईरान की व्यापारिक जीवन रेखा को पंगु बना दिया है। ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी पूरी तरह से लागू कर दी गई है। ईरान की लगभग 90 प्रतिशत अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार पर निर्भर है, जो अब प्रभावी रूप से ठप हो गई है। शक्ति प्रदर्शन के बावजूद मुख्य गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन को तत्काल रोकने और प्रमुख परमाणु केंद्रों को नष्ट करने की मांग कर रहा है। साथ ही होर्मुज को फिर से खोलने की भी मांग कर रहा है। दोनों पक्षों द्वारा समझौते पर सहमति नहीं बन पाने के कारण 10 अप्रैल को हुई पहले दौर की बातचीत के बाद मुख्य मुद्दे अनसुलझे रह गए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों पक्षों के बीच गहरी अविश्वास की भावना को स्वीकार किया, लेकिन एक सतर्क आशावादी रुख भी अपनाया।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने खोला होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को स्थायी रूप से खोल दिया है। उन्होंने लिखा कि चीन बहुत खुश है कि मैं होर्मुज स्ट्रेट को स्थायी रूप से खोल रहा हूं। मैं यह उनके लिए भी कर रहा हूं और दुनिया के लिए भी। ऐसी स्थिति फिर कभी नहीं होगी। वे ईरान को हथियार न भेजने पर सहमत हो गए हैं। जब मैं कुछ हफ्तों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वहां जाऊंगा तो मुझे जोरदार गले लगाएंगे। डोनाल्ड ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान से जुड़े संघर्ष के खत्म होने के बाद वैश्विक तेल कीमतों में बहुत बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल तेल की कीमतें लगभग 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं, लेकिन हालात सामान्य होते ही इसमें तेज गिरावट आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी टैंकर होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने में नाकाम

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनाल लोड किया था। यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज स्ट्रेट पार करने की कोशिश की थी।

### राघव चड्ढा को केंद्र ने दी जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो (आईबी) की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंजाब सरकार द्वारा राघव चड्ढा को दी गई जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली गई है। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला आप नेता के संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में कथित विफलता के चलते उठाया गया है।

### पश्चिम एशिया संकट का असर: अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 7.9 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव का असर अप्रैल महीने की हवाई यात्रा पर पड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में व्यवधान देखने को मिला। जबकि वैश्विक व्यापार भी इससे प्रभावित हुआ है, जिससे कई देशों की आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। ओएजी के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल महीने में देश की कुल विमानन क्षमता जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। यह कमी करीब 0.2 प्रतिशत रही। इस गिरावट की बड़ी वजह अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की क्षमता में आई तेज कमी है, जो लगभग 7.9 प्रतिशत तक पहुंच गई।

# सम्राट ने ली सीएम पद की शपथ

## बिहार में मंत्रियों की सूची से पहले बंटे विभाग

पटना, वार्ता

**भाजपा नेता** सम्राट चौधरी ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री बनते ही विभागों के प्रारंभिक बंटवारे की अधिसूचना जारी कर दी है।

अधिसूचना के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह, सामान्य प्रशासन, नगर विकास, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, पथ निर्माण समेत कुल 29 विभाग अपने पास रखे, जबकि दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जनता दल यूनाइटेड को मात्र 18 विभाग दिए गए। गृह विभाग सहित मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भू तत्व, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन, आपदा प्रबंधन, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, सूचना प्रावैधिकी, खेल, सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, गन्ना उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं पंचायती राज विभाग -**शेष पृष्ठ दो पर**



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह समेत 29 विभाग रखे

दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जदयू को मात्र 18 विभाग दिए गए

# पवन खेड़ा को सुप्रीम झटका

## शीर्ष अदालत ने अग्रिम जमानत पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई एक हफ्ते की अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी है। यह मामला असम में दर्ज उस एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ कई पासपोर्ट रखने के आरोप लगाए थे।

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरीऔर अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने इस मामले में खेड़ा को नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। यह नोटिस असम सरकार की उस याचिका पर जारी किया गया, जिसमें तेलंगाना हाईकोर्ट द्वारा दी गई ट्रांजिट बेल पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि फिलहाल संबंधित आदेश (ट्रांजिट बेल) पर रोक लगाई जाती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर खेड़ा असम की संबंधित अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश उस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेगा। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी और तब तक सभी पक्षों को अपना जवाब दाखिल करना होगा। सुनवाई के दौरान असम सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि तेलंगाना हाईकोर्ट को इस मामले में सुनवाई का अधिकार क्षेत्र नहीं था, क्योंकि कथित अपराध और एफआईआर दोनों असम में दर्ज हैं। उन्होंने इसे फोरम चुनने की कोशिश बताते हुए कानून का दुरुपयोग करार दिया। असम सरकार ने स्पेशल लीव पिटीशन दायर कर 10 अप्रैल को तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें खेड़ा को एक सप्ताह के लिए ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी गई थी। हाईकोर्ट ने यह राहत इसलिए दी थी, ताकि खेड़ा संबंधित अदालत में नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। तेलंगाना हाईकोर्ट की एकल पीठ, जस्टिस के सुजाना ने आदेश दिया था कि गिरफ्तारी की स्थिति में खेड़ा को एक सप्ताह के लिए अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए। खेड़ा ने यह राहत तब मांगी थी, जब असम पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

■ असम के सीएम की पत्नी पर लगाए थे कई पासपोर्ट रखने के आरोप से जुड़ा मामला



# समुद्र में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी: जयशंकर

**नई दिल्ली/ टोक्यो।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर भारत का डंका बजाया है।

जापान की ओर से आयोजित एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी की आभासी बैठक में जयशंकर ने कहा कि व्यापारिक जहाजों पर होने वाले हमले किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। इस बैठक का मुख्य एजेंडा ऊर्जा बाजारों में मची उथल-पुथल और आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं पर चर्चा करना था।

■ एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी की आभासी बैठक में विदेश मंत्री ने चेताया

# अयप्पा मंदिर रेस्टोरेंट नहीं: सबरीमाला मैनेजमेंट

**नई दिल्ली।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

मंदिर का मैनेजमेंट देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कहा कि यह खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यह आजन्म ब्रह्मचारी माने जाने वाले देवता का मंदिर है। टीडीबी का पक्ष रखते हुए एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 10 से 50 साल के उम्र की महिलाएं देवता के स्वरूप और पहचान के विपरीत हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं। उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री पर बैन लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए बैन हटा दिया। इसके बाद दायर पुनर्विचार याचिकाओं के आधार पर 7 महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न तय किए गए हैं, जिन पर अब बहस हो रही है।

■ कहा: यहां ब्रह्मचारी देवता, महिलाएं क्यों आना चाहती हैं

# विपक्ष करेगा महिला आरक्षण बिल का विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है।

खड़गे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद कहा कि हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिये संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है, जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए, इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है। इसलिए हम इस बिल के मौजूदा स्वरूप का एकजुट होकर संसद में विरोध करेंगे। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाना चाहिए और हम इसके समर्थन में हैं, लेकिन हम इस बिल के साथ जोड़ी गई परिसीमन की प्रक्रिया के पूरी तरह खिलाफ हैं। उनका कहना है कि आरक्षण को परिसीमन और जनगणना की शर्तों में उलझाना सरकार की एक सोची-समझी चाल है, जिससे इस अधिकार को लंबे समय तक टाला जा सके, इसलिए विपक्ष महिलाओं को हक देने का तो पक्षधर है लेकिन सरकार के इस तरीके का पुरजोर विरोध करता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के यहां स्थित आवास पर विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक में भाग लिया।

■ खड़गे बोले: नीयत में खोट है, यह सिर्फ चुनावी पैंतरा

# LPG लेकर गुजरात के बंदरगाह पहुंचा 'जग विक्रम'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय ध्वज वाला जहाज जग विक्रम करीब 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी पर पहुंच गया है।

पोर्ट अथॉरिटी के अनुसार यह जहाज दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण कांडला में मंगलवार रात ऑयल जेटी-1 पर सुरक्षित रूप से लंगर डाल चुका है। अधिकारियों ने बताया कि यह टैंकर 11 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर आगे बढ़ा था। यह हाल के दिनों में क्षेत्र में घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला पहला भारतीय जहाज है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, यह जहाज मार्च की शुरुआत के बाद फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है। हालांकि अभी भी करीब 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज क्षेत्र में मौजूद हैं और आगे के मार्ग के लिए इंतजार कर रहे हैं। रूस ने एक बार फिर संकेत दिया है कि वह ईरान के समृद्ध यूरेनियम से जुड़े विवाद को सुलझाने में सहयोग देने के लिए तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को बीजिंग में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मास्को इस समस्या के समाधान में विभिन्न तरीकों से योगदान दे सकता है। इसमें उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड यूरेनियम में बदलना या उसका एक हिस्सा रूस में सुरक्षित रखना जैसे विकल्प शामिल हो सकते हैं। लावरोव ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी कदम ईरान की सहमति से और उसके अधिकारों का सम्मान करते हुए ही उठाया जाएगा।




■ हाल के दिनों में क्षेत्र में घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद होर्मुज मार्ग से गुजरने वाला पहला भारतीय जहाज

## संक्षिप्त समाचार

### प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के बुध विहार इलाके में प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित एक ऐसे परिवार के सदस्य थे जो बुध विहार के मांगे राम पार्क इलाके में स्थित गोदाम में बनी एक अस्थाई झोपड़ी में रहते थे। यह घटना मध्यरात्रि के दौरान घटी जब साइट पर रखे अपशिष्ट में आग लग गई और वह तेजी से झुग्गी में पफैल गई। दमकल कर्मियों की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद बुधवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया। शव बुरी तरह जले हुए थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### अनंत स्वरूप बने फिक्की के नए महासचिव

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल पिफक्की ने भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के पूर्व अधिकारी अनंत स्वरूप को अपना नया महासचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति बुधवार 15 अप्रैल से प्रभावी हो गई है। पिफक्की ने मीडिया को दी जानकारी में कहा है कि 1992 बैच के आईआरपीएस अधिकारी स्वरूप की नियुक्ति देश के उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व को और सशक्त बनाती है। उनके पास लोक नीति, लॉजिस्टिक्स, विनियामक सुधार और अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं का तीन दशक से भी अधिक का अनुभव है।

# महिला आरक्षण विधेयक शीघ्र लागू किया जाए:मायावती

## महिला आरक्षण में एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए कोटा सुनिश्चित किया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में 33 प्रतिशत आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा प्रावधान नहीं किया गया, तो इस कदम का वास्तविक उद्देश्य कापफी हद तक निष्प्रभावी हो जाएगा।

सुश्री माायावती ने लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के पफैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित इस 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने की पहल 'उचित और स्वागतयोग्य' है, भले ही इसमें देरी हुई हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था में लगातार हाशिए



पर रही एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का प्रावधान किया जाना ऐतिहासिक और न्यायसंगत कदम होगा। उन्होंने कहा कि केवल सामान्य महिला आरक्षण से इन वर्गों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब संसद में महिला आरक्षण लागू करने को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 में संशोधनों पर 16 अप्रैल को चर्चा प्रस्तावित है, साथ ही परिसीमन से जुड़े बिल पर भी विचार किया जाएगा। सरकार 2029 के आम चुनाव से लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए संवैधानिक संशोधन लाने की तैयारी में है। प्रस्तावित योजना के तहत लोकसभा की कुल सीटें 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती हैं, जिनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने महिला आरक्षण विधेयक का स्वागत करते हुए इसे जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को दलगत भावना से ऊपर उठकर इस महत्वपूर्ण विधेयक को लागू कराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने अपने बयान में कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के लागू होने से महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों के अनुरूप भागीदारी देना समय की मांग है। बसपा प्रमुख ने केंद्र सरकार से अपील की कि इस विधेयक को लागू करने में किसी प्रकार की देरी न की जाए, ताकि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।

# नोएडा में श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन के बाद केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के उग्र विरोध-प्रदर्शनों के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। श्रम मंत्रालय के तहत मुख्य श्रम आयुक्त ने हालात की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

अधिकारियों के अनुसार अचानक भड़की हड़तालों और हिसक घटनाओं ने प्रशासन को भी चौंका दिया है। दरअसल विरोध की शुरुआत सात अप्रैल को हरियाणा के मानेसर औद्योगिक क्षेत्र से हुई, जहां ऑटोमोबाइल सेक्टर के श्रमिकों ने वेतन वृद्धि और बेहतर कार्य-शिफ्ट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मंगलवार को नोएडा के सेक्टर-62 में भी श्रमिकों का गुस्सा पफूट पड़ा, जहां बड़ी संख्या में मध्यम उद्योग स्थित हैं और स्थिति हिंसक हो गई। केंद्र

**■ अचानक भड़की हड़तालों और हिंसक घटनाओं ने प्रशासन को भी चौंका दिया**

सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। सूत्रों के अनुसार सरकार इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं श्रम संहिताओं को लेकर गलत जानकारी पफैलाकर श्रमिकों को भड़काया तो नहीं जा रहा। हालांकि इस पर श्रम मंत्रालय की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। श्रमिकों का आरोप है कि महंगाई तेजी से बढ़ी है, खासकर पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते, लेकिन उनके वेतन में उसके अनुरूप बढ़ोतरी नहीं हुई। नई श्रम संहिताओं के बाद वेतन संरचना में बदलाव से भी उनकी आय पर असर पड़ा है, जो बढ़ते खर्चों के सामने अपर्याप्त साबित हो रही है। भारतीय ट्रेड यूनियन के एक पदाधिकारी ने कहा कि वेतन और शिफ्ट जैसे मुद्दे प्रमुख हैं और इस समय सरकार के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने कई श्रमिक नेताओं को नजरबंद कर रखा है। नोएडा में यूनियन के जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा को भी नजरबंद किए जाने की बात सामने आई थी। प्रशासन ने श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों और पफैक्ट्री प्रबंधन के साथ वार्ता शुरू कर दी है। उद्योगपतियों का कहना है कि कच्चे माल की लागत बढ़ने से उत्पादन पर असर पड़ा है, जिससे वेतन बढ़ाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। विवाद की जड़ न्यूनतम वेतन में नियमित संशोधन को लेकर बताई जा रही है, जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जुड़ा होता है और आमतौर पर साल में दो बार अप्रैल और अक्टूबर में संशोधित किया जाता है।

# शाहतूश कारोबारी वन्यजीव अपराध में दोषी करार

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने लुप्तप्राय तिब्बती मृग चिरू के बालों से बने शाहतूश शॉल के अवैध निर्यात के आरोप में जयपुर स्थित मेसर्स इंडियन आर्ट गैलरी के मालिक सैयद शाहिद अहमद काशानी को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत दोषी करार दिया है।

दिल्ली के राउज एवेन्यू जिला न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने हाल ही में काशानी के खिलापफ दिसम्बर 2008 में दर्ज मामले में यह पफैसला सुनाया है। उसे लुप्तप्राय तिब्बती मृग (पैंथोलोप्स हॉजसोनी) के बालों से बने शाहतूश शॉल के कारोबार के गंभीर आरोप में दोषी ठहराया गया है। स्थानीय रूप से चिरू के नाम से प्रसिद्ध यह तिब्बती मृग वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची में सूचीबद्ध है और कानूनी रूप से इसका व्यापार प्रतिबंधित है। पिछले 51 साल से शाहतूश शॉल के व्यापार पर वैश्विक स्तर पर प्रतिबंध है। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले की अनूठी विशेषता वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), सीमा शुल्क और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्लूआईआई) के बीच लगभग 17 वर्षों तक चले निरंतर समन्वय का परिणाम बताया जा रहा है। डब्ल्यूसीसीबी को यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निर्यात खेप में 1,290 शाहतूश शॉल होने का पता चला और पफरवरी 2009 में सीबीआई में शिकायत दर्ज की गई। यह पहली बार था, जब वन्यजीव अपराध के मामले में सीबीआई के माध्यम से मुकदमा चलाया गया।

## प्रधानमंत्री ने परिसीमन मुद्दे पर राष्ट्र के साथ जानबूझकर छल किया

# कांग्रेस ने परिसीमन को लेकर मोदी पर बोला हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और सरकार पर जानबूझकर धोखा देने और संसदीय प्रतिनिधित्व पर पहले दिए गए आश्वासनों को कमजोर करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखे एक तीखे पोस्ट में, रमेश ने आरोप लगाया कि परिसीमन पर प्रधानमंत्री के दावों का आगामी संसद के विशेष सत्र के लिए प्रसारित विधेयकों में खंडन किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक तथाकथित नेता हैं, जिनकी एकमात्र विशिष्ट विशेषता उनकी बेजोड़ भ्रामक नेतृत्व क्षमता है। उन्होंने परिसीमन मुद्दे पर राष्ट्र के साथ जानबूझकर छल किया है।



**■ संसदीय प्रतिनिधित्व पर पहले दिए गए आश्वासनों को कमजोर करने का आरोप लगाया**

प्रस्तावित परिवर्तनों के संभावित प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए, कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कई क्षेत्रों के लोकसभा में सापेक्ष प्रतिनिधित्व में कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के सदस्यों की लोकसभा में संख्या कम हो जाएगी और इसी तरह की स्थिति उत्तर-पश्चिम भारत के छोटे राज्यों और पूर्वी राज्यों की भी है। उन्होंने सरकार की विपफलता पर सवाल उठाया, जो सभी राज्यों में सीटों में एक समान एवं आनुपातिक वृद्धि करने की अपनी पिछली प्रतिबद्धता का सम्मान करने में विपफल रही। रमेश ने कहा कि सभी राज्यों के लिए लोकसभा में समानुपातिक संख्या में वृद्धि का जो वादा प्रधानमंत्री और उनके कुछ सहयोगियों ने किया था, उसका क्या हुआ? ऐसा नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री के आश्वासनों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार पर संवैधानिक सिद्धांतों के बजाय राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। रमेश ने कहा कि वह सत्ता हथियाने की अपनी अशिष्ट प्रवृत्ति से ऊपर उठकर एक राजनेता बनने में असमर्थ हैं यहां तक कि परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी।

### महिला आरक्षण चर्चा का नहीं, तत्काल क्रियान्वयन का मामला है: डा. अनिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन डा. अनिल जय हिंद ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण चर्चा का नहीं, बल्कि उसके तत्काल क्रियान्वयन का मामला है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र बुला रही है, जिसमें संविधान संशोधन लाने की तैयारी है। जय हिंद के अनुसार पहले सरकार ने 2027 में जातिगत जनगणना, उसके बाद परिसीमन और पिफर महिला आरक्षण लागू करने का रोडमैप बनाया था, लेकिन अब 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने की बात कही जा रही है, जो मौजूदा जनसंख्या बदलावों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातिगत जनगणना से बचना चाहती है। इस संदर्भ में 2021 में संसद दिए गए आश्वासन और उच्चतम न्यायालय में दिए गए हलपफनामों का हवाला दिया गया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


**सेंसेक्स** 78111.24
**निफ्टी** 24231.30


**सोना** 15299
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


**चांदी रु.** 239934
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी सेंसेक्स 1264 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता पिफर शुरू होने की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौट आई और बीएसई का संसेक्स 1,263.67 अंक (1.64 प्रतिशत) चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की बढ़त में 24,231.30 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ पाकिस्तान में शांति वार्ता दो दिन में पिफर शुरू हो सकती है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। उत्साहित निवेशकों की



लिवाली से सभी सूचकांकों और सभी सेक्टरों में तेजी रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.29 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.35 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी, रियलटी, तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया समूहों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत के बीच चढ़े। ऑटो, वित्त, एपफएमसीजी, धातु, पफार्मा, बैंकिंग और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। इटरनल और पावरग्रिड में भी चार प्रतिशत से अधिक तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एलएंडटी और एशियन पेंट्स के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक ऊपर रहे। ट्रेंट, सनपफार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंपफोसिस और बजाज पिफनसर्व के शेयर दो से तीन प्रतिशत मजबूत बंद हुए। टाइटन, एचीडीएपफसी बैंक, मारुति सुजुकी, बजाज पफाइनेंस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बीईएल, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर रहे। भारतीय स्टेट बैंक भी हरे निशान में बंद हुआ, जबकि भारती एयरटेल में गिरावट रही।

# चावल, गेहूं के भाव बढ़े, चीनी नरम दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं में भी तेजी देखी गई, जबकि चीनी का भाव टूट गया। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 33 रुपये बढ़कर 3,811 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,778 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 21 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। चना दाल औसतन 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ, जबकि अन्य दालों में नरमी रही। उड़द दाल 67 रुपये और मसूर दाल 41 रुपये सस्ती



हुई। मूंग दाल की कीमत 40 रुपये और तुअर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा आठ रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.69 प्रतिशत की बढ़त में 66.90 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। पाम ऑयल औसतन 204 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल 128 रुपये और सूरजमुखी तेल 93 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति की 82 रुपये और सरसों तेल की 34 रुपये फिसल गया। सोया तेल की कीमत 40 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 76 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी 26 भी 35 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7659.32 रुपये, मसूर काली 8040.86 रुपये, मूंग दाल 10137.03 रुपये, उड़द दाल 10764.82 रुपये, तुअर दाल 11227.98 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2778.13 रुपये और चावल 3811.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3262.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# योगी ने टाटा मोटर्स लखनऊ संयंत्रा से बनी 10 लाखवीं गाड़ी को हरी झंडी दिखाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के लखनऊ संयंत्र में बनी 10 लाखवीं गाड़ी को हरी झंडी दिखाई और इसे प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य को ग्लोबल मैन्युपफैक्चरिग हब बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि किसी भी संस्था या समूह की मजबूती के लिए बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप से बचना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं, इसलिए हर कार्मिक का दायित्व है कि वह संगठन को परिवार की तरह समझे और उसकी एकता व विश्वास को बनाए रखे। मुख्यमंत्री ने कार्यसंस्कृति पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता पर आधारित होती है। हर कर्मचारी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए, क्योंकि यही भाव दीर्घकालिक प्रगति सुनिश्चित करता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सम्राट ने...** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फिलहाल अपने पास रखे हैं। जनता दल यूनाइटेड के खाते में फिलहाल 18 विभाग ही आए हैं, जिसमें उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जन-संपर्क, भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन और उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दूसरे उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को ग्रामीण विकास, परिवहन, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय सहयोग करें: योगी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पत्र लिखकर सहयोग की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी पहल है।

योगी ने अपने पत्र में कहा कि आजादी के अमृतकाल में 'नया भारत' समावेशी और न्यायपूर्ण राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसमें हर वर्ग की समान भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति इस संकल्प का एक महत्वपूर्ण आधार है और महिला आरक्षण कानून इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। योगी ने कहा कि दशकों से संसद और



विधानसभाओं में महिला आरक्षण पर व्यापक विमर्श होता रहा है, लेकिन वर्ष 2023 में इस कानून का लागू होना भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता और सामाजिक न्याय के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 16 अप्रैल से संसद के दोनों सदनों में इस कानून पर चर्चा प्रस्तावित है, जो 2029 के लोकसभा चुनाव से इसके प्रभावी क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी। इससे न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को संस्थागत मजबूती मिलेगी, बल्कि शासन- व्यवस्था में नया दृष्टिकोण, अधिक संवेदनशीलता और व्यापक प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण का मुद्दा किसी एक दल या विचारधारा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की आधी आबादी के अधिकारों और भविष्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने इसे सभी राजनीतिक दलों के लिए एक महत्वपूर्ण कसौटी बताते हुए कहा कि इससे यह तय होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को कैसा लोकतंत्र सौंपना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने महिला आरक्षण कानून को लेकर सभी राजनीतिक दलों से सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की अपील की है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए संसद में व्यापक और सार्थक चर्चा आवश्यक है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि उनकी पार्टी इस महत्वपूर्ण विषय पर गहन विचार- विमर्श करते हुए संसद के दोनों सदनों में प्रस्तावित संशोधनों के समर्थन में रचनात्मक भूमिका निभाए।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हमले के मामले में विधायक अभय सिंह समेत सभी छह आरोपी बरी

**वाराणसी, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विशेष न्यायालय (एमपी/एमएलए) के न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने बुधवार को लगभग 24 वर्ष पुराने मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के सभी छह आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

धनंजय सिंह ने आरोप लगाया था कि चार अक्टूबर 2002 को वाराणसी से जौनपुर लौटते समय उन पर नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के पास अत्याधुनिक हथियारों से प्राणघातक हमला किया गया था। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे। हमलावर मौके से पफरार हो गए थे। इस मामले में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह, विनीत सिंह (एमएलसी), विनोद सिंह और सतेन्द्र सिंह को आरोपी बनाया गया था। विधायक अभय सिंह ने पफैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज सच्चाई की जीत हुई है। हम सभी को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। 24 वर्षों से हम सभी को पफर्जी मामले में पफंसाया गया था। आज इंसापफ का दिन है। एमएलसी विनीत सिंह ने कहा कि न्यायालय पर हम सभी को पूर्ण विश्वास था कि एक दिन सत्य सामने आ जाएगा। मेरे खिलापफ कोई साक्ष्य नहीं था। गलत तरीके से मेरा नाम शामिल किया गया था। यह न्याय और सत्य की जीत है। झूठ बेनकाब हो गया है। पफैसले को लेकर न्यायालय और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। करीब ढाई दशक तक चले इस हाईप्रोपफाइल मामले के पफैसले के बाद पूर्वांचल की राजनीति में हलचल मच गई है।

## आप ने राघव चड्ढा-बीजेपी की गुप्त बैठक का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी के बीच टकराव खुल कर सामने आ रहा है । इस बार भी दोनों के टकराव के केंद्र में भारतीय जनता पार्टी है। ईडी की कार्रवाई और राघव चड्ढा को लेकर किए गए एक निर्णय से राजनीतिक ताप बढ़ गया है। इसके साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। पहला मामला जुड़ा है राज्य सभा में आम आदमी पार्टी के डिप्टी लीडर अशोक मित्तल के आवास पर पड़े छापों ईडी के छापों से। आप ने इन छापों को राजनीतिक साजिश करार दिया है। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजनीति में कोई भी चीज संयोग से नहीं होती।

# माचिस देने से मना करने पर हत्या, 4 धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के वेलकम थाने की टीम ने हत्या का मामला सुलझाकर एक सीसीएल सहित चार आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल चाकू बरामद किया है। आरोपियों ने मृतक से माचिस मांगी और उसके मना करने पर उन्होंने उस पर हमला कर दिया था।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 23.मार्च को, सुबह लगभग 10:27 बजे, वेलकम थाने को जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास एक शव पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर, पुलिस को एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी पहचान अकील अहमद (39 ) के रूप में हुई।फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की और सबूत जुटाए। इसके बाद, शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया।इसके बाद वेलकम थाने के तहत मामला दर्ज कर एसएचओ वेलकम रूपेश खत्री के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न स्रोतों से सुराग जुटाए। जुटाए गए सुरागों के आधार पर, टीम ने इमरान / चिकना (19),फैजान / काला (23),साहिल / जाकिर / बोना (20) और सीसीएल को पकड लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, सभी आरोपियों ने अपराध करने की बात स्वीकार कर ली और बताया कि घटना वाले दिन, उन्होंने मृतक से माचिस मांगी थी, और उसके मना करने पर, उन्होंने उस पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए।उनकी निशानदेही पर, अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया एक चाकू भी बरामद किया गया।

## मुठभेड़ के बाद छह बांग्लादेशियों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सरिता विहार इलाके में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छह बांग्लादेशी नागरिकों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस और आरोपियों के बीच हुई गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पकड़े गए आरोपियों के पास से में हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एक टीम ने सरिता विहार में इन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। जैसे ही पुलिस टीम ने आरोपियों को घेरने का प्रयास किया, उन्होंने भागने की को. शिश की और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। आत्मरक्षा में और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके दोनों तरफ से गोलियां चलीं। इस मुठभेड़ के बाद, पुलिस ने कुल छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# पत्नी की हत्या कर थाने जाकर किया आत्मसमर्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में बुधवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। यहां एक 28 वर्षीय युवक ने अपनी 23 वर्षीय पत्नी की गला घोंटकर निर्ममता से हत्या कर दी।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति मौके से भागने के बजाय सीधे पुलिस थाने पहुंचा और पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। अभी तक की पूछताछ में पता चला है कि दंपत्ति के बीच काफी समय से एक दूसरे के विवाहेत्तर संबंधों के शक में विवाद चल रहा था और इसको लेकर उनका झगड़ा होता रहता था।



पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा के अनुसार, सोमवार तड़के वेलकम स्थित जनता मजदूर कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय दीपक ने वेलकम थाने पहुंचकर ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को चौंका दिया। उसकी बात सुनकर पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। उसने पुलिस को बताया कि उसने झगड़े के बाद अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी है और उसका शव घर के अंदर पड़ा हुआ है। वह आत्मसमर्पण करने आया है।

पुलिस तुरंत हरकत में आई और बिना समय गंवाए बताए गए पते पर पहुंची। जब पुलिस टीम जनता मजदूर कॉलोनी स्थित दीपक के घर के अंदर दाखिल हुई तो वहां फर्श पर उसकी 23 वर्षीय पत्नी बेसुध पड़ी मिली। आनन-फानन में महिला को उपचार के लिए पास के जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

इधर, वारदात स्थल की गहनता से जांच के लिए क्राइम व एफएसएल की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। स्थानीय पुलिस के साथ ही सभी टीमों ने मौके से आवश्यक सुराग जुटाए हैं। पुलिस हत्या की धारा में मामला दर्ज करके जांच व घटनाक्रम की पुष्टि करने की कोशिश कर रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीयू में कई विभागों के लिए एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को मिली स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व. विद्यालय अकादमिक परिषद (एसी) की 1026वीं बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक के दौरान कई विभागों के लिए एक वर्षीय स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

गौरतलब है कि एनईपी 2020 के अनुसार दिल्ली विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक का चौथा वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इसलिए आगामी शैक्षणिक स्तर से एक वर्षीय पीजी कोर्स शुरू होने जा रहे हैं। अकादमिक परिषद की इस बैठक के दौरान विभिन्न संकायों के अंतर्गत, 'स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम ढांचा 2024' (पीजीसीएफ) पर आधारित पाठ्यक्रमों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

सामाजिक विज्ञान संकाय एवं भाषाओं जैसे कुछ विभागों के विषयों में स्कोप्स जर्नल्स की अनुपलब्धता के कारण पेपर प्रका. शित होने में कठिनाई के मुद्दे पर विचार विमर्श के उपरांत कुलपति ने सभी विभागों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने फील्ड के 20-20 बेस्ट जर्नल्स की लिस्ट बनाएं और 30 दिन के अंदर उसे सबमिट करें। उन्होंने कहा कि विभाग जर्नल्स के लिए मानदंड तय करें और उनके लिए अंक निर्धारित करें। उसके आधार पर ही नंबर देकर जर्नल्स की वरीयता सूची तैयार करें।

बैठक के आरंभ में जीरो ऑवर के दौरान अकादमिक परिषद के सदस्यों ने अनेकों मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता द्वारा एजेंडा प्रस्तुत किया गया जिस पर सभी सदस्यों द्वारा चर्चा हुई।



दिल्ली विवि अकादमिक परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. योगेश सिंह।

## एक नजर

### रोहिणी की झुग्गियों व कबाड़ में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहिणी की झुग्गियों और कबाड़ में लगी आग में तीन लोगों की मौत हो गई है। दमकल अधिकारी के अनुसार आग कल देर रात लगी। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है और अब स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। दमकल अधिकारियों के अनुसार बुध विहार में एक ऐसे भूखंड में आग लग गई, जहां झुग्गियां बनी हुई थीं और कबाड़ जमा किया जाता था। आग रात करीब 1:25 बजे लगी और छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। तीन लोगों की मौत हो गई। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है।

### प्लास्टिक कचरा घटाने को संभावनाओं का अध्ययन शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने प्लास्टिक कचरे से बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डिपॉजिट रिटर्न स्कीम (डीआरएस) लागू करने की संभावनाओं का अध्ययन शुरू कर दिया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पर्यावरण विभाग को निर्देश दिए हैं कि वह इस योजना के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत अध्ययन कर एक महीने के भीतर प्रस्ताव तैयार करे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए बहुस्तरीय प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में आयोजित मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्लास्टिक और अन्य नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे से उत्पन्न गंभीर समस्याओं पर चर्चा की गई। मंत्री ने बताया कि यह कचरा नालों को जाम करने, जल स्रोतों को प्रदूषित करने, मिट्टी को नुकसान पहुंचाने और खुले में जलने से वायु प्रदूषण बढ़ाने का कारण बन रहा है। डीआरएस अन्य राज्यों में सफल रही है और दिल्ली को भी अपनी शहरी जरूरतों के अनुसार इसे अपनाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि गोवा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में लागू मॉडलों का अध्ययन कर दिल्ली के लिए उपयुक्त ढांचा तैयार किया जाए।

### मुरथल घुमाने के बहाने अगवा कर किया यौन उत्पीड़न

**नई दिल्ली।** रंजीत नगर में अपने दोस्त से मिलने निकली 17 वर्षीय एक किशोरी को एक युवक ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। आरोपी पीड़िता को पहले मुरथल ले गया। वहां से वापसी के दौरान आरोपी ने एक होटल में किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में वह किशोरी को जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास छोड़कर फरार हो गया। रातभर किशोरी घर से गायब रही तो घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। अगले दिन किशोरी को सकुशल बरामद किया गया। छानबीन में जब किशोरी के साथ दुष्कर्म का पता चला तो टीम ने दुष्कर्म और पॉक्सो की धारा जोड़कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अज्ञात बदमाश का सुराग मिला। उसके आधार पर जांच करते हुए टीम आईएसबीटी कश्मीरी गेट पहुंची। वहां से आरोपी को दबोच लिया गया। इसकी पहचान समयपुर बादली निवासी मोहन जायसवाल (35) के रूप में हुई है। आरोपी बिहार भागने का प्रयास कर रहा था। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी केएन काटजू मार्ग एरिया में दुष्कर्म के मामले में 10 साल से फरार था।

### द्वारका टनल के ऊपर बनी सड़क पर जल्द ही फर्राटा भर सकेंगे वाहन

**नई दिल्ली।** द्वारका में ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। सेक्टर-21 पैसिफिक मॉल के पास स्थित एलिफेंट चौक से एनएच-8 तक सड़क को नए तरीके से तैयार किया जा रहा है, इससे यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। इस योजना के तहत एलिफेंट चौक पर लगी हाथियों की मूर्तियों को हटा दिया गया है और सड़क का नया अलाइनमेंट तैयार किया है। अब इस रास्ते से वाहन सीधे द्वारका टनल के ऊपर बनी सड़क (सरफेस रोड) से होते हुए एनएच-8 तक जा सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने इस मुद्दे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सामने उठाया था। लगातार प्रयासों और बातचीत के बाद एनएचएआई इस बदलाव के लिए तैयार हुआ। इसके बाद तेजी से काम शुरू हुआ और अब सड़क पर डामर बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है।

## ऑटो-लिफ्टर को पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस के तिलक नगर थाने के सतर्क स्टाफ ने एक ऑटो-लिफ्टर को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से दो घ्च्चोरी की बाइक बरामद किया है।आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने बताया कि 13 अप्रैल को जब तिलक नगर थाने के हेड कांस्टेबल प्रदीप,धर्मवीर और कांस्टेबल. महेंद्र की टीम तिलक विहार इलाके में गश्त पर थी, तो उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति रोहित उर्फ गोली (25) को देखा और उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान,पुलिस ने तिलक नगर के श्मशान घाट के पास से एक बाइक बरामद हुई।

# झुग्गियों में लगी आग, बच्ची समेत माता-पिता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुध विहार स्थित मांगे राम पार्क इलाके में एक प्लॉट में बनी पांच से छह झुग्गियों में आग लग गई। हादसे में दो साल की बच्ची और उसके माता पिता के चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात 12 बजकर 54 मिनट पर बुध विहार पुलिस को आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। दमकलकर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने आधा दर्जन गाडियों की मदद से आग पर कुछ ही मिनट में काबू कर लिया था। दमकल अधिकारियों ने बताया कि करीब ढाई सौ गज के प्लॉट में पांच झुग्गी थी। जिसमें अलग अलग परिवार रहता था। सभी कबाड़ बिनने का काम करते थे। प्लॉट में प्लास्टिक आदि भी भारी मात्रा में रखा हुआ था। आग कहां से शुरू हुई थी। किसी को नहीं पता चला था। सर्च ऑपरेशन में एक कोने वाली जली झुग्गी से एक दो साल की बच्ची महिला और पुरुष का शव पूरी तरह से जला हुआ शव जले हुए कबाड़ में से मिला। जिसको बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया गया था। तीनों शवों की पहचान करना काफी मुश्किल थी। तीनों शव पूरी तरह से जल चुके थे। जिनकी पहचान मुसीब. ुर,पत्नी मुरार और दो साल की बेटी मोई माला के रूप में हुई। जिनके बारे में बताया गया कि वे वेस्ट बंगाल के रहने वाले थे और कुछ साल से ही यहां पर रह रहे थे। बाकी झुग्गी में रहने वाले या तो समय रहते बाहर निकल गए थे। या फिर परिवार अपने मूलत घर गए हुए थे।

# केजरीवाल ने कोर्ट में दाखिला किया एफिडेविट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केजरीवाल ने शराब घोटाला मामले की सुनवाई कर रहीं जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को फिर से हटाने की मांग की है। उन्होंने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में एक और एफिडेविट दाखिल किया। केजरीवाल ने इसमें जज के दोनों बच्चों का मुद्दा उठाया है। नया हलफनामा दाखिल कर जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के खिलाफ नये आरोप लगाते हुए सुनवाई से हटने की मांग की है। केजरीवाल ने एफिडेविट में लिखा, जज के दोनों बच्चे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ काम करते हैं। तुषार मेहता उनके बच्चों को केस देते हैं। तुषार मेहता सीबीआई की तरफ से पेश होने वाले वकील हैं। ऐसे में जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा तुषार मेहता के खिलाफ आदेश कैसे जारी कर पाएंगी?

दिल्ली हाई कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया है कि वह सोशल मीडिया पर चल रहे उन सभी वीडियो को हटवाएं, जिनमें अरविंद केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत में जिरह करते हुए दिखाया गया है।



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा के करीबी सहयोगी को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश किया।

# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा का करीबी सहयोगी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शाहबाज अंसारी के अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी और आतंकी मॉड्यूल के रिसीवर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके पास से एक अत्याधुनिक हथियार और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी लगैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा का करीबी सहयोगी है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 216 जिंदा कारतूसों के साथ 24 विदेशी निर्मित अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि शाहबाज अंसारी के अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी और आतंकी मॉड्यूल से संबंधित मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में इंस्पेक्टर मान सिंह और सुंदर गौतम के नेतृत्व में टीम ने अवैध हथियारों के रिसीवर हर्ष पाल सिंह उर्फ रूबल (31) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके पास से एक अत्याधुनिक हथियार और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी हर्ष पाल सिंह उर्फ घ्रूबल से पुलिस पूछताछ के दौरान, मोनू सरदार नाम के एक व्यक्ति की भूमिका भी सामने आई है। मोनू सरदार पहले हर्ष पाल सिंह उर्फ रूबल का करीबी सहयोगी था।

फिलहाल, बताया जा रहा है कि मोनू सरदार दुबई में रहता है, जहाँ से वह कथित तौर पर विदेशों में स्ट्टेबा. जी के ऑपरेशन्स को संभाल रहा है। वह जेल में बंद गैंगस्टर हासिम बाबा का करीबी सहयोगी है और इस गैंग को वित्तीय सहायता तथा अवैध हथियार कराता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी हर्ष पाल सिंह उर्फ रूबल को पहले एक हत्या/ मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

# विश्व बंजारा दिवस पर भव्य आयोजन के लिए बंजारा समाज ने जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व बंजारा दिवस पर अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में हुए भव्य आयोजन के लिए बंजारा समाज ने कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा से मिलकर दिल्ली सरकार का आभार व्यक्त किया।

समस्त बंजारा समाज, दिल्ली प्रदेश एवं बंजारा विमुक्त कल्याण संघ, दिल्ली प्रदेश के प्रतिनिधियों ने पहली बार हुए इतने व्यापक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन में 15 राज्यों के करीब 2000 लोगों ने सहभागिता की। इनमें समाज से जुड़े प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बंजारा समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज को प्रोत्साहन मिला है और यह विश्वास बढ़ा है कि समाज की प्रगति को लेकर सरकार का पूरा सहयोग है।

कपिल मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2014 में नये भारत की यात्रा शुरू हुई और देश के असली गौरव और इतिहास को सम्मान और पहचान मिलनी शुरू हो गई। यशस्वी प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में विमुक्त्, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू जातियों को पहली बार देश और दिल्ली में उचित सम्मान और प्रोत्साहन मिल रहा है। बंजारा समाज ने भारत के इतिहास, संस्कृति और व्यापारिक परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बंजारा दिवस पर यह आयोजन बंजारा समाज के शौर्य, सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और राष्ट्र निर्माण में योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सफल प्रयास रहा। इस अवसर पर हुकुम सिंह राठौड़ संयोजक बंजारा घुमंतू प्रकोष्ठ, कविता राठौड़ कार्यक्रम संयोजक, हरीश, आदि ने इस भव्य आयोजन के लिए दिल्ली सरकार का आभार जताया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाला पैदल मार्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने मधुवन चौक पर सैकड़ो महिलाओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निकाली गई पैदल मार्च में शामिल हुए। पूर्वी दिल्ली के विभिन्न इलाकों से आई महिलाओं ने निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन से लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन तक पैदल मार्च कर अपना समर्थन दिया। इस मार्च में जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा और दीपक गाबा, प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर अनिल गुप्ता सहित कई निगम पार्षद और सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** प्रवीन निमेष ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती है। जो भाजपा गोकलपुर कार्यालय पर ही नहीं बल्कि पूरे संसार में बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। और आधुनिक भारत के शिल्पकार जिन्होंने भारत को संविधान दिया जिनके पास सबसे ज्यादा लगभग 32 डिग्रिया थी। उनसे हमें प्रेरणा भी लेनी चाहिए और उनके बताएं रास्तों पर चलना भी चाहिए यही हमारा कर्तव्य है। प्रवीन निमेष ने कहा कि इसके लिए मैं अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद कहूंगा कि जिन्होंने पंच तीर्थ बनाकर बाबा साहब के सम्मान में जो काम किया है

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# डॉ. भीमराव राव अंबेडकर जी की जयंती पर किया माल्यार्पण



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** सामाजिक, समरसता के प्रतीक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव राव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर अन्य कई स्मारकों पर माल्या अर्पण कर कार्यक्रमों में उपस्थित रहना हुआ जनसमूह के उत्साह और बाबा साहेब के विचारों के प्रति समर्पण ने कार्यक्रमों को और भी गरिमामय बना दिया। सेवा, समर्पण और मानवता के उनके आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं कार्यक्रमों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह, मोदीनगर शहर अध्यक्ष मनोज त्यागी, मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष अरुण शर्मा, नीरज चौधरी, सतपाल सलेमाबाद आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# आईटीएस कॉलेज द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया छात्रों का जन्मदिन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** आईटीएस डेन्टल कॉलेज द्वारा हॉस्टल में रहने वाले बीडीएस एवं एमडीएस पाठ्यक्रम के छात्रों का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में उत्सवपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान केक कटिंग, शुभकामनाओं का आदान-प्रदान एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की सभी फैकल्टी ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्रों से वार्तालाप की तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना।

उन्होंने संबंधित मुद्दों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए, जिससे छात्रों में संतोष एवं विश्वास का वातावरण बना। अर्पित चड्ढा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल छात्रों के मनोबल को बढ़ाते है, बल्कि संस्थान और छात्रों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने में भी सहायक होते है। संस्थान छात्रों के समग्र विकास एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम आईटीएस डेंटल कॉलेज में नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें हॉस्टल के सभी छात्र-छात्राओं को, जिनका जन्मदिन उस महीने मे होता है, उन्हें परिवार की तरह जन्मदिन मनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। अंत में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये सभी छात्रों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया।

# परशुराम शोभा यात्रा को लेकर त्यागी ब्राह्मण सभा ने की बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** भगवान परशुराम धर्मशाला मे त्यागी ब्राह्मण सभा द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे प्रत्येक वर्ष निकलने वाली भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा के संदर्भ मे चर्चा हुई जिसमे तय हुआ की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव 10 मई को मनाया जायेगा शोभा यात्रा सीकरी कला से शुरू होकर कपड़ा मिल भगवान परशुराम मंदिर पर समापन होंगी और भगवान की शोभा यात्रा निकाली जाएगी इस मौके पर अलोक कौशिक सभासद, ललित त्यागी सभासद, प्रदीप शर्मा सभासद, दीपक वत्स पूर्व सभासद, पप्पन शर्मा, नंदकिशोर त्यागी, डॉ श्रवन शर्मा, एड अमित शर्मा, ऋषि शर्मा, ललित शर्मा, सुनील शर्मा, संजय तिवारी, रमाकांत डिमरी, आदित्य शर्मा, शुभम शर्मा, मनोज शर्मा, निरंजन तिवारी, प्रभास शर्मा, नितिन शर्मा, मुकेश शर्मा, हरिओम शर्मा, विनीत शर्मा, राहुल शर्मा, प्रमोद शर्मा, आदि गणमान्य लोग उपस्थिति रहे!

# छाया पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में रचा नया इतिहास

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** गोविंदपुर स्थित छाया पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में अलग-अलग विषयों में सत प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा है नैना अग्रवाल ने हिंदी जैसे विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर मोदीनगर का गौरव बढ़ाया है अन्य विषयों में भी बच्चों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने विषय में अधिकतम अंक हासिल किये स्कूल के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाकर उनको आशीर्वाद दिया प्रधानाचार्य डॉक्टर अरूण त्यागी ने बताया की विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा सभी बच्चों ने उम्मीद से ज्यादा उम्दा प्रदर्शन कर स्कूल के साथ-साथ शहर का गौरव बढ़ाया है सांसद डॉ राजकुमार सागवान, विधायक डॉ मंजू सिवाच नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली आदि गणमान्य लोगों ने बच्चों की सफलता के लिए बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर स्कूल की शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में ऑपरेशन प्रहार के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में "ऑपरेशन प्रहार" के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी उपासना पांडेय, एसएचओ सचिन मलिक, एजुकेशन अकादमी के समन्वयक जी. के. कौल, मनोवैज्ञानिक डॉ. संस्कृति सिंह, ऑपरेशन प्रहार के पुलिस सेवा समन्वयक वीरेश चंद्र सिंह, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी प्रिंसी तथा साइबर सेल केंद्र प्रभारी तेजवीर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत गीत से हुई, जिसने सभी अतिथियों का दिल जीत लिया। इसके बाद छात्राओं ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें नशा-लत और साइबर अपराध जैसे गंभीर विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया गया। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में छात्राओं को नशे की लत, साइबर फ्रॉड और अन्य सामाजिक बुराइयों के प्रति सजग रहने तथा उनके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा, सतर्कता और सही समय पर कार्रवाई करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय की प्राचार्या पूनम शर्मा, उप-प्राचार्या पूजा श्रीवास्तव एवं बीनू गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त बनाना रहा, जो सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

# एसआरएम में खेल 2026 का भव्य शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद द्वारा "खेल 2026" का भव्य उद्घाटन समारोह 15 अप्रैल 2026, बुधवार को ईश्वरी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह, अनुशासन एवं उत्कृष्टता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। डॉ. नवीन अहलावत, डीन ख्र कैंपस लाइफ एवं संयोजक, खेल 2026 ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। डॉ. धौमया भट्ट, डीन - आईक्यूएसी ने "फेयर प्लेय, रिस्पेक्ट एंड एंड इंटेग्रिटी" विषय पर अपने विचार साझा किए और खेल भावना में नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस के बाद डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन ने "चेजिंग एंड ऑफ द फील्ड" विषय पर संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को खेल और जीवन दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने "विनिंग माइंडसेट्स : लेसन्स फ्रॉम द फील्ड" विषय पर अपने विचार व्यक्त किए और विजेता मानसिकता के निर्माण पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन देशवाल (भारतीय कबड्डी खिलाड़ी एवं डीएसपी, उत्तर प्रदेश पुलिस - स्पोर्ट्स) ने 10:30 बजे उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा करते हुए छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

# विधायक व चेयरमैन ने किया डॉ. भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा पर माल्यार्पण



शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर भव्य जनसभा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर जी के विचारों पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा दिए गए समानता, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय के संदेश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# निवाड़ी व पतला के नामित सभासदों का हुआ शपथ ग्रहण





शाह टाइम्स संवाददाता

**मोदीनगर।** नगर पंचायत निवाड़ी कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मोदीनगर अजित कुमार ने कस्बा निवाड़ी व पतला के छह नामित सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नगर पंचायत निवाड़ी की संगीता त्यागी,रजनीश त्यागी ,सतेंद्र वाल्मीकि व पतला के शंकर प्रजापति,राजेंद्र कुमार सैनी, सोहित को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी व निवाड़ी एवं पतला कि ईओ आंचल पांडेय ने कि व संचालन अधिवक्ता बिजेंद्र वाल्मीकि ने किया।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी ने नामित सभासदों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदीप त्यागी, वीरेंद्र पहलवान, राकेश त्यागी, जितेंद्र त्यागी, श्यामसुंदर त्यागी, भकियू नेता वीरेद्र त्यागी, अमित मोनू, साधन सहकारी समिति के सभापति प्रवीण त्यागी, राजभूषण त्यागी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जय भीम के नारों से गूंजा गाजियाबाद, सिकंदर यादव ने दी श्रद्धांजलि



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर शहर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में समाजसेवी सिकंदर यादव ने अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर बाबा साहब को नमन किया और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। वे अंबेडकर पार्क, नवयुग मार्केट में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान लड्डू वितरण किए गए तथा उपस्थित लोगों को बाबा साहब की तस्वीरें भेंट की गईं, जिससे उनके विचारों को व्यापक स्तर पर फैलाने का संदेश दिया गया। इसके बाद वे मुरादनगर (सूराना क्षेत्र) में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इसके पश्चात वे विजयनगर क्षेत्र में भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान अपने संबोधन में सिकंदर यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल एक महान नेता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के सबसे बड़े प्रतीक हैं। उन्होंने हमें संविधान के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता और अधिकारों की ताकत दी।

आज हम सबका कर्तव्य है कि हम उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में शिक्षा, भाईचारा और समानता को आगे बढ़ाएं। बाबा साहब का सपना था एक ऐसा भारत जहां हर व्यक्ति को बराबरी का हक मिले, और हमें मिलकर उस सपने को साकार करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने मिलकर समाज में समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# सपा लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों ने धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारियों ने विभिन्न विभिन्न जगह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती बहुत ही धूमधाम से जिला गाजियाबाद की लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद असलम कुरैशी द्वारा माला अर्पण कर मनाई गई एवं लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभिन्न जगह बाबा साहब के सम्मान में जयंती पर फूल अर्पित कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बाबा खान जिला उपाध्यक्ष इंदिरापुरम तरुण जाटव महासचिव मोदीनगर प्रमोद यादव लोनी गुलफाम इदरीसी लोनी आदि उपस्थित रहे।

विजया स्वप्न फाउंडेशन के द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर

# सफाई अभियान एवं कचरा पृथक्करण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** विजया स्वप्न फाउंडेशन द्वारा नगर निगम के सहयोग से भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर हिंडन नदी सफाई अभियान एवं कचरा पृथक्करण (सेग्रीगेशन) जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंडन नदी को स्वच्छ बनाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को कचरे के सही प्रबंधन एवं पृथक्करण के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नदी किनारे सफाई अभियान चलाया। साथ ही लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर संस्था की संस्थापिका ममता शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसमें समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। अंबेडकर जयंती जैसे प्रेरणादायक अवसर पर इस प्रकार का आयोजन समाज को स्वच्छता और जिम्मेदारी का संदेश देता है। विजया स्वप्न फाउंडेशन और नगर निगम गाजियाबाद ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कचरे का सही तरीके से निस्तारण करें तथा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

# वाणी शुक्ला सिंह ने किया अनोखा सॉफ्टवेयर विकसित



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र की रहने वाली वाणी शुक्ला सिंह ने पूरे भारत में चर्चा का विषय बन चुका एक अनोखा सॉफ्टवेयर विकसित किया है। यह आधुनिक तकनीक आंखों को स्कैन करके यह पता लगाने का दावा करती है कि कोई व्यक्ति किस प्रकार की किस्मत लेकर पैदा हुआ है। यह सॉफ्टवेयर व्यक्ति के स्वभाव, जीवन की दिशा और भविष्य की संभावनाओं का विश्लेषण करता है। विशेषज्ञ इसे टेक्नोलॉजी और भाग्य विज्ञान का अद्भुत संगम बता रहे हैं, जो देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह अनोखा आविष्कार अब पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है, और लोग इसे अनुभव करने के लिए उत्साहित हैं।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में ऑपरेशन प्रहार पर जागरूकता सत्र आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत एक जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन कवि नगर के थाना प्रभारी प्रेम सिंह द्वारा किया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा, अनुशासन तथा जिम्मेदार व्यवहार के प्रति जागरूक करना था। अपने संबोधन में प्रेम सिंह ने बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार' पुलिस की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य अपराधों की रोकथाम करना तथा समाज में सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क रहने, सही निर्णय लेने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना बिना संकोच देने के लिए प्रेरित किया। यह सत्र अत्यंत संवादात्मक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अपने वास्तविक जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे। प्रेम सिंह एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान व्यावहारिक सुझावों एवं सरल उदाहरणों के माध्यम से किया। सत्र का समापन विद्यार्थियों और कानून-व्यवस्था तंत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के सशक्त संदेश के साथ हुआ। यह सत्र सभी के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध हुआ।

# आईटीएस मोहन नगर में हास्य कविता पाठ का मंचन

**आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस प्रकार के आयोजन हेतु सभी को अपनी शुभकामनाएं दी तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की**



शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस के चाणक्य ऑडिटोरियम में शंभू शेखर भारतीय हास्य कलाकार एवं उपन्यासकार द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों हेतु हास्य कविता पाठ का सफल एवं आकर्षक मंचन किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम हास्य कवि शंभू शेखर आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, आईटीएएस के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार, प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार पांडेय, निदेशक, आई. टी. एस गाजियाबाद तथा डॉ. नैन्सी शर्मा, प्राचार्या, यू.जी. कैंपस

आई.टी.एस, मोहन नगर, गाजियाबाद द्वारा मां सरस्वती के समक्ष पारंपरिक दीप प्रज्वलन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य एक ऐसा प्रेरणादायक एवं बौद्धिक रूप से स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों में समृद्ध हास्य पूर्ण वातावरण प्रदान करना था।

आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस प्रकार के आयोजन हेतु सभी को अपनी शुभकामनाएं दी तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने विशिष्ट अतिथि शंभू शेखर को पुष्पगुच्छ, शॉल, उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने अतिथि वक्ता एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात शंभू शेखर ने पुनः श्रोताओं को संबोधित किया। अंततः यह सत्र अत्यंत प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन समूह छायाचित्र के साथ किया गया, जिससे इस यादगार अवसर को संजोया जा सके।

# भव्य भीम महोत्सव में चिकित्सा सेवाएं प्रदान की



शाह टाइम्स संवाददाता

**मुरादनगर।** शहर के प्रमुख समाजसेवी संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन ने हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी बाबा भीमराव अम्बेडकर के 135 वे जन्मदिन को भव्य भीम महोत्सव में आये हुए लोगों की सेवा करके मनाया। संगठन के कार्यकर्ताओं एवं डाक्टरो ने महोत्सव में आये हुए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित औषधि प्रदान की। इस अवसर पर डॉ राजपाल तोमर, डॉ फहीम सैफी, मोहसिन भादोली आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव पी.सी.एस. जे**
**(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10)**
**मूल वाद संख्या 1223/2025**
**(कम्प्यूटर सं.- 1287/2025)**

श्रीमती निजला देवी पत्नी सुनील कुमार, आयु करीब 42 वर्ष, निवासी-निर्मल विहार कालोनी, परगना व तहसील लोनी, थाना- अंकुर विहार, जिला-गाजियाबाद, उ.प्र.।

...वादी

**बनाम**

1. शम्भू पुत्र स्व. श्री जगनारायण। 2. शोभा पत्नी श्री शम्भू, निवासीगण निर्मल विहार कालोनी, परगना व तहसील लोनी, थाना- अंकुर विहार, जिला-गाजियाबाद, उ. प्र.।

..... प्रतिवादीगण

श्रीमती निजला देवी पत्नी सुनील कुमार ने शम्भू आदि आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते व्यादेश व घोषणात्मक डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 08.05.2026 को दिन में प्रातः 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद / आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 03.04.2026 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी.डि.) गाजियाबाद।**

# दिल्ली में एलपीजी, की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि वर्तमान वैश्विक भू-राजनी. तिक परिस्थितियों के बावजूद राजधानी में एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, स्थिर एवं पर्याप्त बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली की सभी गैस एजेंसियों एवं बॉटलिंग प्लांट्स पर एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और विभिन्न माध्यमों से हो रही आपूर्ति के चलते निर्बाध वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 1.25 लाख एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है, जो सामान्य मांग के अनुरूप है, जबकि औसत डिलीवरी समय 4 से 5 दिन बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी की जा रही है।

घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को एसएमएस, आईवीआरएस, वॉट्सऐप एवं ऑनलाइन पोर्टल जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिए एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। डिलीवरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ओटीपी आधारित डिलीवरी ऑथेंटिकेशन प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत प्रतिदिन 90 प्रतिशत से अधिक डिलीवरी का सत्यापन किया जा रहा है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानक. ारी दी कि एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) योजना के अंतर्गत 5 किग्रा एलपीजी सिलेंडर प्रवासी श्रमिकों के लिए गैस एजेंसियों पर उपलब्ध कराए गए हैं।

वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर ये सिलेंडर प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सभी जिलों में संबंधित डीएम, एसडीएम, एफएसओ (खाद्य आपूर्ति अधिकारियों) के सहयोग से विशेष शिविर एवं आउटरीच अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जहां गैस एजेंसियों के प्रति. निधि जरूरतमंदों को 5 किग्रा. सिलेंडर उपलब्ध कराने एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए उपस्थित रहते हैं।मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य स्तरीय समन्वयक (दिल्ली) एवं एचपीसीएल के डीजीएम-रिटेल श्री बनय सिंह ने बताया है कि तेल विपणन कंपनियां उपभोक्ताओं की प्रतिक्रियाओं एवं शिकायतों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

जहां कहीं भी किसी वितरक द्वारा कालाबाजारी, जमाखोरी, डायवर्जन या अन्य अनियमित. ताओं की शिकायत प्राप्त हुई है, वहां दिल्ली पुलिस एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सहयोग से विशेष टीमों को तैनात कर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक 540 से अधिक छापेमारी की जा चुकी है, जिनमें 2027 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं तथा 44 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए विकास भवन स्थित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में केंद्रीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, घबराहट में बुकिंग या अनावश्यक भंडारण से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है।

# सीबीएसई 10वीं के नतीजे जारी 93.70 प्रतिशत स्टूडेंट्स हुए पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। यह परिणाम शाम 4 बजे जारी हुए हैं। आप अपने रिजल्ट तमेनसज. बइेम.दपब.पद 2026 पर देख सकते हैं।

सीबीएसई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल 93.70 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। बीते वर्ष से कुल पास प्रतिशत 0.04 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। इसके साथ ही लाखों छात्रों का इंतजार भी आज खत्म हो गया है। यह घोषणा उन सभी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है जिन्होंने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा दी थी। 10वीं में कुल 23,16,008 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बीते वर्ष से देखे तो ये आंकड़ा बढ़ा हुआ है। बीते वर्ष 22,21,636 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। कुल मिलाकर 10वीं में 93.70 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

इस बार 10वीं में त्रिवेंद्रम रीजन पहले, विजयवाड़ा दूसरे और चेन्नई तीसरे नंबर पर है। दिल्ली पश्चिमी पांचवें और दिल्ली पूर्वी रीजन छठवें नंबर पर है। पिछले वर्ष के मुकाबले दिल्ली रीजन के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पिछले वर्ष दिल्ली पश्चिमी सातवें और दिल्ली पूर्वी रीजन आठवें नंबर पर था। वहीं पटना जोन की बात करें तो वहां 82.86% छात्र सफल हुए हैं।सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में 2.20 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए, जबकि 55,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। लड़कियों ने इस बार भी रिजल्ट में बाजी मारी और कुल 94.99 प्रतिशत लड़कियां पास हुईं।

हालांकि, बोर्ड ने इस वर्ष भी मेरिट सूची नहीं जारी की है। बोर्ड 0.1 प्रतिशत छात्रों को योग्यता प्रमाण पत्र जारी करेगा, ये वो छात्र होंगे जिन्होंने विषयों में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

# सोनीपत-बहादुरगढ़ में रेड, गुर्गों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को सुरक्षित रखने के लिये नॉर्दन रेंज की तीन जिला पुलिस ने दिल्ली एनसीआर में दर्जनों बदमाशों के ठिकानों पर छापेमारी करके आई गैंग के गुर्गों को गिरफ्तार करके छह संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इन सभी से भारी मात्रा में हथियार,वाहन व फोन बरामद किये हैं। पकड़े गए आरोपियों से स्पेशल सेल समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ समय में बवाना आदि इलाके में गोली मारकर हत्या करने और उनके पीछे किसी सक्रिय गैंग के होने की बात पता चला थी। बदमाशों के बारे में यह भी पता चला था कि गैंग दिल्ली समेत एनसीआर में भी अपने ठिकाने बनाकर मौका देखकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। नॉर्दन रेंज की तीनों जिला पुलिस की चार सौ 30 पुलिसकर्मियों की 24 टीमें बनाई गई। जिन्होंने अपने ह्यूमैन सॉर्स की मदद से गैंगस्टरों और उनके गुर्गों के ठिकानो के बारे में पता किया। पुख्ता जानकारी इक्ट्ठा करने के बाद पिछले 24 घंटे में पुलिस टीमों ने एक साथ उनके दिल्ली,सोनीपत और बहादुरगढ़ के ठिकानों पर रेड की।




दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में छात्रा का सम्मानित करते हुए।

# शिक्षा का उद्देश्य जिम्मेदार नागरिक बनाना: विजेंद्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंक अवसरों के द्वार खोल सकते हैं, परंतु अनुशासन, विवेक और राष्ट्रीय दायित्व की भावना ही यह निर्धारित करती है कि व्यक्ति जीवन में कितनी दूर तक जाता है," यह विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रधानाचार्य डॉ. राम सिंह, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का ही नहीं, बल्कि उस निरंतरता, परिश्रम और समर्पण का भी सम्मान है, जो सफलता को स्थायी बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि उपलब्धि तभी सार्थक होती है जब वह उद्देश्य और चरित्र से जुड़ी हो। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षण संस्थान ऐसे व्यक्तित्वों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो आगे चलकर सार्वजनिक जीवन, प्रशासन और बौद्धिक क्षेत्रों में सार्थक योगदान देते हैं।

## अधिकारी बनकर मांगे 50 हजार, पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शामली के दिल्ली रोड स्थित एक बर्तन निर्माण फैक्टरी में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग का अधिकारी बनकर अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी फरार हो गया।

सोमवार दोपहर तीन लोग फैक्टरी में पहुंचे और खुद को आयोग का अधिकारी बताते हुए संचालक सुभाष जैन पर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया। आरो. पियों ने 50 हजार रुपये की मांग करते हुए कहा कि रकम न देने पर फैक्टरी को सील कर दिया जाएगा। इस दौरान एक आरोपी ने आयोग का आई-कार्ड भी दिखाया, जिससे मामला और गंभीर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के उद्यमी मौके पर पहुंच गए और विरोध जताया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि तीसरा फरार हो गया। जिलाधिकारी अरविंद चौहान के निर्देश पर दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें वे फर्जी पाए गए। उनकी पहचान आबिद निवासी कैराना और ऋषिराज मलिक निवासी बड़ौत (जिला बागपत) के रूप में हुई है। फरार आरोपी का नाम जीशान बताया जा रहा है। उद्यमियों का कहना है कि आरोपियों ने पहले भी कई व्यापारियों और ईंट भट्ठा संचाल. कों से कार्रवाई का डर दिखाकर हजारों रुपये वसूले हैं। इससे यह मामला केवल एक घटना न होकर बड़े स्तर की वसूली का संकेत दे रहा है।

## धूल व धुएं के कणों में कमी, दिल्ली फिर भी सबसे प्रदूषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले सात वर्षों के दौरान हवा में मौजूद धूल और धुएं के कण (पीएम10) में 17 फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

यह जानकारी सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के एक अध्ययन में सामने आई है। राहत की बात होने के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के शहर अब भी देश के सबसे प्रदूषित इलाकों में शामिल हैं। यह अध्ययन नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के सात साल पूरे होने पर किया गया है। इसमें 2025-26 तक के एयर क्वालिटी डाटा का विश्लेषण शामिल है।

# बंगाल के लोगों का दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान: कपिल मिश्रा

**संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने 'बांग्ला दिवस' एवं पोइला बैसाख की दिल्ली सरकार की ओर से शुभकामनायें दीं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सचिवालय में बुधवार को बंगाल दिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने बंगाली नववर्ष के पहले दिन 'बांग्ला दिवस' एवं पोइला बैसाख की दिल्ली सरकार की ओर से शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में बंगाल का योगदान अप्रतिम है, साथ ही शिक्षा, विज्ञान, कला, साहित्य और सिनेमा में बांग्ला भाषियों ने पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया है।

कपिल मिश्रा ने कहा कि बंगाल के लोगों का देश और दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। कपिल मिश्रा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प की दिशा में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए यह आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सभी राज्यों के दिवस का आयोजन हो रहा है ताकि देश की विविध सांस्कृतिक पहचान को प्रोत्साहन मिल सके। कपिल मिश्रा ने कहा कि बंगाल की पहचान भारत के सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी आंदोलन के केंद्र के रूप में होती है। महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर जी ने भारत को राष्ट्रगान और बंकिमचन्द्र चटर्जी जी ने राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' दिया। कोलकाता को कभी भारत की बौद्धिक राजधानी कहा जाता था। सुभाष चन्द्र बोस जी जैसे महान स्वतंत्रता नायक का देश हमेशा ऋणी रहेगा।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवे. कानंद जी जैसे आध्यात्मिक गुरू और राजा राममोहन राय जी जैसे समाज सुधारकों ने नई चेतना का संचार किया। वहीं जगदीश चन्द्र बोस जी एवं सी. वी. रमन जी जैसे वैज्ञानिकों ने भारत का नाम विश्व में रोशन किया। बंगाल भारत की सांस्कृतिक आत्मा, बौद्धिक चेतना और राष्ट्रवादी भावना का प्रमुख केंद्र रहा है, जिसने देश को हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर सचिवालय में पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध रवीन्द्र नाट्यम, रवीन्द्र संगीत, बाउल संगीत, झुमैर नृत्य एवं धुनुची नृत्य के जरिये ढाक की थाप पर दुर्गा स्तुति एवं मनमोहक प्रस्तुति का दर्शकों ने आनंद लिया। करीब 22 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग की ओर से साहित्य कला परिषद ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# एसिड अटैक: दूल्हा के प्रेम में दुल्हन पर फेंका तेजाब, युवती गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गोकुलपुरी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 21 वर्षीय युवती पर तेजाब से हमला किया गया।

एक अन्य युवती ने कथित तौर पर अपने प्रेमी के होने वाले विवाह को लेकर यह खौफनाक कदम उठाया। जिस लड़के से पीड़िता की शादी होने वाली थी, उसी को आरा. पी युवती भी पसंद करती थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। जांच के दौरान सामने आया कि पीड़ित युवती की शादी तय हो चुकी थी। जिस लड़के के साथ उसकी शादी होने वाली थी उसी को आरोपी युवती भी पसंद करती थी और वह इस शादी को रोकना चाहती थी। जिसके चलते उसने खौफनाक साजिश रची।

पुलिस के अनुसार, 14 अप्रैल की दोपहर को गोकुलपुरी पुलिस स्टेशन में एक महिला पर तेजाब से हमला किए जाने की खबर मिली। पुलिस जब इंदिरा विहार इलाके में घटनास्थल पर पहुंची, तो पता चला कि पीड़ित 21 वर्षीय युवती को उसके परिजन पहले ही जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे।




दिल्ली सचिवालय में बंगाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में कला का प्रदर्शन करते कलाकार।

# राघव चड्ढा को केंद्र से मिली जेड श्रेणी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को गृह मंत्रालय ने जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है।

सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो (आईबी) की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंजाब सरकार द्वारा राघव चड्ढा को दी गई प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली गई है। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला आप नेता के संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में कथित विफलता के चलते उठाया गया है।

आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा पर संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में विफल रहने का आरोप लगाया था। आप ने कहा था कि उनकी निष्क्रियता पार्टी के सिद्धांतों के विरुद्ध है। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, राज्य आप अध्यक्ष अमन अरोड़ा और पार्टी नेता कुलदीप सिंह ढींगरा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि चड्ढा की कई महत्वपूर्ण मामलों पर चुप्पी निराशाजनक थी।

# सेफ स्कूल कैंपेन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री आशीष सूद ने 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित "अग्निशमन सेवा सप्ताह" के अवसर पर राजधानी के विद्यालयों एवं अस्पतालों में सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने हेतु शिक्षा और अग्नि शमन सेवा विभाग द्वारा आयोजित जन-जागरूकता अभियान का बरचुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस सघन अभियान का उद्देश्य "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल, दुर्घटना मुक्त समाज" के प्रति जन-भागीदारी बढ़ाना तथा आग से संबंधित दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक करना है।इसी क्रम में सूद ने "सुरक्षित विद्यालय" अभियान की भी शुरुआत की जिसके अंतर्गत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुदृढ़ किया जाएगा।इस अवसर पर दिल्ली सूद ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद करते हुए फायर सर्विस वीक - 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाने वाला यह सप्ताह देश के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। श्री सूद ने वर्ष 1944 में मुंबई के फोर्ट स्टिकिंग जहाज में लगी भीषण आग के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीर फायरमैन को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने इस वर्ष की थीम "सेफ स्कूल, सेफ हॉस्पिटल एंड ए फायर -सेफ अवेयर सोसाइटी ख्र टूगेदर फायर प्रोटक्शन ख्रका उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सूद ने बताया कि दिल्ली फायर सर्विस का मूल मंत्र वी सर्व टू सेव" है, और पिछले एक वर्ष में विभाग द्वारा 36,877 आपातकाल. ीन कॉल्स सफलतापूर्वक अटेंड की गई है। विभाग निरंतर अपनी तकनीक और प्रशिक्षण को सुदृढ़ कर राजधानी को सुरक्षित बनाने के लिए कार्यरत है।उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग आग से डरें नहीं बल्कि इससे जूझने के लिए अपने मन और अपने आप को तैयार और जागरूक रखें।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राबर्ट वाड्रा को समन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के शिकोहपुर में जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने कारोबारी राबर्ट वाड्रा समेत कई आरोपितों को समन जारी किया है। कोर्ट ने वाड्रा और अन्य आठ आरोपितों को 16 मई को पेश होने का निर्देश दिया है। अब कोर्ट द्वारा समन जारी होने के बाद मामले में अगली सुनवाई 16 मई को होगी, जहां सभी आरो. पितों को पेश होना होगा। यह समन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद जारी किया गया। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि फिलहाल जांच का दायरा सीमित है और इस चरण में केवल तकनीकी पहलुओं, विशेषकर क्षेत्राधिकार से जुड़े मुद्दों पर विचार किया जा रहा है। अन्य तर्कों पर आरोप तय होने के दौरान सुनवाई की जाएगी।

यह मामला वर्ष 2018 में दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें वाड्रा के साथ हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा समेत अन्य को नामजद किया गया था।

# महापौर को लेकर भाजपा में मंथन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम महापौर पद के लिए इस माह के अंत में होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा में हलचल तेज हो गई है। इस पर पार्टी नेताओं ने मंथन शुरू कर दिया है। इस संबंध में प्रदेश स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के नेता भी चर्चा कर रहे हैं।

पार्टी इस बार महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए महिला महापौर बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा किसी अनुभवी महिला पार्षद को इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंप सकती है। भाजपा के नेताओं के अनुसार, महिला महापौर के चयन के पीछे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर चल रहा राजनीतिक अभियान एक अहम कारण बन रहा है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले इस कानून के समर्थन में भाजपा दिल्ली में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चला रही है। ऐसे में महिला नेतृत्व को आगे बढ़ाकर पार्टी एक मजबूत और स्पष्ट राजनीतिक संदेश देना चाहती है।

# भीड़भाड़ वाली जगहों पे बनाते थे निशाना, 6 धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उतरी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने मोबाइल चोरों और चोरी के मोबा. इल फोन बेचने वाले एक अंतर-राज्यीय गैंग का भंडाफोड़ कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से 46 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें से 12 मोबाइल फोन अलग-अलग एफआईआर से जुड़े हुए हैं।गैंग के सदस्य दिल्ली और एनसीआर के साप्ताहिक बाजारों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर खरीदारी करने वालों के मोबाइल चोरी करने के लिए नाबालिगों का इस्तेमाल करते थे। दिल्ली के उतरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने बताया कि स्पेशल स्टाफ को एक गुप्त सूचना मिली कि मोबाइल चोरी में शामिल गैंग के सदस्य चोरी के मोबाइल फोन बेचने के लिए आईएसबीटी कश्मीरी गेट आने वाले हैं।

इस सूचना पर एसीपी ऑपरेशन विदुषी कौशिक की देखरेख में इंस्पैक्टर रोहित सारस्वत के नेतृत्व में टीम ने कश्मीरी गेट के पास एक रणनी. तिक जाल बिछाया।

# जेरियाट्रिक एम्बुलेंस सेवा शुरू करेगी सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपनी आपातक. ालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही 20 आधुनिक 'जेरियाट्रिक एम्बुलेंस' शुरू करने जा रही है। इन एम्बुलेंस को विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की मेडिकल जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। सभी एम्बुलेंस चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगी, जिससे आपातकालीन स्थिति में राजधानी दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों के लिए रिस्पॉन्स टाइम में सुधार होने के साथ ही बेहतर प्री-हॉस्पिटल देखभाल भी सुनिश्चित होगी। अभी सेंट्रलाइज्ड एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सर्विसेज अपने सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम (टोल-फ्री नंबर 102) के जरिए राजधानी में 331 एम्बुलेंस का संचालन कर रही है, जो 112 इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम के साथ भी जुड़ा हुआ है। 20 जेरियाट्रिक एम्बुलेंस के जुड़ने के बाद दिल्ली में कुल एम्बुलेंस की संख्या बढ़कर 351 हो जाएगी, जिससे राजधानी में आपातकालीन सेवाएं और ज्यादा मजबूत होंगी। दिल्ली सरकार चरणबद्ध तरीके से अपने एम्बुलेंस बेड़े को 1000 तक बढ़ाने की योजना बना रही है।

# समय से हो शिकायतों का निस्तारण:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने किसानों की समस्याओं को क्रमवार सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए।




शामली। जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने बारी-2 से किसानों की समस्याओं को सुनते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को प्राप्त समस्याओं का समय से समाधान किया जाने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने किसानों को आ श्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। किसान दिवस के अवसर पर शिकायत कैराना ओर कुड़ाना में गौशाला की भूमि पर अवैध कब्जा निस्तारण न करने के संबंध में संबंधित दोनों एसडीएम का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक शामली द्वारा किसानो को पूर्व किसान दिवस में प्राप्त किसानो की समस्या के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। आयोजित किसान दिवस में कृषकों द्वारा गन्ना भुगतान तथा असमायिक ओलावृष्टि में हुये नुकसान के मुद्दे प्रमुखता से उठाये गये। किसान दिवस में डाद्व ओमकार सिंह, कृषि वैज्ञानिक, केद्रवीद्र केद्र जलालपुर द्वारा आम की खेती के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। राजन जावला निवासी डांगरोल द्वारा बताया गया कि ग्राम डांगरोल माईनर में बडे खरपतवार खडे हैं, जिसके कारण पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसे कराने की मॉग की गई। कुलदीप पॅवार ग्राम नाला द्वारा मॉग की गई कि गाँव में बिजली के स्मार्ट मीटर लगे हैं, जिसमें किसी भी टाईम बिजली कट जाती है, लोगो को बिजली कट जाने का कारण पता नहीं चल पाता है। बिजली विभाग से स्मार्ट मीटर में बिजली कटने के कारणों से लोगो जागरूक कराने की माँग की गई। कपिल खाटियान निवासी ग्राम पिण्डौरा द्वारा मॉग की गई कि गन्ने के बकाया का भुगतान शीघ्र कराया। विदेश मलिक ग्राम चूनसा द्वारा मॉग की गई कि एनएचआई से कृषको की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया जाये, जिससे कृषकों की समस्या का समाधान किया जा सके। सान्ता प्रधान अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन शामली के द्वारा मॉग की गई कि कृषको की समस्याओं पर गम्भीरता से विचार करते हुये समय से समाधान किया जायें। सुनील पॅवार निवासी नाला द्वारा मॉग की गई कि यमुना नहर में कांधला डाक बंगला से दो सौ मीटर पहले ओर दो सौ मीटर बाद में रोड के नीचे पानी चल रहा है। जिसे ठीक कराया जाये। किसान दिवस में उक्त सभी सभी समस्याओं के ख्रष्टिगत जिलाधिकारी, द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाये किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसान दिवस में विनय कुमार तिवारी मुख्य विकास अधिकारी, शामली, प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक, शामली प्रदीप कुमार यादव जिला कृषि अधिकारी, शामली आरएस कुशवाहा, जिला गन्ना अधिकारी, शामली, सतेन्द्र मान, जिला उद्यान अधिकारी, तथा सभी विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृषक अजित सिंह ग्राम बनत, राजन जावला, निवासी ड्गरोल, ऋषिपाल सिंह ग्राम कुडाना, श्रीमती कविता चौधरी निवासी पिण्डौरा, योगेन्द्र निवासी तलवा माजरा आदि किसान उपस्थित रहें।

## नवविवाहिता को जहर पिलाकर घर से निकाला

**कैराना।** मोहल्ला इस्लामनगर में दहेज को लेकर एक नवविवाहिता के साथ मारपीट कर उसे कथित रूप से जहर पिलाने और घर से निकालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

पीड़िता आईसा पुत्र अुजाल निवासी मोहल्ला इस्लामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व इसी मोहल्ले के दिलशाद पुत्र नाजर के साथ हुई थी। उसके पास दो माह का एक बेटा भी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति दिलशाद व ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, ससुराल पक्ष के लोग उसे ताने देते हुए कहते हैं कि वह हभूखे घरह की है और उसके मायके वालों ने दहेज में कुछ नहीं दिया। विरोध करने पर उसके साथ आए दिन मारपीट की जाती है। तहरीर में आरोप है कि 12 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे पति दिलशाद, सास रकीबा पत्नी नाजर और जुलुान पुत्र नाजर उसके पास आए और उसे अपमानित करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पति ने उसे तीन तलाक देने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने एक गिलास पानी में कथित रूप से चूहे मारने की दवा मिलाकर जबरन पिला दी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। वह चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन आरोपियों ने उसे पीटते हुए घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया और दोबारा घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह जान बचाकर अपने मायके पहुंची और 14 अप्रैल को कोतवाली कैराना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## तीन दिन बाद भी नहीं मिला सलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था चरमराने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि लोग पिछले तीन दिनों से लगातार गैस एजेंसी पर लंबी-लंबी लाइनों में लगने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।




गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं में अमित शर्मा का कहना है कि वे सुबह से ही लाइन में लग जाते हैं और कई-कई घंटे इंतजार करते हैं, लेकिन जब तक उनकी बारी आती है, तब तक सिलेंडर खत्म होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। इससे खासकर व्यापारी तथा बुजुर्गों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वितरण में पारदर्शिता की कमी है और कुछ लोगों को पहले ही सिलेंडर उपलब्ध करा दिए जाते हैं, जबकि आम उपभोक्ता घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू किया जाए और गैस एजेंसी पर मोजूद सिलेंडरो की जांच की जाए, ताकि लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, इस संबंध में जब गैस एजेंसी स्वामी अजय कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों से गैस नहीं आ रही थी, जिस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। अब एजेंसी पर गैस आ गई है।

# थानाभवन में स्वकर प्रणाली पर घमासान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव को मीटिंग बाद अधिकारियों के दिए गये बयान दोनों में जमीन-आसमान का फर्क सामने आने के बाद कस्बे में 'स्वकर प्रणाली' को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। सवाल उठ रहा है कि आखिर यह गणित की गलती है या फिर जनता की जेब पर सीधा बोझ डालने का खेल हाल ही में हुई बोर्ड बैठक में आवासीय दरों पर 30 पैसे प्रति वर्ग मीटर शुल्क लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया था। लेकिन बोर्ड बैठक खत्म होने के बाद अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा द्वारा 30 पैसे प्रति वर्ग फुट की बात कहे जाने से पूरा मामला तूल पकड़ गया है। मीटर से वर्गफुट में इस (बदलाव) ने ना सिर्फ भ्रम पैदा किया बल्कि संभावित रूप से कई गुना अधिक वसूली की आशंका भी खड़ी कर दी है। सभासद अंशुल गर्ग एडवोकेट ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से वर्ग मीटर के हिसाब से प्रस्ताव पारित हुआ तो फिर बाहर आकर वर्ग फुट की बात करना सीधे तौर पर बोर्ड के फैसले को पलटने जैसा है।



उन्होंने साफ कहा कि यह मामला गंभीर है और जल्द दोबारा बैठक बुलाकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। वहीं स्वकर संघर्ष समिति के संजीव चावला ने इसे हजनता के साथ सीधा अन्याय करार देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस खेल को तुरंत नहीं रोका गया तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। उनका कहना है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बयानों में अंतर साफ तौर पर किसी बड़ी गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। कस्बे में यह मुद्दा अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। एक ओर कुछ सभासद अधिकारी के समर्थन में खड़े दिखाई दिए तो दूसरी ओर कई जनप्रतिनिधि खुलकर जनता के साथ खडे नजर आए। इससे साफ है कि नगर पंचायत के अंदर भी दो खेमे बन चुके हैं।

सूत्रों की मानें तो नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ नागरिकों ने आरोप लगाया कि आपसी खींचतान के चलते योजनाएं प्रभावित हो रही हैं और जनता को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। फिलहाल 'स्वकर प्रणाली' के नाम पर चल रहा। यह (मीटर बनाम वर्ग फुट) का विवाद थाना भवन में बड़ा सियासी मुद्दा बन चुका है। अब देखना यह होगा कि आने वाली बैठक में यह मामला साफ होता है या फिर जनता की जेब पर बोझ बढ़ता है।

# परशुराम जन्मोत्सव को लेकर हुई अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** भगवान परशुराम चौक स्थित मंदिर में अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार देर शाम क्षेत्र के गांव ऊदपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के नेताओं का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।




कार्यक्रम में रालोद नेता विजय कौशिक, कांग्रेस नेता एवं अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव अश्वनी शर्मा सींगरा, गोरक्षा सभा के जिलाध्यक्ष वीशू शर्मा और मंडल अध्यक्ष अ्वनी कौशिक हथछोया सहित अन्य नेताओं का गौरक्षक दल के नेता अमन शर्मा के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। बताया गया कि सभी नेता पूर्व में सड़क हादसे में मृतक कादिर के परिजनों को सांत्वना देने गांव पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से आगामी परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भी की। मुख्य अतिथि रालोद के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम अजर-अमर हैं और अप्रैल-मई माह में पूरे देश में उनका जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव एवं ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव अश्वनी शर्मा सींगरा ने जानकारी दी कि आगामी 19 अप्रैल को बिडौली के भगवान परशुराम चौक पर प्रतिवर्ष की भांति हवन और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम सम्पूर्ण समाज के हैं, इसलिए उनके जन्मोत्सव में सभी बिरादरी के लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। गोरक्षा सभा के जिलाध्यक्ष वीशू शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में गोवंश की स्थिति चिंताजनक है। कई गौशालाएं बंद पड़ी हैं और गोचर भूमि पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। वहीं ब्राह्मण महासभा के युवा मंडल अध्यक्ष अ्वनी कौशिक ने गौ एवं ब्राह्मण संरक्षण के लिए समाज से एकजुट होने का आवान किया। कार्यक्रम संयोजक अमन शर्मा ने गांव में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने की मांग भी उठाई। इस मौके पर अंशुल कौशिक, मेनपाल ऊदपुर, संजय शर्मा, एडवोकेट सुमित शर्मा, माधव सिंह, तेजपाल, रवि शर्मा, अमित चौधरी, अनिल पासवान, अनिल ठाकुर, परविंदर सिंह, आकाश ठाकुर, अजीत शर्मा, शुभम शर्मा, हरिओम और सुभाष वर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## जमीन विवाद पर दो पक्षों में तनातनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के नानूपुरी गेट के समीप जमीन के स्वामित्व को लेकर उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब दो पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर तहसीलदार अर्जुन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन उनकी मौजूदगी में ही दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई।एक पक्ष की ओर से निशांद अहमद, जबकि दूसरे पक्ष से राजीव मालिक समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और तहसीलदार को अपने-अपने जमीन संबंधी दस्तावेज दिखाए। दोनों पक्ष अपने-अपने दावे को सही साबित करने में जुटे रहे, जिससे माहौल और अधिक संवेदनशील हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार अर्जुन सिंह ने स्पष्ट किया कि विवाद न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए बिना विधिक प्रक्रिया और नोटिस के प्रशासन किसी भी पक्ष को कब्जा नहीं दिला सकता।



उन्होंने दोनों पक्षों को कानून का पालन करने और शांति बनाए रखने के निर्देश दिए।विवाद बढ़ता देख मौके पर मौजूद पुलिस बल को सतर्क रहना पड़ा। काफी देर तक चली बहस के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं निकल सका। अंततः हालात को देखते हुए प्रशासनिक टीम को बिना किसी निष्कर्ष के ही लौटना पड़ा।इस दौरान तहसीलदार अर्जुन सिंह, लेखपाल मिंटू व पुलिस बल के जवान मौके पर मौजूद रहे और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी।

## कैराना में वैवाहिक विवाद बना रणक्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला इस्लाम नगर में वैवाहिक विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। घटना में एक महिला की पसलियां टूटने का दावा किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला इस्लामनगर निवासी रकीबा ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसके पुत्र दिलशाद की शादी करीब एक वर्ष पूर्व आइशा के साथ हुई थी। आरोप है कि 12 अप्रैल को घरेलू कामकाज को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आइशा ने मायके पक्ष को बुला लिया। आरोप है कि मायके से आए लोगों ने घर में घुसकर दिलशाद और उसकी मां रकीबा के साथ लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की, जिसमें रकीबा गंभीर रूप से घायल हो गई। मेडिकल परीक्षण में उसकी पसलियों में फैक्चर बताया गया है। वहीं, हनीा को भी मारपीट में चोटें आई हैं।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आइशा डेढ़ माह के बच्चे को ससुराल में छोड़कर चली गई और अब पति के साथ रहने से इनकार कर रही है। उधर, दूसरे पक्ष ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं।कोतवाली पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अस्पताल गेट पर डिलीवरी विवाद को दबाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चिकित्सकों व स्टाफ नर्स की लापरवाही से महिला की जिला अस्पताल गेट पर हुई डिलीवरी के बाद भाकियू पदाधिकारियों ने तय सीमा पांच दिनों के बाद बुधवार को सीएमओ से मुलाकात कर कार्यवाही का ब्योरा मांगा। उन्होने कहा कि पांच दिन बीत गए, लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा न तो स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्यवाही हुई है और न ही गलत ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। उन्होने तीन दिनों का समय देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।



गत 9 अप्रैल की रात्रि क्षेत्र के गांव आसारा निवासी गर्भवती महिला कौंसर पत्नी उसमान को जिला अस्पताल में प्रसव पीडा के कारण लाया गया था, लेकिन वहां मौजूद स्टाफ नर्स मोनिका और अन्य कर्मचारियों द्वारा महिला को अस्पताल में भर्ती नही किया गया और अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया था। यह अमानवीय घटना के बाद महिला ने जिला अस्पताल गेट पर ही एक बच्चे को जन्म दिया था। जिसके बाद गत शुक्रवार को भाकियू पदाधिकारियों ने सीएमओ का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया था और मामले में जांच कर आरोपी स्टाफ नर्स और चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। जिसमें सीएमओ डा. अनिल कुमार व कार्यवाहक सीएमएस डा. अशोक ने ऐडी हेल्थ डा. कुमुद के आदेश पर पांच दिवस के अंदर मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया था। बुधवार को समय सीमा पांच दिन बीत जाने के बावजूद भाकियू पदाधिकारी बाबा संजय कालखांडे, बाबा शोकेन्द्र, देवराज पहलवाल आदि सीएमओ से मिले और उन्होने कार्यवाही की जानकारी मांगी। इस दौरान पता चला कि अभी तक स्वास्थ्य विभाग अपनी जांच तक पूरी नही कर पाया है और न ही स्टाफ नर्स के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई। जिससे भाकियू पदाधिकारियों में रोष व्यक्त किया। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाया। सीएमओ ने आगामी तीन दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। वही बाबा संजय कालखांडे द्वारा भी प्राईवेट चिकित्सका द्वारा ऑपरेशन में बरती गई लापरवाही के मामले में की गई शिकायत में कार्यवाही न किए जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई है।

### एक पीड़ित से लिखवाया गया है फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 9 अप्रैल को जिला अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते महिला की अस्पताल गेट पर हुई डिलीवरी के मामले में अब जिला अस्पताल की स्टाफ नर्स सहित पूरा प्रशासन मामले को दबाने में लगा हुआ है। बताया जा रहा है कि पीडित महिला और उसके परिजनों पर दबाव बनाया जा रहा है, जिसके चलते अब महिला कार्यवाही से इंकार कर सकती है। इसका खुलासा खुद सीएमओ ने भाकियू पदाधिकारियों से वार्ता के बीच किया। उन्होने कहा कि पीडित महिला कौंसर व उनके सहयोगियों ने जिला अस्पताल को लिखकर दे दिया है कि वह कोई कार्यवाही नही चाहते है। वही जिला अस्पताल में स्टाफ को कार्यवाही से बचाने के लिए कई प्रकार के कागजात भी तैयार करा लिए है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा मामले में कोई संज्ञान न लेने पर जिले के लोग भी चिंतित है।

# उधार के रुपए मांगने पर दुकानदार पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम भूरा में उधार के रुपये मांगना एक दुकानदार को भारी पड़ गया। दबंगों ने दिनदहाड़े दुकान पर धावा बोलकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर चाकू व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बीच-बचाव करने आए उसके भाई को भी नहीं बख्शा गया।

ग्राम भूरा निवासी वसीम पुत्र जमील ने कोतवाली कैराना में तहरीर देकर बताया कि वह गांव में परचून की दुकान चलाता है। करीब दो माह पहले गांव के ही जुनेद, उमेर और सोनू पुत्राण मिन्ना उसकी दुकान से लगभग 18,500 रुपये का सामान उधार ले गए थे।

कई बार तकाजा करने के बावजूद आरोपी रुपये लौटाने में टालमटोल करते रहे। आरोप है कि 14 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े आठ बजे तीनों आरोपी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उसकी दुकान पर पहुंचे और आते ही धमकाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू व अन्य धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में वसीम की गर्दन, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे नदीम व अन्य ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। इसी दौरान वसीम का बड़ा भाई मुबारिक भी मौके पर पहुंचा, जिस पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाु सख्त कार्रवाई और उधार की रकम दिलाने की मांग की है। कोतवाली कैराना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर तीनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जांच के बाद कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मिट्टी के ढेर में दबे मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी दो सगे भाइयों के मासूम बच्चों की सहारनपुर के ईंट भटे पर दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। दोनों भाई परिवार सहित ईंट भटे पर मजदूरी करने गए हुए है, जहां खेलते समय मिटी का ढेर सरकने से बच्चे उसके नीचे दब गए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है परिजनों ने गमगीन माहौल में शव पीएम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी हारून और नसीम दोनों सगे भाई है और परिवार सहित सहारनपुर के एक ईंट भटे पर मजदूरी करने गए हुए। परिजनों के अनुसार, हारून का 10 वर्षीय पुत्र जुनैद और नसीम की 11 वर्षीय पुत्री आनिया भटे के पास लगे मिटी के ढेर के समीप खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी का ढेर भरभराकर गिर पड़ा और दोनों बच्चे उसके नीचे दब गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना मिलते ही सहारनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए, जहां गमगीन माहौल में परिजनों सपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीएम ने कंपनियों में श्रमिकों से की बात

**■ हाई पावर कमेटी के निर्णय गेटों पर चस्पा करने के निर्देश**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में श्रमिक प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। इस समिति की सिफारिशों और मुख्यमंत्री द्वारा लागू किए गए निर्णयों को लेकर अब जिलाधिकारी स्वयं कंपनियों का दौरा कर श्रमिकों से बातचीत कर रही हैं।

इसी क्रम में, जिलाधिकारी मेधा रूपम ने आज नोएडा और ग्रेटर नोएडा की एक दर्जन से अधिक कंपनियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां कार्यरत श्रमिकों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं, विशेषकर वेतन संबंधी मुद्दों की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने बताया कि उच्च स्तरीय समिति द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को प्रत्येक कंपनी के मुख्य द्वार पर चस्पा करने का सख्त आदेश दिया गया है। इन निर्देशों के तहत, सभी कंपनियों के बाहर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी श्रमिक का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा श्रमिकों के लिए लागू किए गए सभी नियम हर कंपनी में प्रभावी होंगे। आउटसोर्सिंग कंपनियों को भी चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यदि उनके द्वारा किसी श्रमिक का शोषण किया जाता है, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा हिंसा– आरजेडी की दो महिला प्रवक्ताओं पर एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में 2 दिन हुए बवाल के बाद आज यानी बुधवार को फैक्ट्रियां खुल गई हैं। हालात सामान्य हैं। जगह-जगह फोर्स तैनात है। सीसीटीबी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। 16 कंपनी आरएएफ और पीएसी लगाई गई है। नोएडा सेक्टर 63, 84, 85, 80, फेस 2 में पुलिस ने फ्लैगमार्च किया।

कंपनियों के बाहर सैलरी हाईक के नोटिस चस्पा किए गए हैं। हालांकि, कुछ कंपनियों में आज छुट्टी कर दी गई है। कंपनियों ने बाहर नोटिस चिपक. ाकर कर्मचारियों को बताया गया कि आज कंपनी बंद रहेगी। कल के लिए सूचना आपको पहले से ही दे दी जाएगी।।इस बीच, नोएडा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में



कंचना यादव प्रियंका भारती

राजद की दो महिला प्रवक्ताओं कंचना यादव और प्रियंका भारती पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि दोनों ने सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो शेयर कर माहौल खराब करने की को. शिश की। कानून-व्यवस्था और पुलिस कर छवि खराब करने का प्रयास किया।

डीएम मेधा रुपम ने कहा-अगर कोई आउटसोर्सिंग एजेंसी या उसका कर्मचारी गड़बड़ी या उपद्रव करता है तो उसकी जिम्मेदारी एजेंसी की भी होगी। ऐसी स्थिति में एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। उसका लाइसेंस भी रद्द हो सकता है।

दरअसल, सैलरी बढ़ाने को लेकर सोमवार-मंगलवार को फैक्ट्री कर्मचारियों ने बवाल किया। 80 से अधिक जगहों पर पथराव किया। 350 कंपनियों में तोड़फोड़ की गई। मंत्री अनिल राजभर ने कहा- इस पूरी घटना में बड़ी साजिश की बू आ रही है। कुछ देश विरोधी ताकतें इसमें शामिल हो सकती हैं। वहीं, कंपनी मालिकों कहना है कि बाहरी लोगों ने माहौल को भड़काया। मजदूर कभी हिंसक प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। फिलहाल, 7 थानों में 1800 लोगों और 4 हैंडलर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। 4 महिलाओं समेत 396 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# घरेलू सहायिका का वेतन वृद्धि के लिए प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वेतन वृद्धि समेत कई अन्य मांगों को लेकर आंदोलन में जुटीं घरेलू सहायिकाओं और कामगारों ने बुधवार को सेक्टर-137 में प्रदर्शन किया। इसके चलते कई सोसाइटियों में घरेलू सहायिकाएं काम करने नहीं पहुंचीं। इसके चलते सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारियों के बाद हाउसिंग सोसाइटियों में काम करने वाली घरेलू सहायिकाओं का भी आंदोलन शुरू हो गया है। मंगलवार को सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन और सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन हाने के बाद बुधवार को भी सेक्टर-137 में घरेलू सहायिकाओं और कामगारों ने प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन पूर्वांचल सोसाइटी, इकोसिटी सोसाइटी और आसपास की अन्य हाउसिंग सोसाइटी के बाहर किया जा रहा है। बड़ी संख्या में घरेलू सहायिकाओं ने एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि उन्हें काम के बदले उचित वेतन नहीं मिल रहा, साथ ही कई जगहों पर काम के घंटे भी तय नहीं हैं। इसके अलावा सोसाइटी के कड़े नियम-जैसे प्रवेश-निकास की पाबंदियां, पहचान पत्र की अनिवार्यता और लिफ्ट के उपयोग पर भी प्रतिबंध है। इसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ कामगारों ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार भी नहीं किया जाता है। हालांकि, सोसाइटी प्रबंधन का कहना है कि ये नियम सुरक्षा कारणों से बनाए गए हैं और सभी कर्मचारियों की पहचान सुनिश्चित करना आवश्यक है। उनका यह भी कहना है कि वे स्थिति को समझदारी से सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं और कामगारों की समस्याओं पर बातचीत के लिए तैयार हैं।

**महिला गिग वर्कर्स ने किया प्रदर्शनः** सेक्टर-60 में स्थित अर्बन कंपनी के ट्रेनिंग सेंटर के बाहर बुधवार सुबह करीब 40 महिला गिग वर्कर्स ने प्रदर्शन किया। ये महिलाएं घरेलू सेवाएं (ब्यूटी, मसाज, क्लीनिंग आदि) देने वाली अर्बन कंपनी से जुड़ी हैं। उन्होंने सैलरी बढ़ाने की बजाय निश्चित काम के घंटे, बुनियादी सुविधाएं और महिला-विशेष जरूरतों का सम्मान मांगा। प्रदर्शनकारियों की मुख्य शिकायत यह है कि प्लेटफॉर्म पर कोई फिक्स्ड वर्किंग आवर्स नहीं हैं। अक्सर उन्हें 11 घंटे तक काम करना पड़ता है, जबकि सरकारी नियमों के मुताबिक आठ घंटे का प्रावधान है। ग्राहकों के घरों के बीच घूमने के कारण बैठने की जगह, पीने का पानी या वॉशरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलतीं। कई बार ग्राहक वॉशरूम इस्तेमाल करने से मना कर देते हैं। खासतौर पर मासिक धर्म के दौरान सैनिटरी पैड बदलने की समस्या महिलाओं के लिए बहुत बड़ी है।

# जाम के झाम में उलझी रोजमर्रा की जिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट का चार मूर्ति चौराहा इन दिनों किसी रोजमर्रा की जंग से कम नहीं रह गया है। सुबह की शुरुआत हो या शाम का लौटता हुआ सैलाब यह चौराहा अब रफ्तार नहीं, बल्कि रुकावट की पहचान बन चुका है। कभी यह कुछ मिनटों में पार होने वाला रास्ता था, आज वहीं गाड़ियों की लंबी कतारें, रेंगती रफ्तार से लोग परेशान हैं। हर दिन सैकड़ों लोग समय से पहले घर से निकलते हैं, इस उम्मीद में कि शायद आज जाम से बच जाएं। लेकिन चार मूर्ति पहुंचते ही उम्मीदें धीरे-धीरे ब्रेक लगाती गाड़ियों के साथ थम जाती हैं।

कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में घंटों लग जाते हैं, और लोग अपनी गाड़ियों में बैठे-बैठे घड़ी की सुइयों को आगे बढ़ते देखते रह जाते हैं। यह जाम सिर्फ ट्रैफिक की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि लोगों की दिनचर्या, कामकाज और मानसिक शांति पर भी असर डालने लगा है। ऑफिस के लिए देर होना, जरूरी काम छूट जाना और घंटों सड़क पर फंसे रहना अब यहां के लोगों की रोज की मजबूरी बन गई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऑटो और ई-रिक्शा बीच सड़क पर ही सवारी बैठाने और उतारने के लिए रुक जाते हैं, जिससे पीछे वाहनों की लाइन लग जाती है और जाम और बढ़ जाता है।

## एक नजर

### सीबीएसई 10वीं परिणाम 2026: नोएडा रीजन में पास प्रतिशत में गिरावट, फिर भी छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार शाम 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस वर्ष नोएडा रीजन का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87.66 दर्ज किया गया, जो कि पिछले वर्ष 2025 के 89.41 प्रतिशत की तुलना में 1.75 प्रतिशत कम है।नोएडा रीजन में कुल 18 जिले शामिल हैं। इस बार पास प्रतिशत में आई गिरावट का छात्रों के समग्र प्रदर्शन पर भी देखा गया, हालांकि अधिकांश स्कूलों का परिणाम लगभग शत-प्रतिशत रहा।फिलहाल एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के अरमान मित्तल ने 99.6 प्रतिशत हासिल किए है। वहीं एपीजे स्कूल के छात्रों ने 95 से 99.5 प्रतिशत तक प्राप्त किए हैं। जिले में 235 विद्यालयों में 210 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। जबकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 53 केंद्र पर छात्रों ने परीक्षा दी।

### बारिश की मार किसान लाचार, सरकारी केंद्रों पर नहीं हो रही गेहूं की खरीद

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रबी सीजन में गेहूं की फसल के दौरान हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। गेहूं का रंग काला पड़ने के कारण सरकारी खरीद केंद्रों पर इसकी खरीद नहीं हो पा रही है। मजबूरन किसानों को अपना गेहूं व्यापारियों को कम दाम पर बेचना पड़ रहा है, जिससे उन्हें प्रति क्विंटल 400 से 500 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बारिश के कारण फसल गिर गई और ओलों से बालियां टूट गईं। नमी के कारण अनाज का रंग काला और बदरंग हो गया। जब किसान गेहूं बेचने के लिए खरीद केंद्र पहुंचे, तो गुणवत्ता खराब होने का हवाला देकर सरकारी दर पर खरीद से इंकार कर दिया गया। खटाना गांव के किसान देवेंद्र खटाना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गेहूं की सरकारी खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। किसानों को 2000 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं बेचना पड़ रहा है, जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार खरीद की उचित व्यवस्था करेगी, तब तक किसानों का अधिकतर गेहूं व्यापारियों के पास जा चुका होगा।

### नोएडा प्राधिकरण ने फाइनल मुकाबले में जीता चेयरमैन कप क्रिकेट टूर्नामेंट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित चेयरमैन कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को नोएडा प्राधिकरण एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में नोएडा प्राधिकरण ने 11 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। मैच में ग्रेटर नोएडा के विशेष कार्याधिकारी व कप्तान अभिषेक पाठक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और नोएडा प्राधिकरण के कप्तान राजकुमार चौधरी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। नोएडा की ओर से कुलदीप यादव ने शानदार बल्लेबाजी की। वहीं हिमांक कटारिया ने उनका बेहतरीन साथ दिया और 154 रन का स्कोर बनाया। कुलदीप यादव ने गेंदबाजी में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

टीम की ओर से लाला ने चार विकेट लेकर मैच में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्रेटर नोएडा की ओर से विवेक और विष्णु ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन टीम लक्ष्य हासिल करने में सफल नहीं हो सकी और नोएडा ने 11 रनों से मुकाबला जीत लिया। मैच के उपरांत ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह एवं महाप्रबंधक आरपी सिंह द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर उप निदेशक राजेंद्र सिंह, रूप वशिष्ठ, मैनेजर सावन चौहान, श्रवण चौहान, नीरज राणा, सुरेन्द्र सिंह, सुभाष कुमार, अमित शर्मा, टीएन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ज्वेलर की आंखों में स्प्रे मारकर लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक ज्वेलरी शॉप पर लूट की घटना सामने आई है। एक बदमाश ने ज्वेलर की आंखों में स्प्रे मारकर पांच सोने की अंगूठियां लूट लीं और फरार हो गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना ग्रेटर नोएडा के कासना थानाक्षेत्र के कालीचरण मार्केट में स्थित शगुन ज्वेलर्स पर हुई। दुकान के मालिक हेम पाल वर्मा ने बताया कि 12 अप्रैल को एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और लेडीज अंगूठियां दिखाने को कहा। वर्मा ने उसे सोने की पांच लेडीज अंगूठियां दिखाईं, जिन्हें उसने अपनी उंगलियों में पहन लिया। जब ज्वेलर ने अंगूठियां उतारने को कहा, तो आरोपी ने अपनी पत्नी को फोटो भेजने का बहाना बनाया। कुछ देर बाद उसने अपनी जेब से एक स्प्रे निकाला, उसे हेम पाल वर्मा की आंखों में मारा और मौके से फरार हो गया।

पीड़ित ने बताया कि उसने आरोपी का पीछा करने की को. शिश की, लेकिन आंखों में जलन के कारण उसे दिखना बंद हो गया। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। घटना का पूरा फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें आरोपी को अंगूठियां देखते, पहनते और फिर ज्वेलर की आंख में स्प्रे मारकर भागते हुए साफ देखा जा सकता है। कासना थाना पुलिस ने हेम पाल वर्मा की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बढ़ती महंगाई से टूटी श्रमिकों की कमर

**नोएडा।** शहर में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों और श्रमिक वर्ग पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। टमाटर, प्याज, आलू और शिमला मिर्च जैसी सब्जियां महंगी हो गई हैं । इससे घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। बाजार में टमाटर 35ख्45 रुपये प्रति किलो, प्याज 45ख्50 रुपये प्रति किलो, आलू 28ख्35 रुपये प्रति किलो और शिमला मिर्च 50ख्60 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। लोगों का कहना है कि जरूरी सामान महंगा होने से मासिक खर्च लगातार बढ़ रहा है, जबकि आय में वृद्धि नहीं हो रही। श्रमिकों का कहना है कि बढ़ी कीमतों के कारण गुजारा मुश्किल हो गया है। इसलिए वे वेतन में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं।

# एयरपोर्ट के पास लॉजिस्टिक हब विकसित करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास टप्पल में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब विकसित करने की तैयारियां तेज हो गई है। इसके लिए अलीगढ़ के टप्पल 1450 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत होगी। अलीगढ़ जिला प्रशासन को 10 प्रतिशत लैंड कास्ट के साथ प्रस्ताव भेजा गया है। बता दें कि यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा व आगरा तक फैला है। प्राधिकरण टप्पल-बाजना अर्बन सेंटर विक. सित करेगी। टप्पल में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया जाना है। यहां पर भूमि का अधिग्रहण होना है। इसके लिए पहले करीब 250 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव भेजा गया था। इसका सोशल इंपैक्ट असेसमेंट भी हो चुका है।

अब 1450 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इस पर करीब 2056 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अनुमानित जमीन की कीमत का 10 प्रतिशत पैसा भी अलीगढ़ प्रशासन को भेजा गया है। अगले चार महीने में इसके लिए अवार्ड घोषित हो जाएगा। प्राधिकरण को अवार्ड घोषित होते ही पूरा पैसा देना होगा। इसके बाद किसानों को मुआवजा वितरण शुरू होगा।एलएफडी की जमीन भी लेंगेयमुना एक्सप्रेसवे के निर्माण के बदले निर्माण करने कंपनी को पांच एलएफडी दी गई थीं। एक एलएफडी टप्पल में भी है। इसके लिए भी प्राधिकरण 500 हेक्टेयर जमीन खरीदेगी। इसकी भी प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि इसका पैसा एक्सप्रेसवे का निर्माण करने वाली कंपनी ही देगी। यह जमीन भी अधिग्रहण से ली जाएगी।

# परिवहन विभाग की सख्ती के बाद भी नोएडा के लोगों की मनमानी जारी, एक साल में भरा छह करोड़ नौ लाख रुपये का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई के बाद भी जिले में नियमों को ताक पर रखकर वाहनों का संचालन हो रहा है। परिवहन विभाग की ओर से एक वित्तीय वर्ष में 740 ऐसे वाहनों को सड़कों पर फर्राटा भरते हुए पकड़ा है, जिनकी परमिट ही नहीं थी।

1942 ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की गई हैं, जो परमिट नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। वित्तीय वर्ष 2025-26 में परिवहन विभाग ने छह करोड़ नौ लाख रुपए का जुर्माना वसूला है। वहीं तीन करोड़ 69 लाख रुपए का टैक्स जमा कराया है।



ग्रेटर नोएडा और नोएडा से आगरा, मथुरा, अलीगढ़, खुर्जा, बुलंदशहर, मेरठ, कानपुर, लखनऊ, कन्नौज, औरैया, फर्रूखाबाद, इटावा, कानपुर देहात के अलावा अन्य आसपास के शहरों के लिए रोजाना हजारों वाहनों का संचालन हो रहा है। इनमें अधिकतर बसें मानकों के विपरीत सड़कें पर धड़ल्ले से फर्राटा भरती रहती हैं।

**बसों की स्थिति गंभीरः** कई बसें ऐसी भी हैं कि उनका वर्षों पहले फिटनेस, बीमा और परमिट तक खत्म हो चुकी होती है। वहीं कुछ वाहन ऐसे भी संचालित हो रहे हैं कि 10 से अधिक चालान कटे हुए हैं और अधिकतर चालान नियमों के पालन नहीं करने पर कटे हुए हैं।

परी चौक मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी बस नंबर यूपी 16 टी 7873 के 43 चालान कटे हुए मिले। इनमें से अधिकतर चालान नियमों के पालन नहीं करने पर कटे हुए हैं।

वहीं बस की परमिट पांच अगस्त 2025 को खत्म हो चुकी है और बीमा भी 21 मार्च 2025 को खत्म हो चुका है। वहीं इसी तरह की एक बस के 23 चालान कटे हुए मिले और उसकी भी परमिट, बीमा करीब एक वर्ष पहले ही समाप्त हो चुका था।

एक आटो जिसमें नंबर ही नहीं पड़ा मिला। इस तरह के सैकड़ों वाहन ग्रेटर नोएडा के परी चौक से और नोएडा के सेक्टर 37 के अलावा कई अन्य स्टैंड प्वाइंट से फर्राटा भर रहे हैं।

# डेढ़ किलोमीटर की लाइन में लगे 100 लोगों को ही मिला सिलिंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रात 2 बजे से लोग गैस की लाइन में लगने के लिए मजबूर हैं। उसके बाद भी उन्हें बिना सिलिंडर लिए वापस लौटना पड़ रहा है। आंखों में आंसू भरे लोगों ने बताया कि कासना स्थित भारत गैस एजेंसी पर पिछले तीन से चार दिन से आ रहे हैं, लेकिन यहां हर दिन केवल 100 सिलिंडर ही बांटे जाते हैं। करीब डेढ़ किलोमीटर की लाइन में भूखे प्यासे लगकर उन्हें हर दिन निराशा ही मिलती है। प्रशासन के दावों को उन्होंने गलत बताया है कि गैस आसानी से मिल रही है। कई लोगों ने बताया कि उनके यहां पिछले कई दिनों से खाना तक नहीं बना है। कुछ लोग बोले कि लकड़ी के चूल्हे में खाना बना रहे हैं।

लाइन में लगे राकेश ने बताया कि पिछले चार दिनों से वह लगातार लाइन में लगते हैं। जब तक उनका नंबर आता है। तब तक गैस खत्म हो जाती है। वहीं विमलेश ने बताया कि उनके घर में पिछले तीन दिनों से खाना नहीं बना है। तीन दिनों से वह लगातार लाइन में लग रही हैं,लेकिन जब उनका नंबर आता है। तब गैस खत्म हो जाती है। उनसे बताया कि केवल 100 लोगों को ही सिलिंडर मिलेगा। उसके बाद के लोग कितनी भी लंबे समय से लाइन में लगे हो उन्हें सिलिंडर नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि छोटे सिलिंडर में 500 से 600 रुपये किलो गैस भरवाने का रेट है। गरीब इंसान कैसे दो वक्त का खाना खा सकता है।

# पढ़ाई समझ नहीं आने पर कोचिंग सेंटर को फीस लौटाने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कम उम्र के कारण छात्रा को पढ़ाई समझ में नहीं आने पर एक स्पोकन इंग्लिश कोचिंग सेंटर को फीस लौटाने का आदेश दिया गया है। मामले की सुनवाई जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने की। नोएडा के गढ़ी चौखंडी निवासी ममता पाल ने बेटी अदविका पाल का नामांकन 2024 में क स्पोकन इंग्लिश सेंटर में कराया था, जिसके लिए उन्होंने 47,170 रुपये का भुगतान किया था। हालांकि, कम उम्र के कारण उनकी बेटी ऑनलाइन कक्षाओं में ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रही थी।

शिकायतकर्ता के अनुसार, नामांकन से पहले सहमति बनी थी कि यदि बच्ची कक्षाओं से संतुष्ट नहीं होती है, तो पूरी फीस वापस कर दी जाएगी, लेकिन बाद में फीस वापसी का अनुरोध करने पर संस्थान ने राशि वापस नहीं की।

इसके बाद ममता पाल ने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। सुनवाई के दौरान संस्थान ने अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया, जिसके कारण आयोग ने एक पक्षीय सुनवाई की। आयोग ने सेवा में कमी मानते हुए संस्थान को पूरी राशि छह प्रतिशत ब्याज सहित 30 दिनों के भीतर वापस करने के निर्देश दिए। साथ ही मानसिक पीड़ा के लिए 500 रुपये और वाद व्यय के रूप में 500 रुपये का भुगतान भी करने को कहा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सरकारी स्कूलों ने भी किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों ने परिणाम में निजी स्कूल के छात्रों को टक्कर दी है। सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में छात्रों ने जलवा बरक. रार रखा है। ज्यादातर सरकारी स्कूलों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। कई बच्चों ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर निजी स्कूलों को टक्कर दी है। सरकारी स्कूलों के छात्रों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र किसी से कम नहीं हैं। भले ही उन्हें सुविधाएं कम मिली हो,लेकिन उनके संघर्ष को परिणाम ने साबित कर दिया है।

सेक्टर-44 स्थित महामाया बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने न केवल शानदार अंक प्राप्त किए, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अदिति यादव ने 99 प्रतिशत अंक के साथ पहला ,दूसरे स्थान पर पल्लवी सिंह ने 96.8% तथा तीसरे स्थान पर एंजल शर्मा ने 95.% साथ ही अन्य छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य डॉ. छाया जैन ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

# पुलिसकर्मियों ने गाली-गलौज के साथ की मारपीट

**■ कर्मचारी ने कंपनी के बाहर पुलिस पर हमले का लगाया आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बुधवार को एक मजदूर ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि सेक्टर 63 में एक कंपनी के बाहर 10-15 पुलिसकर्मियों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। यह घटना तब हुई जब मजदूर कंपनी के फिर से खुलने का संदेश मिलने के बाद वहां पहुंचे। मजदूर और कई अन्य लोग कंपनी परिसर में जमा हुए थे। लेकिन उन्हें बताया गया कि कंपनी अभी भी बंद है। मजदूर ने दावा किया कि मंगलवार की रात को काम फिर से शुरू होने की जानक. ारी मिली थी। इसके बाद बुधवार को वह और अन्य लोग कंपनी पहुंचे थे। हालांकि, उनके पहुंचने पर कंपनी ने उन्हें बताया कि कंपनी अभी भी बंद है।



मजदूर ने दावा किया कि हमला एक पुलिस गाड़ी के अंदर हुआ। उसने बताया कि उसने एक वीडियो बनाया था क्योंकि कुछ पुलिसकर्मी दो लोगों को ले गए थे। वीडियो बनाते देख पुलिसकर्मियों ने उसे अपनी गाड़ी के अंदर ले लिया। वहां पुलिसकर्मियों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। मजदूर ने मिन्नतें की, जिसके बाद उसे जाने दिया गया।

**पुलिस कमिश्नर का बयान और सरकारी पहलः** इससे पहले, नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को बताया था कि उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध नगर जिले में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे। 83 विरोध स्थलों में से केवल दो जगहों पर हिंसा हुई। एक उच्च-स्तरीय सरकारी समिति ने मजदूरों के लिए अंतरिम वेतन वृद्धि की घोषणा की है। सरकार ने उनकी स्थितियों को देखते हुए एक वेतन बोर्ड भी बनाया है।

# ऋषभ एकेडमी का कक्षा 10 का शत-प्रतिशत परिणाम, छात्रों ने रचा सफलता का इतिहास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ अकैडमी में कक्षा 10 के परिणामों में इस वर्ष शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। घोषित परिणामों में विद्यालय का शत-प्रतिशत रिजल्ट रहा, जिससे स्कूल परिसर में खुशी का माहौल बन गया। इस वर्ष रिहान अहमद ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं आदित्य अग्रिहोत्री और नीतिक राज मेहरा ने 92.8 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भव्य जैन ने 91.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य छात्रों में अनन्या (91 प्रतिशत), अंकिता (90.4 प्रतिशत), कनक बंसल 90.2 प्रतिशत, गौरव गुप्ता (87 प्रतिशत), उर्वी शर्मा (84.8 प्रतिशत) और पटक बंसल (84.4 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विषयवार उपलब्धियों की बात करें तो हिंदी में 61, अंग्रेजी में 65, गणित में 9, साइंस में 17 और सोशल साइंस में 38 विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का जश्न मनाया। प्रबंधन समिति के पदा. धिकारियों एवं प्रधानाचार्य ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सीसीएसयू में निबंध एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के प्रचार-प्रसार हेतु निबंध एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संरक्षण विवि की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. बिंदु शर्मा तथा डॉ. वैशाली पाटिल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नारी सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं को अपने निबंधों और पोस्टरों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। निबंध प्रतियोगिता में सिद्धांत शर्मा ने प्रथम स्थान, शिखा ने द्वितीय स्थान तथा गौरव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भावना ने प्रथम, हुडा सिद्दीकी ने द्वितीय और प्रियांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को बधाई दी गई तथा सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई।

# सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल का 10वीं का परिणाम शानदार, छात्रों ने किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। घोषित परीक्षा परिणाम में छात्रों ने शानदार अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के मेधावी छात्रों में अंशुमन ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं चिराग त्यागी 97.6 प्रतिशत, आर्यन त्यागी 97.2 प्रतिशत एवं हरलीन 97.2 प्रतिशत ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थानों पर अपनी जगह बनाई। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशक हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह एवं उप-प्रधानाचार्या मीनू कपूर ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता संभव हो सकी है। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।




## कार और ट्रैक्टर की भिड़ंत दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार की सुबह बागपत रोड स्थित ट्रैक्टर और कार की भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर ड्राइवर और कर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां एक व्यक्ति के हालत नाजुक बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक चमन पुत्र स्वर्गीय भवानी रामनिवासी गंगानगर उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल चालक के पद पर पुलिस लाइन जनपद बागपत में तैनाती है बुधवार की सुबह में अपने घर से अपनी कार यूपी 15 ई एल 5562 से बागपत जा रहे थे जैसे ही बागपत रोड स्थित रावा कुटी के पास पहुंचे तो अचानक सामने से आ रहा एक ईंटों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया जिसमें कार और ट्रैक्टर में जबरदस्त भिंड़त हो गई इसमें ट्रैक्टर चालक और कांस्टेबल बुरी तरह घायल हो गए। थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ड्राइवर और कांस्टेबल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां कांस्टेबल चमन सिंह की हालत नाजुक बताई गई है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन बागपत रोड पर सड़क दुर्घटना हो रही है जिसमें ट्रैक्टर ओवरलोड भरकर यहां से गुजरते हैं जिस कारण यह हद से होते रहते हैं।

# रास्ता न देने पर बवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर से मारपीट, कार में तोड़फोड़

- सरधना में तहसील रोड पर जाम के दौरान हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तहसील रोड पर बुधवार दोपहर जाम के दौरान मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। कार सवार युवकों ने मेडिकल कॉलेज के एक असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ मारपीट कर दी और उनकी कार में तोड़फोड़ कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित शास्त्रीनगर निवासी डॉ. रिजवान, जो एक मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर एवं सर्जन हैं, अपनी बहन सुमइया और बुआ कमरजहां के साथ पिठलोकर गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जब उनकी कार तहसील रोड पर गोमतीनगर गेट पुलिया के पास पहुंची, तो सड़क निर्माण के चलते लगे जाम में फंस गई। इसी दौरान सामने खड़ी एक कार में बैठे कुछ युवकों ने उनसे गाड़ी हटाने को कहा। डॉ. रिजवान द्वारा जगह मिलने पर गाड़ी हटाने की बात कहने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि युवकों ने पहले गाली-गलौज की और फ़िर अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। आरोपियों ने डॉ. रिजवान के साथ हाथापाई की, उनके कपड़े तक फाड़ दिए और ईंट मारकर उनकी कार के शीशे तोड़ दिए। विरोध करने पर उनकी बहन और बुआ के साथ भी अभद्रता की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी कार में सवार होकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने सरधना थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी और अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल का कक्षा 10 का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल का कक्षा 10 का सत्र 2025-26 का सीबीएसई परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में कुल 179 बच्चे सम्मिलित हुए तथा सभी बच्चे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान सुहानी 97.4 प्रतिशत ने, द्वितीय स्थान अंशी चौधरी 96.8 प्रतिशत ने एवं तृतीय स्थान दिव्यांशु ने 96.0 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह, प्रबंधिका कुसुम रानी एवं प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी विद्यार्थियों एंव शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय के शत-प्रतिशत परिणाम आने पर बधाई दी एंव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एमएसबी इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई 10वीं परिणाम शानदार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** सीबीएसई द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में एमएसबी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

विद्यालय की छात्रा आयुषी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अभया ने 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय, निहारिका ने 92 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अक्षिता ने 91 प्रतिशत, वंश ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अन्य मेधावी छात्रों में अर्जुन चौधरी ने 82 प्रतिशत, शिवम ने 81 प्रतिशत, कुशल, अक्षत व सूर्या ने 80-80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सभी सफल छात्र- छात्राओं में परिणाम को लेकर खुशी का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन अजय भारद्वाज व डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रिंसिपल उमेश शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन और निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी इनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

## शत-प्रतिशत रहा वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल का हाईस्कूल परिणाम



श्रेयांशी जैन इशिका मुंडे अविका बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल का हाईस्कूल (कक्षा 10) का परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा श्रेयांशी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं इशिका ने 94 प्रतिशत और अविका ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय की चेयरपर्सन अंजुल गिरि एवं प्रधानाचार्या संजया वालिया ने सभी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को इस सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही यह परिणाम है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत करते रहने और शिक्षा के स्तर को ऊँचा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे आगामी कक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम, युविका ठाकुर ने किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित गुरुदेव बहादुर पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहे। कुल 122 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। स्कूल की छात्रा युविका ठाकुर ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया। वहीं तान्या सोहम ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। मानसवी शर्मा ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में मुदित भारद्वाज 96 प्रतिशत, हमजा 94 प्रतिशत और सरबजीत सिंह सारंग 94 प्रतिशत ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित, उप प्रधानाचार्य, प्रबंध समिति तथा समस्त शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उनकी स्फलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम है।




# पुलिस की फर्जी मोहर से मंदिर समिति के कागजों में कर दिया खेल, एडीजी से शिकायत

### बरनावा के श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर की प्रोपर्टी का था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद बागपत में बरनावा के रहने वाले राहुल जेन ने मेरठ जोन के एडीजी को एक शिकायती पत्र देते हुए ग्राम बरनावा स्थित मंदिर समिति के मामले से अवगत कराया है। राहुल जेन ने बताया कि उसका बरनावा स्थित श्रीचन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर समिति को लेकर विवाद चल रहा है जिसमे आरोपी द्वारा फर्जी कागजों के आधार पर चिट्स फर्म समिति को भी धोखे में रखा गया है। राहुल ने बताया कि उनके विपक्षी संदीप जैन पुत्र राजकुमार जैन निवासी ग्राम बरनावा व पंकज कुमार जैन पुत्र सुमत प्रसाद जैन निवासी ज्ञानाश्रम निवासी 66-67 कालिन्दी कालौनी टीपी नगर जिला मेरठ व जिवेन्द्र कुमार जैन पुत्र जयचन्द जैन निवासी हाउस नम्बर 9/48 में रोड कैलाश नगर गांधीनगर दिल्ली द्वारा थाना गंगा नगर की मोहर का कुटरचित कागजों पर प्रयोग किया गया है। डिप्टी रजिस्ट्रर फर्म्स सोसाइटीज में चल रहे वाद पत्रावली में विपक्षीयों द्वारा वाद पत्रावली से सम्बन्धित आवश्यक कागजात गुम होने की गुमशुदगी के लिए 16 जनवरी 2024 को थाना गंगा नगर की फर्जी मोहर बनवाकर प्रार्थना पत्र पर लगाकर पत्रावली में दाखिल कर दी है जबकि प्रार्थी द्वारा सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर देहात जनपद मेरठ से प्राप्त सूचना 5 फरवरी 2026 में स्पष्ट है कि विपक्षी संदीप जैन द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2024 को थाना गंगानगर मेरठ में कोई गुमशुदगी दर्ज नहीं करायी गयी है। जिससे स्पष्ट है कि विपक्षीगणों द्वारा साज कर फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वाद पत्रावली में दाखिल किया गया है जिसके आधार पर संदीप जैन पुत्र राजकुमार जैन निवासी ग्राम बरनावा व पंकज कुमार जैन पुत्र सुमत प्रसाद जैन निवासी ज्ञानाश्रम निवासी 86-67 कालिन्दी कालौनी टीपी नगर जिला मेरठ व जिवेन्द्र कुमार जैन पुत्र जयचन्द जैन निवासी हाउस नम्बर 9/48 में रोड कैलाश नगर गांधीनगर दिल्ली के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। राहुल जैन ने और भी कई आरोप लगाए है जिसके बाद मामला तूल पकड़ सकता है। राहुल जैन ने इस माममें में तुरंत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### 25 को सिवालखास के ग्राम ईकड़ी में पहुंचेंगे जयंत चौधरी

**जानी खुर्द।** राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी 25 अप्रैल को सिवाल खास विधानसभा ग्राम ईकड़ी में पहुंचेंगे और वहां पर होने वाली जनसभा को संबोधित करेंगे जिसकी सूचना राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता रणवीर दहिया ने दी। उन्होंने कहा कि कार्यकरता ग्राम ईकड़ी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह उपस्थिति होंगे और चुनावी रणनीति तैयार करेंगे।

## श्री रामेश्वरम राधा कृष्ण मंदिर का स्थापना हर्षोल्लास के साथ मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** श्री रामेश्वरम राधा कृष्ण मंदिर कसेरूखेड़ा मेरठ का स्थापना दिवस बुधवार को हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया एवं मंदिर में स्थित प्रतिमाओं को सुंदर वस्त्र धारण कराए गए। बुधवार को सुबह मंदिर प्रांगण में विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन किया गया दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार की शाम को मंदिर प्रांगण में श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया सुंदरकांड के पश्चात भजन कीर्तन का आयोजन किया गया भक्तों के द्वारा गाए गए भजनों ने थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवकुमार शर्मा, विनय वत्स, विजय सिंह, नरेंद्र यादव, रविकांत भारद्वाज ,आलोक भारद्वाज, वरुण वशिष्ठ, हिमांशु जोशी, ध्रुव चौधरी, आदित्य सिंह मुकेश मित्तल राजवीर सिंह मलिक, कमलेश शर्मा, शोभा जोशी आयुषी, शोभा जोशी, प्राची शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ऊर्जा भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था को लेकर प्रबंध निदेशक ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन विक्टोरिया पार्क, मेरठ मे किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ने स्मार्ट मीटर की प्रगति, उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण और विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रेस वार्ता के दौरान प्रबंध निदेशक ने बताया कि स्मार्ट मीटर से संबंधित प्राप्त कुल शिकायतों में से 98 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है वर्तमान मे स्मार्ट मीटर संबंधी कोई भी शिकायत बियोण्ड टाइम नहीं है।

प्रबंध निदेशक ने विभाग की कार्यकुशलता पर प्रकाश डालते हुए बताया की पश्चिमांचल विद्युत वित्तरण निगम लि. ने स्मार्ट मीटर प्रबन्धन और प्रक्रिया में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्तमान में रिकनेशन की लंबित शिकायतो की संख्या शून्य के



करीब है जो यह दर्शाता है की तकनीकी और विभागीय स्तर पर, उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा प्रदान करने के लिए पीवीवीएनएल पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया की बिल रिवीजन से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए, अधिकारियों को कडे निर्देश दिए गए हैं। बिल सुधार प्रकिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु इनका ऑडिट भी कराया जा रहा है। शिकायतों के निस्तारण में अभूतपूर्व स्फलता मिली है। 13 अप्रैल से भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं एवं (-) बैलेन्स वाले उपभोक्ताओं से अधिक. ारियों द्वारा व्यक्तिगत विशेष संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत पर पूर्ण नियंत्रण देने के लिए यूपीपीसीएल स्मार्ट एप को बढ़ावा दिया जा रहा है इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपनी दैनिक और प्रति घंटा खपत देख सकते हैं बल्कि यूपीआई या अन्य डिजिटल माध्यमों से तुरंत रिचार्ज भी कर सकते हैं साथ ही प्रीपेड उपभोक्ताओं का निर्धारित दर पर 2 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है। उपभोक्ताओं को समय पर सूचना न मिलने का संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा अब तक निरंतर एसएमएस निर्गत किए जा रहे हैं, एसएमएस गेटवे की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि कम बैलेन्स के एलर्ट की सूचना बिना किसी बांधा के उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें। स्मार्ट मीटर के लाभों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा पम्फलेट और स्टीकर वितरित किए जा रहे हैं यह स्टीकर सीधे मीटरों के नीचे चस्पा किए जाऐगे ताकि उपभोक्ताओं को सहायता और जानकारी सहजता से प्राप्त हो सके। प्रेस वार्ता में संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), पीके सिंह मुख्य अभियन्ता (वा.) सोनम सिंह स्टाफ ऑफिसर, सुनील कुमार सहित अन्य वरिष्ट अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुस्लिम रिक्शा चालक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

## लावड़ में पुलिस की तत्परता से सांप्रदायिक बवाल होने से बचा, पीड़ित ने एक घर में घुसकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में चिंदौड़ी मार्ग पर मंगलवार की देर रात बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा समाप्त होने के बाद शोभा यात्रा में शामिल दर्जनों लोगों ने एक मुस्लिम ई रिक्शा चालक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इस दौरान रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया उसने किसी तरह भाग कर एक मुस्लिम युवक के घर में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया जिससे उसकी जान बच गई।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को मेडिकल के लिए दौराला सीएससी भेजा और रात में ही अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी असगर पुत्र अली अहमद ई रिक्शा चलाता है बताया जाता है कि वह मंगलवार की देर रात किसी गांव में सवारी छोड़कर आ रहा था कस्बे में चिंदौड़ी मार्ग पर पुरानी पानी की टंकी के पास बाबा साहब की शोभायात्रा समाप्त हो रही थी तभी शोभा यात्रा में शामिल लगभग आधा दर्जन से अधिक युवक उसकी रिक्शा पर चढ़ गए और हुड़दंग मचाने लगे जिससे ई-रिक्शा पलट गई ई रिक्शा पलटने के कारण वहां खड़े एक बच्चे को चोट लग गई जिसके बाद दर्जनों लोगों ने ई-रिक्शा चालक असगर को पीटना शुरू कर दिया जिससे वह सिर में चोट लगने से घायल हो गया किसी तरह असगर जान बचाकर भागा तभी दर्जनों लोग उसके पीछे भागने लगे और उसे गिरा गिरा कर लाठी डंडों से जमकर पीटा उसने फिर से कोशिश करके भाग कर एक मुस्लिम युवक के घर में घुसकर दरवाजा बंद किया और अपनी जान बचाई। बताया जाता है कि कुछ ही देर बाद सैकड़ो लोग इकट्ठा होकर फिर वहां पहुंचे जहां पीड़ित असगर छुपा हुआ था आरोप है कि लोगों ने मकान मालिक के साथ



घायल रिक्शा चालक।

भी अभद्र व्यवहार किया सूचना पर डायल 112 व लावड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित युवक को मेडिकल के लिए सीएससी




वायरल सीसीटीवी फुटेज।

दौराला भेजा। पुलिस ने रात में ही अज्ञात युवको के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं लोगों का कहना है कि पुलिस की तत्परता से समय रहते कार्रवाई करते हुए सांप्रदायिक बवाल होने से बच गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिस पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कवि युगल के बेटे ग्रन्थ के आए 95 प्रतिशत अंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीबीएसई का दसवीं का रिजल्ट जैसे ही आया पूरे शहर में बधाईयों के तांते लग गए। मेरठ के कवि युगल सौरभ जैन सुमन एवं डॉ. अनामिका जैन अम्बर के छोटे बेटे ने भी इस वर्ष के. एल. इंटरनेशनल स्कूल से 10वीं की परीक्षा दी थी। उनके 95 प्रतिशत अंक आए तो घर में खुशी का माहौल छा गया। मिठाइयां लेकर दादी बाबा पहुंचे। सौरभ जैन सुमन ने बताया कि के.एल. इंटरनेशनल स्कूल अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बहुत काम करता है। निश्चित ही मेहनत उनके बेटे की है किंतु श्रेय स्कूल को भी जाता है। प्रिंसिपल सुधांशु शेखर एवं चेयरमैन तेजिंदर खुराना का आभार व्यक्त करते हुए सौरभ सुमन ने अपने सोशल मीडिया से पोस्ट भी की है। डॉ. अनामिका जैन अम्बर ने कहा कि पूरा परिवार ग्रन्थ के नंबरों से बहुत खुश है। उन्होंने कहा कि हमने कभी पढ़ाई को लेकर बच्चों पर दबाव नहीं बनाया।



## जीटीबी में डॉ. गोपाल दीक्षित ने प्रधानाचार्य का कार्यभार संभाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** मेरठ कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में बुधवार को डॉ. गोपाल दीक्षित ने नए प्रधानाचार्य के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सरदार इंदरजीत सिंह सालवान, उप-प्रधानाचार्य प्रभा राव, सीनियर कोऑर्डिनेटर अंजिल शर्मा, कोऑर्डिनेटर विशाल गौड़ सहित समस्त स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने डॉ. दीक्षित की लंबी शैक्षिक सेवाओं, अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए चयनित किया है। उनके नेतृत्व में विद्यालय के शैक्षिक स्तर को और ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. गोपाल दीक्षित पिछले 26 वर्षों से मेरठ के विभिन्न विद्यालयों में प्रधानाचार्य के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वे सीबीएसई के डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डिप्टी डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## घर में घुसकर मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी थाना पुलिस ने घर से मोबाइल चोरी करने वाले एक व्यक्ति को दबोच लिया और चालान कर दिया सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को शाहिद निवासी जानी ने एक व्यक्ति के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि घर में घुसकर उसका कीमती मोबाइल और सोने की अंगूठी चोरी कर एक आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुट गई लेकिन आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था वहीं बुधवार को उप निरीक्षक सुजीत कुमार ने मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी को उसकी बताई जगह से दबोच लिया जहां उसके पास से सोने की अंगूठी और मोबाइल बरामद हुआ पुलिस ने चालान कर जेल भेज दिया।

# लावड़ के व्यापारियों ने लाइसेंस शुल्क को लेकर चेयरपर्सन व अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को लावड़ व्यापार संघ के पदाधिकारी व्यापारियों के साथ मिलकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और चेयरपर्सन हज्जन आफताब व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि नगर पंचायत द्वारा व्यापारियों पर जो लाइसेंस शुल्क जबरन लगाया जा रहा है उस पर तत्काल रोक लगाई जाए व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि कस्बे के व्यापारी पहले से ही अनेक प्रकार के टैक्स भर रहे है अब नगर पंचायत द्वारा लगाया जा रहा लाइसेंस शुल्क वह नहीं दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां का व्यापारी इतना शक्षम नहीं है कि वह इस टैक्स को दे सके। ज्ञापन लेने के बाद चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि वो आगामी बोर्ड बैठक में कोई समाधान जरूर निकालेंगी लेकिन व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि वह किसी भी हाल में ये टैक्स नहीं दे पाएंगे जिसके



बाद चेयरपर्सन ने साफ कहा कि कस्बे के व्यापारियों से लाइसेंस शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस शुल्क पर तत्काल रोक लगाई जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह लाइसेंस शुल्क पर पूरी तरह रोक लगा रही है और किसी भी व्यापारी से ये शुल्क नहीं लिया जाएगा लेकिन उन्होंने व्यापारियों से कहा कि आप गृहकर जमा करने के लिए ओर सभी व्यापारियों के साथ-साथ कस्बे के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अगर समय से गृहकर जमा होता है तो फिर लाइसेंस शुल्क की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उन्हें लाइसेंस शुल्क नहीं देना होगा। इस दौरान चेयरपर्सन हज्जन आफताब के अलावा चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता, महामंत्री नायाब रिजवी, सभासद मनोज गोयल, भूसी ग्रोवर, रामानंद विल्टोरिया, विपिन जाटव, मनीष अग्रवाल, अंशुल गुप्ता, चंद्रपाल सैनी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महिला की दबंगई ऑटो चालकों को नहीं देती किराया

### खुद को बताती है एसएसपी की पत्नी!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में एक महिला चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जाता है कि एक महिला जो कस्बा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है वह हर रोज लावड़ से ऑटो में बैठकर मेरठ तक जाती है। बताया जाता है कि उक्त महिला आए दिन ऑटो चालकों को दबंगई दिखाती है और किराया भी नहीं देती है और खुद को एसएसपी की पत्नी बताती है, जिससे ऑटो चालकों में डर बना हुआ है।

बुधवार की सुबह महिला फिर से एक ऑटो में आकर बैठ गई। तभी ऑटो चालक ने कहा कि मैडम आज किराया देना पड़ेगा आप हर बार किराया नहीं देती हो जिस पर महिला ने गुस्से में आकर ऑटो चालक सुहैब पुत्र रहीसू के साथ गाली गलौच करते हुए कहा कि मैं एसएसपी की पत्नी हूं तुम्हारे गोली लगवा दूंगी। तभी डरे सहमे ऑटो चालक ने लावड़ चौकी पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से पूछताछ की। बताया जाता है कि महिला ने पुलिस के सामने भी अभद्र व्यवहार किया और पुलिस के सामने ही कहा कि वह एसएसपी की पत्नी है। ऑटो चालक सुहैब ने उक्त महिला के खिलाफ चौकी में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कस्बा स्थित हिपोक्रेट्स क्लीनिक में संपन्न हुआ, जहां महिलाओं को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला दरोगा किरन कुमारी ने उपस्थित महिलाओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए और कठिन परिस्थितियों में खुद को सुरक्षित रखने के तरीके बताए। उन्होंने महिलाओं को वूमेन हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्थानीय पुलिस स्टेशन और साइबर हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता ली जा सके। इस अवसर पर इंस्पेक्टर क्राइम अरविंद कुमार, महिला एसआई पूनम और कांस्टेबल रोजी सहित अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने महिलाओं को जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निडर होकर पुलिस से संपर्क करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी व प्रेरणादायक बताया।

# शांति निकेतन विद्यापीठ का सीबीएसई कक्षा 10 का परिणाम शत-प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना रोड स्थित शांति निकेतन विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय का परिणाम हर वर्ष की भांति इस बार भी शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने जानक. ारी देते हुए बताया कि कक्षा 10वीं की मेधावी छात्रा वशु रस्तोगी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हर्षिता वर्मा ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सिमरन रानी ने




88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की, जिससे विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट परिणाम है। एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का सामूहिक प्रतिफल है। उन्होंने भविष्य में भी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प को दोहराया। विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर नीरू, अलका पुंडीर, बीना गुणवंत एवं विस्मिता पटेल ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शोभित विवि में ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टीट्यूशनल स्टडीज (एसएलसीएस) द्वारा मंगलवार को विश्वविद्यालय के सभागार में 'भारत में आंतरिक सुरक्षा की गतिशीलता' विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रशास. निक अधिकारी, संकाय सदस्य एवं एसएलसीएस के बड़ी संख्या में उत्साही विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर के विशिष्ट अतिथि वक्ता थे। यशोवर्धन आजाद आईपीएस (सेवा. निवृत्त) जो इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व विशेष निदेशक, भारत सरकार के पूर्व सचिव (सुरक्षा), पूर्व केंद्रीय सूचना आयुक्त तथा वर्तमान में डीपस्ट्रैट एलएलपी के अध्यक्ष हैं। वर्ष 1976 बैच के आईपीएस अधिकारी आजाद ने लगभग चार दशकों तक खुफिया तंत्र, आतंकवाद-रोधी अभियानों और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में देश की अमूल्य सेवा की है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. विनोद त्यागी ने की। इस अवसर पर प्रति-कुलपति प्रो. डॉ. जयानंद,




कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, डीन एकेडमिक्स डॉ. अशोक गुप्ता, अकादमिक समन्वयक डॉ. मोहम्मद आमिर, एसएलसीएस के समस्त संकाय सदस्य एवं विद्यार्थीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात कुलपति, प्रति-कुलपति एवं कुलसचिव ने अतिथि वक्ता यशोवर्धन आजाद का स्मृति चिन्ह, पटका एवं पौधा भेंट कर औपचारिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कुलपति प्रो. विनोद त्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय चुनौतियों के संदर्भ में विधि शिक्षा का व्यावहारिक धरातल से जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विभाग की इस पहल की सराहना की जिसके अंतर्गत देश के प्रतिष्ठित सुरक्षा विशेषज्ञ विद्यार्थियों के बीच आकर अपना अनुभव साझा करते हैं।

अकादमिक समन्वयक डॉ. मोहम्मद आमिर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए व्याख्यान के विषय की महत्ता को प्रतिपादित किया और विभाग की ओर से अतिथि वक्ता का हार्दिक अभिनंदन किया। अपने व्यापक एवं प्रभावशाली व्याख्यान में यशोवर्धन आजाद ने भारत की आंतरिक सुरक्षा के बदलते स्वरूप को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, सीमा सुरक्षा, आसूचना तंत्र की सफलताओं और विफलताओं, आधुनिक निगरानी में प्रौद्योगिकी की भूमिका, तथा एक विविधतापूर्ण लोकतंत्र में आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने की चुनौतियों पर विशद प्रकाश डाला। इंटेलिजेंस ब्यूरो में अपने अनुभव, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा कार्यों, तथा भारत के प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी सचिव (सुरक्षा) के पद पर कार्य करने के अपने व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सुरक्षा की वास्तविकताओं से साक्षात्कार कराया। व्याख्यान के उपरांत एक जीवंत एवं बौद्धिक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा, खुफिया एजेंसियों के कार्यकलापों तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में नागरिक समाज की भूमिका जैसे विषयों पर तीक्ष्ण प्रश्न पूछे। आजाद ने प्रत्येक प्रश्न का अत्यंत स्पष्टता, खुलेपन एवं गहराई के साथ उत्तर दिया, जिससे विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निहारिका पिलानिया द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने आजाद, समस्त गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के प्रति संस्था की हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। इस कार्यक्रम का आयोजन एसएलसीएस की संकाय सदस्य इकरा रशीद द्वारा किया गया था। कार्यक्रम एक प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## पुलिस ने चोरी के माल के साथ तीन आरोपी किए गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सुभारती क्षेत्र में आए दिन चोरी के मामले मिल रहे हैं लेकिन पुलिस भी लगातार पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रही लेकिन चोरी के मामले दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं। विश्वकर्मा इंडस्ट्री में काम कर रहे तीन व्यक्तियों ने मंगलवार की दिन रात को लैंड सिल्ली चोरी कर ली और फैक्ट्री के पीछे एक कूड़े में छुपा दिया था वहीं फैक्ट्री मालिक अमित रस्तोगी ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी जिसमें बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जानी गंग नहर पर बुधवार के दोपहर को चेकिंग के दौरान तीन व्यक्तियों को दबोच लिया जहां उनके पास से लैंड सिल्ली बरामद हुई। पुलिस ने जांच पड़ताल में चोरी का खुलासा किया और थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि तीनों आरोपी प्रशांत और सानू पुत्र तुलसीराम जॉनी उर्फ जयदेव पुत्र गजेंद्र बलेनी बागपत के रूप में हुई और तीसरा आरोपी प्रदीप पुत्र जगद. ीश निवासी डालुहेड़ा के रूप में हुई पुलिस ने चालान कर जेल भेज दिया।

# सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट घोषित, केके पब्लिक स्कूल सरधना का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही केके पब्लिक स्कूल, सरधना में खुशी का माहौल देखने को मिला। परिणाम जानने के लिए सुबह से ही छात्र-छात्राओं की भीड़ विद्यालय परिसर में जुटनी शुरू हो गई। जैसे ही बच्चों को अपना परिणाम पता चला, उनके चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। छात्रों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी और मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस दौरान कई छात्रों ने अपने शिक्षकों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। मैनेजर सुशील कुमार, सचिव संजीव कुमार और प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनका मुंह मीठा कराया। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही यह परिणाम है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष 100 प्रतिशत




रहा, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। परिणाम में शिखा भारती ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अरिहंत जैन और वासु जैन ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शौर्य जैन 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

इसके अलावा सात्विक त्यागी ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ, गुनी जैन ने 92.4 प्रतिशत अंक लेकर पंचम, पारखी जैन और शुबी अत्रे ने 91.8 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से छठा तथा अनम अली ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## आईसीएसएसआर ने डॉ. विपिन आर्य को पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए चुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोहटा।** ब्लॉक के गांव चिंदौड़ी खास निवासी किसान ओमपाल सिंह के होनहार बेटे डॉ. विपिन आर्य का चयन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली द्वारा पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए हुआ है। उनके चयन होने से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। डॉ. विपिन आर्य की यह खास उपलब्धि है, कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में रक्षा अध्ययन विषय पर उनका ही एकमात्र चयन हुआ है।

डॉ. विपिन आर्य के पोस्ट डॉक्टोरल के शोध का विषय शनक्सलवाद का कमजोर होनाश रू भारत की आंतरिक सुरक्षा में भविष्य की चुनौतियां एवं संभावनायें (छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष संदर्भ में) एक विश्लेषणात्मक अध्ययन है। डॉ. विपिन आर्य रक्षा अध्ययन विभाग मेरठ कॉलेज मेरठ के एचओडी डॉ. अनुराग जायसवाल के निर्देशन में यह शोध कार्य करेंगे। डॉ. विपिन आर्य युवा रालोद के क्षेत्रीय



उपाध्यक्ष भी है। उनके चयन होने पर रालोद जिलाध्यक्ष अनिकेत भारद्वाज, युवा रालोद क्षेत्रीय अध्यक्ष आसिफ चौधरी, क्षेत्रीय विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद, प्रवक्ता सुनील रोहटा, सिवालखास प्रभारी रणवीर दहिया, आशीष चौधरी कलीना, जिला पंचायत सदस्य मीतन जाटव, सम्राट मालिक, बिजेंद्र प्रमुख, समा. जसेवी दुष्यंत रोहटा, ने शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लखनऊ ने बेंगलुरु को जीत के लिए 147 रन का टारगेट दिया

**बेंगलुरु।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) ने आईपीएल-19 के 23वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 147 रन का टारगेट दिया है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ 20 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में बेंगलुरु ने एक ओवर में बिना नुकसान के 6 रन बना लिए हैं। फिल साल्ट और इम्पैक्ट प्लेयर विराट कोहली क्रीज पर हैं।

ओपनर मिचेल मार्श ने 40, मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन की पारी खेली। रसिख सलाम ने 4 विकेट झटके। जबकि भुवनेश्वर कुमार को 3 विकेट मिले। क्रुणाल पंडया ने 2 विकेट झटके। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला। विराट कोहली इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं। वे पहली बार इस रोल में नजर आए हैं। कोहली को सुयश शर्मा की जगह मैदान पर ला गया। 20वें ओवर में रसिख सलाम ने दो विकेट झटके। उन्होंने मुकुल चौधरी और आवेश खान को बोल्ड कर दिया। इस तरह लखनऊ की टीम 20 ओवर में 146 रन पर आलआउट हो गई। मुकुल ने 39 रन बनाए। 19वें ओवर की पहली बाल पर जार्ज लिंडे को जीवनदान मिला। यहां रोमारियो शेफर्ड से कैच ड्राप हो गया। हालांकि, वे इसका फायदा नहीं उठा सके। वे तीसरी बाल पर टिम डेविड को कैच थमा बैठे। अगली ही बाल पर भुवी ने मोहम्मद शमी को बोल्ड कर दिया, लेकिन हैट्रिक नहीं ले सके। आवेश ने बाल को लान्ग आन पर खेल दिया। 17वें ओवर में लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल भुवनेश्वर कुमार ने लो फुल टास फेंकी। ऋषभ पंत ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। फिल साल्ट ने आगे की ओर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। पंत 1 रन ही बना सके। 16वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल रसिख सलाम ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। आयुष बडोनी ने शाट खेला, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। बडोनी ने 38 रन बनाए। बडोनी के बाद ;षभ पंत बैटिंग करने आए। वे पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। पहली पारी में 5 ओवर का खेल बाकी है। टीम ने 83 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे, यहां से मुकुल चौधरी और आयुष बडोनी ने टीम को संभाल लिया।

# पर्पल कैप तालिका: कम्बोज -प्रसिद्ध संयुक्त रूप से शीर्ष पर



**चेन्नई।** दे दनादन क्रिकेट इंडियन प्रमियर लीग (आईपीएल) 2026 जैसे -जैसे आगे बढ़ता जा रहा है अब हर दिन पर्पल और ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो रहे है।

इसी क्रम में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद अंशुल कम्बोज और प्रसिद्ध कृष्णा पर्पल केप तालिका में संयुक्त रुप से शीर्ष पर पहुंच गए है। सीएसके के मध्यम तेज गें. दबाज अंशुल कम्बोज अब तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेले हैं जिसमें उन्हें विकेट न मिला हो। पांच मैचों में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ जब वे दो या उससे अधिक विकेट नहीं ले सके। एमए चिदब. रम स्टेडियम में खेले कल खेले गए मुकाबले में कम्बोज ने केकेआर के खिलाफ 32 रन देकर 2 विकेट झटके इसी के साथ उनके इस सीजन में कुल 10 विकेट हो गए। अब वे प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात टाइटंस) के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के चलते पर्पल कैप अभी भी कृष्णा के पास ही है। इस तालिका में रवि बिश्नोई द्धराजस्थान रॉयल्सत्र नौ विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। उनके बाद जोफ्रा आर्चर सात विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। इसके बाद तीन गेंदबाज छह-छह विकेट के साथ मौजूद हैं, प्रिंस यादव (लखनऊ सुपर जायंट्स), जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और केकेआर के वैभव अरोड़ा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ एक विकेट हासिल किया। ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। हाइनरिक् क्लासन (224 रन) और इशान किशन (213 रन) अब भी पहले और दूसरे स्थान पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 200 रन के साथ तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभी तक केवल यही तीन बल्लेबाज 200 या उससे ज्यादा रन तक पहुंच सके हैं। उनके बाद चौथे नंबर पर आरसीबी के रजत पाटीदार 195 रन के साथ हैं। वहीं पांचवें नंबर पर एक नया नाम जुड़ा है।

## महाराष्ट्र की पहली निशानेबाजी लीग पुणे में 17 से होगी शुरू

**पुणे।** महाराष्ट्र की पहली निशानेबाजी लीग 17 से 19 अप्रैल तक पुणे के अमनोरा पार्क स्थित छत्रगुंज नर्स स्कूल में आयोजित की जाएगी महाराष्ट्र राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र', राज्य स्तर पर 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया' इकोसिस्टम की दिशा में एक अहम कदम है। हाल ही में 'शूटिंग लीग ऑफ कर्नाटक' की सफल शुरुआत के बाद, महाराष्ट्र संस्करण इस खेल के लिए एक प्रतिस्पर्धी लीग ढांचा तैयार करने की, पूरे भारत में लागू की जा रही रणनीति का अगला चरण है। महाराष्ट्र में इस खेल के इतिहास में पहली बार टीमों पर आधारित प्रारूप अपनाया जाएगा।

## धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मुक. ाबले में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल के एक बयान के अनुसार, चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था ,जो धीमी ओवर गति से संबंधित है। इसलिए रहाणे पर 12 लाख जुर्माना लगा। आईपीएल के इस 22वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रनों से हरा दिया। मेजबान टीम ने पांच विकेट पर 192 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर का सफल बचाव किया। उन्होंने बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के दम पर केकेआर के लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश को रोक दिया।

# निडर पंजाब के खिलाफ मुंबई को दिखाना होगा दमखम

**मुंबई।** वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स का मैच सिर्फ एक और आईपीएल मैच नहीं है। यह ऐसी शाम है जब रेप्युटेशन डगमगाती है और कॉन्फिडेंस बढ़ता है, और इंडियन क्रिकेट की पुरानी आदतें मानसून के जिद्दी गढ्डों की तरह सतह पर लौट आती हैं।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस यहां ऐसे पहुंचती है जैसे कोई हैवीवेट बॉक्सर अचानक अपने पैरों पर खड़ा न हो। लगातार तीन हार ने उन्हें खतरनाक फिनिशर से बेचैन सर्वाइवर बना दिया है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से तीसरी हार के बाद, कप्तान हार्दिक पांड्या ने अप्रोच में बदलाव की बात कही है, यह मानते हुए कि फॉर्म से कहीं गहरी चीज को ठीक करने की जरूरत है। यह टैक्टिकल एडजस्टमेंट कम और चुपचाप यह मानना ज्यादा है कि मशीन खराब हो रही है। हार्दिक अब खुद को एक ऐसी बॉलिग यूनिट को एक साथ रखने की कोशिश करते हुए पाते हैं जो लीक करती है और जंग लगी बाल्टी की तरह चलती है। चिंता सिर्फ हार की नहीं है, बल्कि उसके तरीके की है-अचानक गिरने के बजाय धीरे-धीरे खत्म होना, और एक लीडरशिप ग्रुप जानी-पहचानी जगहों पर जवाब ढूंढ रहा है। सबसे ऊपर रोहित शर्मा हैं, जो अभी भी शानदार हैं, अभी भी खतरनाक हैं, उन्होंने चार मैचों में 137 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट बताता है कि पुरानी आदत अभी भी कायम है। उनके साथ, रयान रिकेल्टन ने आक्रामक शुरुआत करके उम्मीद दिखाई है, जबकि सूर्यकुमार यादव, जो शायद उन सभी में सबसे टैलेंटेड हैं, इस सीजन में अजीब तरह से संयमित हैं, जैसे कि धमाका करने की इजाजत का इंतजार कर रहे हों। तिलक वर्मा पर



भी उम्मीदों का बोझ है, एक ऐसे युवा से कहा गया है जो तूफानों का मजा लेने के बजाय उन्हें शांत करे। हार्दिक खुद हर जगह और कहीं नहीं हैं, एक पल शेरफेन रदरफोर्ड की आतिशबाजी के साथ पारी खत्म करते हैं, और फिर अगले ही पल एक ऐसे बॉलिंग अटैक को संभालने के लिए लौट आते हैं जो उनकी बात मानने से इन्कार कर देता है। मिचेल सेंटनर कंट्रोल तो करते हैं लेकिन डराते नहीं हैं। नमन धीर और शार्दुल ठाकुर से उम्मीद है कि वे कमियों को पूरा करेंगे, लेकिन कमियां बहुत ज्यादा हैं। मयंक मार्कंडे बीच के ओवरों में पक्का करने की कोशिश करते हैं, लेकिन वानखेड़े ऐसे इरादों के लिए शायद ही कभी मेहरबान होते हैं। और फिर जसप्रीत बुमराह हैं। एक ऐसा नाम जिसने कभी बल्लेबाजों को डराकर रक्षात्मक चुप्पी साध ली थी, अब खुद को असहज जांच के दायरे में पाता है, चार मैचों में कोई विकेट नहीं, एक ऐसा आंकड़ा जो लगभग अस्वाभाविक लगता है। ट्रेंट बोल्ट भी नई गेंद से महंगे रहे हैं, जबकि व्यापक आक्रमण लय खोजने के लिए संघर्ष करता रहा है। पिच पर पंजाब किंग्स खड़ी है, एक ऐसी टीम जो वर्तमान में ऐसा व्यवहार कर रही है जैसे उसने कोई ऐसा रहस्य खोज लिया हो जिसे लीग के बाकी खिलाड़ी भूल गए हैं। श्रेयस अय्यर शांत अधिकार के साथ उनका नेतृत्व करते हैं, जो हाल ही में उनकी बढ़त में पहले ही 69 रन के एंकर हैं। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह बल्लेबाज कम, विध्वंसक दल ज्यादा रहे हैं - एक ने 20 गेंदों पर 57 रन बनाए, दूसरे ने 25 गेंदों पर 51 रन बनाए, जिससे पावरप्ले सार्वजिनक चेतावनी में बदल गए। कूपर कोनोली और नेहाल वढेरा स्थिरता प्रदान करते हैं जेवियर बार्टलेट और विजयकुमार वैशाख पेस और डिसिप्लिन देते हैं, जबकि अर्शदीप सिंह, कभी -कभी लीकेज के बावजूद, नई बॉल से उनके स्ट्राइक की उम्मीद बने हुए हैं। युजवेंद्र चहल, पुराने जादूगर, बैटर्स के उन्हें एक बार गलत समझने का इंतजार करते हैं-और फिर दो बार। वानखेड़े की पिच, किसी नेता के वादे की तरह सपाट, तबाही को न्योता देती है। पहली इनिंग्स का एवरेज स्कोर लगभग 185 है और चेज करने वाली टीमें पिछले आठ में से पांच गेम जीत रही हैं, टॉस होने पर ऐसा लगता है जैसे आधा मैच पहले ही तय हो चुका है। धूप, पसीना और 30 सेल्सियस में पूरी तरह बैटिंग का मजा लें। और इसलिए कहानी और तीखी हो जाती है: मुंबई इंडियंस, न सिर्फ़ आउट ऑफ़ फ़ॉर्म है बल्कि खुले तौर पर अपनी पहचान बदलने के बारे में सोच रही है, बनाम पंजाब किंग्स, एक ऐसी टीम जो बेफ़िक्रि होकर खेल रही है जैसे उसे लगता है कि अभी का उस पर कोई एहसान नहीं है। एक टीम सीजन के बीच में खुद को फिर से बनाने की कोशिश कर रही हैद्ध दूसरी टीम इससे होने वाली तबाही का मजा ले रही है।

# महात्रे के मुरीद हुए ब्रेविस

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने टाटा आईपीएल 2026 में लगातार दो जीत दर्ज कीं, और कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से आसानी से हरा दिया।



सीएसके के डेवाल्ड ब्रेविस ने जियोस्टार एक्सपर्ट रविचंद्रन अश्विन और डेल स्टेन के साथ मिलकर आयुष म्हात्रे के धमाक. ेदार प्रदर्शन, कैप्टन रुतुराज गायकवाड़ के फॉर्म और क्या केकेआर में वापसी करने की काबिलियत है, इस पर अपने विचार साझा किए। ब्रेविस ने कहा, ष्यह मजेदार था, मैंने इसका मजा लिया। यहां भीड़ के सामने होना बहुत अच्छा था, बहुत खास। और हां, बस विकेट को जानने में समय बिताया। यह पिछली रात की तुलना में थोड़ा अलग था, लेकिन हां, बहुत मजा आया। मैदान पर डाइव लगाना, बल्ले से अच्छा स्विंग करना और बस उसे महसूस करना बहुत अच्छा था। ऐसा लगता है कि मेरा थोड़ा कॉन्फिडेंस बढ़ गया है क्योंकि साइड स्ट्रेन के कारण बाहर रहना अच्छा नहीं था। लेकिन हां, मैं मजबूत महसूस कर रहा हूं और मुझे खुशी है कि हम जीत गए।ष टीम में साथी 'निडर खिलाड़ी' आयुष म्हात्रे के बारे में उन्होंने कहा, ष्म्हात्रे खास हैं, वह युवा हैं और जिस तरह से खेलते हैं, वैसे ही खेलते हैं। मेरी उनसे यही इच्छा है कि वह खुद के प्रति सच्चे रहें, मजे करें और चाहे कुछ भी हो जाए, ऐसे ही खेलें। आपके करियर में उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन यह देखना शानदार है कि वह कैसे खेलते हैं। वह असल में बॉल-बाय-बॉल खेलते हैं, रिएक्ट करते हैं और उसे वहीं मारते हैं जहां उसे जाना चाहिए।ष रविचंद्रन अश्विन को उम्मीद है कि सीएसके के कैप्टन रुतुराज गायकवाड़ जल्द ही फॉर्म में आ जाएंगे उन्होंने कहा, ष्एक कैप्टन के तौर पर उन्हें कुछ जीत मिली हैं, इससे उन्हें इस टूर्नामेंट में सच में आसानी होनी चाहिए। सच कहूं तो, अगर मैं डगआउट में बैठा होता या रुतुराज गायकवाड़ होता, तो मुझे ज्यादा परेशानी नहीं होती। टी 20 एक ऐसा गेम है जहां आपको लगातार इंटेंट दिखाना होता हैद्ध बस एक छोटी सी चीज है जो मैं चाहूंगा। अगर आप आयुष म्हात्रे या संजू सैमसन को देखें, तो उन्होंने ग्राउंड में जाकर सही ऑप्शन चुने। जबकि रुतुराज थोड़ा ज्यादा लाइन के पार जा रहे हैं और जल्दी कैच आउट हो रहे हैं। अगर वह अपनी इनिंग्स की शुरुआत में थोड़ा आराम से खेलते, बॉल को टाइम करते, और ज्यादा डाउन ग्राउंड खेलते तो यह उनके लिए अच्छा होता।

# ओटो विर्टानेने को हराकर अल्काराज ने बार्सिलोना ओपन में की विजयी शुरुआत

**बार्सिलोना।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने घरेलू क्ले टूर्नामेंट बार्सिलोना ओपन 2026 में ओटो विर्टानेस के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की है।



पुरुषों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने मंगलवार को फिनलैंड के ओटो विर्टानेन के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 6-2 की शानदार जीत के साथ, 12 महीने बाद स्पेन की धरती पर वापसी की। उन्होंने पहले सेट के आखिर में कलाई की चोट से उबरते हुए, अपने पहले पेशेवर टेनिस मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 130वें नंबर के खिलाड़ी को आसानी से हरा दिया। विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज का अगला मुकाबला चेकिया के टोमास माचाक से होगा, जिन्होंने कैटलन की राजधानी में सेबेस्टियन बाएज को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर पीछे से वापसी की। अल्काराज अगर अपना तीसरा बार्सिलोना खिताब जीत लेते हैं, तो वे विश्व रैंकिंग में पहले नंबर का अपना स्थान वापस हासिल कर सकते हैं, क्योंकि जानिक सिनर इस सप्ताह न तो बार्सिलोना में एटीपी 500 टूर्नामेंट में खेल रहे हैं, न ही म्यूनिख में।

# रोहित नेट्स प्रैक्टिस में नहीं गए

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने लंबा प्रैक्टिस सेशन किया, जिसमें रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी साफ दिखी। वह स्टेडियम नहीं गए, जिससे हर कोई उनकी फिटनेस और गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आने वाले मैच के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में अंदाजा लगा रहा है। जैसा कि पहले बताया गया था, रोहित हैमस्ट्रिंग में चोट से जूझ रहे हैं।



असल में, कोई भी हैमस्ट्रिंग चोट गंभीर होती है, लेकिन क्रिकबज को पता चला है कि इस बात का कोई पक्का सबूत नहीं है कि कोई गंभीर चोट है जिससे रोहि. हत को बहुत सारे आईपीएल मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। रोहि. हत सोमवार को आरसीबी के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के छठे ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए थे। रोहित का स्कैन हुआ, जिसके बारे में क्रिकबज ने सबसे पहले 13 अप्रैल को रिपोर्ट किया था, और पता चला है कि चोट का कोई सबूत नहीं है, यह बात मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट के लिए राहत की बात होगी। एमआई गुरुवार को रोहित को खिलाकर कोई रिस्क लेगा या नहीं, यह बहस का मुद्दा है। हो सकता है कि मैनेजमेंट, रोहि. हत की टीम में मौजूदगी को देखते हुए, चोट के बढ़ने के रिस्क से बचने के लिए सावधानी बरते। हालांकि, यह भी हो सकता है कि आखिरी फैसला खुद रोहित पर छोड़ दिया जाए। उनके अनुभव को देखते हुए, वही यह अहम फैसला लेने के लिए सबसे सही हैं। विल जैक्स जल्द आ सकते हैं इस बीच, पता चला है कि विल जैक्स जल्द ही टीम में शामिल होंगे, अगर वह पहले से नहीं आए हैं। कुछ संकेत थे कि इंग्लिश ऑलराउंडर मंगलवार को टीम को रिपोर्ट करेंगे, लेकिन प्रिंट में जाने तक कोई कन्फर्मेशन नहीं था। जैक्स के आने से एमआई के मिडिल ऑर्डर के साथ-साथ उनकी स्पिन बॉलिग भी मजबूत होगी - एक ऐसा एरिया जिसमें टीम ने इस सीजन में कुछ खास अच्छा नहीं किया है। जैक्स को हाल ही में हुए वर्ल्ड कप में चार बार प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, उन्होंने अपनी ऑल-राउंड स्किल्स से इम्प्रेस किया था।

# क्या ग्रीन को ड्राप करना एक ऑप्शन है: फिंच

**चेन्नई।** पांच गेम एक भी जीत नहीं। एक मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाने से एक पॉइंट। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच को छोड़कर, जो आखिरी बॉल तक चला, कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ऐसा नहीं लग रहा था कि वे आईपीएल 2026 में अपने कोई और मैच जीतेंगे।

उनका पेस अटैक कमजोर हो गया है। उनके दो मेन स्पिनर में से एक आउट ऑफ फॉर्म है। उनकी बैटिंग में फायरपावर नहीं दिखता। और, जैसा कि आरोन फिंच ने कहा, मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उनकी कुछ टैक्टिक्स बहुत शक वाली थीं, भले ही सुनील नारायण के साथ बैटिंग ओपनिंग करने से पर्दे के पीछे कुछ सोच का पता चलता हो। लेकिन अगर यह जीत के लिए 193 रन के टारगेट पर होने और एक पॉजिटिव कदम के जवाब में था, तो अजिक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने अपनी पार्टनरशिप में - 31 गेंदों में 50 रन - बहुत कम हिम्मत दिखाई। गेम के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में फिच ने कहा, ष्निश्चित रूप से यह अच्छा नहीं था। केकेआर के बारे में बहुत सारे सवाल हैं, खासकर उस रन चेज में। उनकी कुछ टैक्टिक्स पर बहुत शक था।

हमने सुनील नारायण को टॉप ऑर्डर में भेजने के फैसले की तारीपफ की। आज यह काम नहीं आया (17 गेंदों में 24 रन), लेकिन यह कुछ अलग था। कम से कम उन्होंने कोशिश तो की।,लेकिन कुछ दूसरे फैसले थोड़े अजीब थे। और वे कभी भी दौड़ में नहीं थे। हमने रहाणे और रघुवंशी के साथ बैटिंग करने के बारे में बात की, कि यह कितना रुकावट डालने वाला फैक्टर हो सकता है। और उनकी पार्टनरशिप



हमने रहाणे और रघुवंशी के साथ बैटिंग के बारे में बात की, यह कितना रुकावट डालने वाला फैक्टर हो सकता है

खराब नहीं थी, लेकिन उस पार्टनरशिप में अभी भी कोई फ़र्क नहीं है। वे बॉलिग नहीं लेते। वे उस पॉइंट पर नहीं पहुंचते जहां विरोधी टीम के कप्तान को अपनी टीम में बदलाव के बारे में कोई सीरियस फ़ैसला लेना पड़े।ष केकेआर के बॉलिग कोच टिम साउदी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्जाहिर है कि आईपीएल में कोलकाता के लिए बैटिंग में उन्हें काफ़ी सफलता मिली है, इसलिए मुझे लगता है कि हमारे पास टॉप ऑर्डर में बहुत सारे ऑप्शन हैं, और फिर हमने सोचा कि हम इस गेम में कुछ अलग ट्राई करेंगे। मुझे लगता है, जाहिर है जब आप हार रहे होते हैं, तो आप कई अलग-अलग ऑप्शन देख सकते हैं। और हां, मुझे लगता है कि आईपीएल की यही खूबसूरती है, अपनी टीम की गहराई को परखना।

मंगलवार को, केकेआर ने नारायण और फिन एलन के साथ ओपनिग की। एलन ने 1 रन बनाया। अब उनके स्कोर 37, 28, 6, 9 और 1 हैं। कैमरन ग्रीन, जिन्होंने इस गेम में नंबर 6 पर बैटिंग की, इस सीजन में लगातार दो गेम में एक ही जगह पर बैटिंग नहीं की है, और उनके स्कोर 18, 2, 4, 32[ और 0 हैं। उनके पास बेंच पर टिम सीफर्ट हैं - साथ ही रचिन रवींद्र भी, जो ज्यादा फायरपावर का वादा नहीं करते हैं - लेकिन वह किसे रिप्लेस करेंगे? फिच ने कहा, ष्जब आपके पास डगआउट में इतना अनुभव होता है, तो आपको लगता है कि वे कम से कम सही समय पर सही फैसले तो लेंगे।

कैमरन ग्रीन के लिए नंबर 6 पर बैटिंग करना, उनके लिए एक अजीब पोजिशन है। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने टी 20 क्रिकेट में ऐसा बहुत ज्यादा किया है। उन्होंने नहीं किया है। ग्रीन ने टी20 में 68 बार बैटिंग की है, जिसमें से उन्होंने सिर्फ़ नौ बार उस नंबर पर बैटिंग की है। आखिरी बार 2024 में था। लेकिन ग्रीन को ऑक्शन में 25-20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। वह आउट ऑफ़ टच हैं, लेकिन क्या उन्हें ड्रॉप करना भी एक ऑप्शन है? कोलकाता के पास सोचने के लिए 48 घंटे हैं क्योंकि उनका अगला मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ है।

# डेन्मार्क के बैडमिंटन लीजेंड एक्सेलसन ने संन्यास लिया

**बीजिंग।** डेनमार्क के लीजेंड बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने लगातार पीठ की चोट की वजह से 32 साल की उम्र में प्रोफेशनल बैडमिंटन से संन्यास लेने का ऐलान किया है।

दो बार के ओलंपिक चैंपियन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज का दिन मेरे लिए आसान नहीं है। उन्होंने अपनी पुरानी चोट से जूझने के बारे में बताया। एंडोस्कोपिक सर्जरी, कई इंजेक्शन, नई ट्रेनिंग के तरीके, इलाज, और लंबे समय तक दर्द से छुटकारा पाने के लिए हर तरह की कोशिश करने के बाद, मुझे अपनी लंबे समय की सेहत पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। एक्सेलसन के करियर में कई कामयाबियां रहीं, जिससे बैडमिंटन के जाने-माने खिलाड़ियों में से एक के तौर पर उनका नाम पक्का हो गया। उन्होंने बीडब्ल्यूएफ मेन्स सिगल्स वर्ल्ड नंबर 1 के तौर पर कुल 183 हफ्ते बिताए, जिसमें उन्होंने दो ओलंपिक गोल्ड मेडल, दो वर्ल्ड चैंपियनशिप टाइटल और तीन यूरोपियन चैंपियनशिप क्राउन जीते, साथ ही डेनमार्क को थॉमस कप जीतने में मदद की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने सफर के बारे में बताते हुए, बैडमिटन स्टार ने शुक्रिया और गर्व भी जताया। ष्जिस दिन से मैंने पहली बार रैकेट उठाया, मुझे पता था कि मेरा सपना दुनिया में बेस्ट बनना है। मैंने हर दिन, हर सेशन, हर मैच में उस लक्ष्य को पाने के लिए इस खेल को अपना सब कुछ दिया है। उन्होंने आगे कहा कियह मेरे लिए कभी सिर्फ़ एक करियर नहीं रहा। यह मेरी जिंदगी रही है और मैंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रोफेशनल बैडमिंटन से रिटायर होने का मतलब खेल को पूरी तरह से छोड़ना नहीं है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 16 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# महंगाई की मार

भारत में महंगाई की स्थिति और आम जनमानस पर इसके व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण एक अत्यंत गंभीर और बहुआयामी विषय है। जब हम वर्तमान आर्थिक परिदृश्य को देखते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि देश में सामाजिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरकर सामने आया है। रोजगार और आय के मोर्चे पर देश की एक बड़ी आबादी के लिए स्थितियां आज भी संतोषजनक नहीं कही जा सकतीं। यह एक विचित्र विरोधाभास है कि एक तरफ सरकार की ओर से लगातार यह दावा किया जाता है कि महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में है और विकास की दरें सकारात्मक हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस बढ़ती महंगाई का सीधा और सबसे क्रूर प्रहार आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है, जिसे अपने घर चलाने के लिए जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है और कई तरह की मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसी भी विकासशील अर्थव्यवस्था में जब आय के साधन सीमित हों, तो आम नागरिक की सरकार से यही प्राथमिक अपेक्षा होती है कि कम से कम रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं उसकी पहुंच के भीतर रहें, ताकि परिवार के भरण-पोषण का संकट उत्पन्न न हो, लेकिन हाल के वर्षों का अनुभव यह बताता है कि आमदनी उस अनुपात में नहीं बढ़ी है, जिस गति से बाजार में वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ी हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें तो मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि फरवरी में यह 3.2 प्रतिशत थी। हालांकि यह आंकड़ा पहली नजर में छोटा लग सकता है, लेकिन जब हम इसके घटकों का बारीकी से अध्ययन करते हैं, तो वास्तविकता अधिक जटिल नजर आती है। इस महंगाई वृद्धि के पीछे अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां भी एक बड़ा कारक रही हैं। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रंखला प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों की खुदरा महंगाई पर पड़ता है। विशेष रूप से अमेरिका, इस्राईल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव वैश्विक बाजार में अनिश्चितता पैदा कर रहा है। यदि यह युद्ध की स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो आने वाले दिनों में ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में और अधिक उछाल आने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। महंगाई का बढ़ना केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह देश के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाला कारक है। देश में आर्थिक असंतुलन की खाई और चौड़ी होती जा रही है। एक तरफ जहां कॉरपोरेट लाभ और उच्च आय वर्ग की संपत्ति बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर रोजगार की कमी और बढ़ती कीमतों ने निम्न और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। जब आय स्थिर हो और क्रय शक्ति घट रही हो, तो आवश्यक वस्तुओं पर होने वाला मामूली सा खर्च भी एक बड़े वित्तीय संकट का रूप ले लेता है।

## पुराने संशोधनों को लागू किया जाए



तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है, हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है, हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए, सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है, कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए, इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है, इसलिए हम इस बिल के मौजूदा स्वरूप का एकजुट होकर संसद में विरोध करेंगे।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# सही समय : महिला आरक्षण से बदलेगी भारतीय लोकतंत्र की तस्वीर





**शोभा करंदलाजे**

एक राज्यमंत्री के रूप में पहली बार शपथ लेते समय, मैंने उस खचाखच भरे कमरे में चारों ओर नजरें घुमाईं और गिनती की। वहां मौजूद महिलाओं की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती थी। इस दृश्य ने केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में ही नहीं, बल्कि इस बात के स्पष्ट संकेत के रूप में भी एक छाप छोड़ी कि सार्वजनिक जीवन में महिलाओं को अभी भी काफी लंबा सफर तय करना बाकी है।

मैं कर्नाटक के तटीय इलाके के पुत्तूर के पास स्थित एक छोटे से गांव से आती हूं। पारंपरिक रूप से यह एक समृद्ध इलाका है और यहां की महिलाओं ने हमेशा अपनी दृढ़ता एवं शक्ति का परिचय दिया है। मुझे पता है कि उस शक्ति को सार्वजनिक जीवन में लगाने का क्या मतलब होता है। खासकर, उस स्थिति में जब एक ऐसी राह पर चलना हो जिस पर पहले चंद लोग ही चले हों और हर महिला को वैसे ही जोश के साथ वैसा ही मौका नहीं मिला हो। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही पारित हो चुका है। संसद में सितंबर 2023 में इस पर चर्चा हुई थी और संविधान में संशोधन किया गया था। लेकिन अब उस वादे को निभाने का सबसे मुश्किल काम सामने है।

### अपने लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाला लोकतंत्र

भारत में कुल 670 मिलियन महिलाएं हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों में महज 15 प्रतिशत महिलाएं ही संसद में पहुंच पाई हैं। जो लोकतंत्र अपने आधे नागरिकों को निर्णय लेने की प्रक्रिया से लगातार बाहर रखे, उसे सच्चा लोकतंत्र तो नहीं कहा जा सकता। ऐसे लोकतंत्र को विकास की प्रक्रिया में ही माना जाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन कागज पर लिखे किसी कानून का तभी कोई महत्व होता है, जब उसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। जनगणना कराना बेहद जरूरी है। इसके बाद परिसीमन होना चाहिए और संसद तथा प्रत्एक राज्य की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होनी चाहिए। जब कानून बनाने वाली प्रक्रियाओं में महिलाओं को शामिल किया जाता है, तो कानून बनाने का केन्द्रबिंदु ही बदल जाता है। पंचायती राज संस्थाओं में, जहां दशकों पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया था, प्राथमिकताओं में स्पष्ट बदलाव देखने को मिलता है। पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और बच्चों के पोषण के लिए अधिक बजट आवंटित किए गए। भ्रष्टाचार के प्रति कम सहनशीलता और समुदायों के प्रति अधिक जवाबदेही देखी गई। यह महज एक संयोग नहीं है। यह प्रतिनिधित्व का जीता-जागता उदाहरण है।

### दुष्चक्र को तोड़ना

मैंने अक्सर यह तर्क सुना है कि महिलाओं को अपनी योग्यता के बल पर आगे बढ़ना चाहिए। मैं इस भावना का सम्मान करती हूं। लेकिन इस आधार को खारिज करती हूं। योग्यता शून्य में नहीं पनपती। यह वहीं पनपती है, जहां अवसर मौजूद होते हैं। पीढ़ियों से, संरचनात्मक बाधाओं-सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक-ने प्रतिभाशाली महिलाओं को राजनीति से बाहर रखा है। उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में हमेशा उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी गई है जिनके पास सुस्थापित नेटवर्क एवं संपर्क तथा विरासत में मिली राजनीतिक साख रही है और जो घरेलू जिम्मेदारियों से मुक्त हैं। दूसरी ओर, महिलाओं को इनमें से कोई भी सुविधा हासिल नहीं है।

### आरक्षण से स्तर कम नहीं होता, बल्कि यह अड़चन को दूर करता है

जब बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायतों में दाखिल हुईं, तो शुरू में उन्हें नजरअंदाज किया गया। आखिरकार, विभिन्न अध्ययनों में यह पाया गया कि उनके अपने समुदायों ने उन्हें उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में अधिक प्रभावी, अधिक सुलभ व अधिक ईमानदार माना। जब महिलाओं को उचित अवसर दिया जाता है, तो वे केवल भाग ही नहीं लेती बल्कि नेतृत्व भी करती हैं।

### नीतिगत दृष्टि से इसके मायने

सरकार में रहते हुए अपने व्यापक अनुभवों से मैंने यह जाना है कि निर्णय लेने वाले स्थानों पर आपकी मौजूदगी ही इस बात को निर्धारित करती है कि किस विषय पर चर्चा होगी। महिला जनप्रतिनिधि मातृ स्वास्थ्य निधि में कटौती की आशंका होने पर इसके लिए आवाज उठाती हैं। वे उन नीतियों के लैंगिक प्रभाव को उजागर करती हैं, जिनका व्यवहार में सबसे बुरा असर महिलाओं पर पड़ सकता है। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की उन चिंताओं को सामने लाती हैं, जिनसे उनके पुरुष सहकर्मियों का सामना नहीं होता। संसद और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का मतलब यह है कि पहली बार ए आवाजें अपवाद नहीं रहेंगी। ये आवाजें ढांचागत व्यवस्था का हिस्सा होंगी। स्थाई होंगी। इन्हें नजरअंदाज करना असंभव होगा।

### नारी शक्ति : सोच से कानून तक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह मानना रहा है कि भारत अपनी महिलाओं की पूर्ण और बराबरी की भागीदारी के बिना अपनी पूरी क्षमताओं का सदुपयोग नहीं कर सकता। यह महज एक बयानबाजी भर नहीं, बल्कि एक ऐसा .ढ़ विश्वास है जिसने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'जन धन', 'उज्ज्वला' और 'प्रधानमंत्री आवास योजना' में महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी वाली नीतियों को दिशा दी है। उन्होंने नारी शक्ति को केवल एक नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत का आधार बताया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सोच की पूर्ण अभिव्यक्ति है। यह सोच महिला सशक्तिकरण को कल्याणकारी योजनाओं से आगे बढ़ाकर शासन की संरचना में समाहित करती है। सभी दलों के अपने साथियों से यह क्षण हम सभी का है। यह मौका किसी एक दल का नहीं, बल्कि एक संस्था के रूप में संसद का है।

सरकार के हर स्तर पर इस राष्ट्र की सेवा करने वाली एक महिला के रूप में, मैं सभी से अपील करती हूं और मेरा मानना है कि हम सभी भारत के लोकतंत्र को मजबूत और अधिक पूर्ण देखना चाहते हैं। भारत की महिलाओं के प्रति हमारा अब यह कर्तव्य है कि हम जनगणना कराने, परिसीमन के कार्य को पूरा करने और यह सुनिश्चित करने में तत्परता बरतें कि इस प्रक्रिया में एक भी दिन अनावश्यक रूप से बर्बाद न हो। मैं कार्यान्वयन, आरक्षित सीटों के चक्रण (रोटेशन), परोक्ष (प्रॉक्सी) उम्मीदवारों और सनसेट क्लॉज से जुड़ी चिंताओं से अवगत हूं। यह जायज बहसें हैं, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इन पर तत्काल ध्यान दिया जाए। सिद्धांत सही है। हमें पूर्णता को परिवर्तनकारी कदमों के आड़े नहीं आने देना चाहिए।

**( लेखिका केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा श्रम और रोजगार राज्यमंत्री हैं )**

# शोषण व चाटुकारिता के भंवर में पत्रकारिता

**पाकिस्तान कब से भारतीय नौकरियों में हस्तक्षेप करके वेतनमान तय करने का परोक्ष-अपरोक्ष अधिकारी बन गया। दरअसल, न्यूज चैनलों ने अपनी विश्वसनीयता, अपनी गैरत, अपना राष्ट्र धर्म, अपनी भाषा, अपने विषय। सब कुछ पूंजीपतियों व सत्ता के चरणों में न्योछावर कर दिए हैं। 2014 के बाद से एक भी जन सरोकारों के विषयों पर कभी भी चैनलों ने बहस नहीं की। उस पर एक दल विशेष के कार्यकर्ताओं को शो में बुलाकर बेमतलब के टाइमपास विषयों पर बहस, अब एक ट्रेंड बन गया है। जब भी सत्ता पर कोई बात आ रही होती है।**



**पवन सिंह**

भारत के न्यूज चैनल्स मक्कारी, झूठ और चाटुकारिता से सनी जो पत्रकारिता कर रहे हैं, वह अब सीधे-सीधे राष्ट्र के प्रति युद्ध छेड़ने की परिभाषा में आती है। न्यूज चैनलों ने इस देश के भीतर वह माहौल खड़ा कर दिया है जो कभी भी न तो सीआईए कर पाई और न ही आईएसआई। पूरे देश के सामाजिक ढांचे को न्यूज चैनलों ने तबाह कर दिया है। समुदायों के बीच नफरत की खेती जिस तरह से भारतीय न्यूज चैनलों ने की है, ऐसा आपको विश्व में कहीं देखने को नहीं मिलेगा। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक, धार्मिक, व्यावहारिक, हर एक प्लेटफार्म को भारतीय मीडिया ने नष्ट कर दिया है। भारतीय मीडिया ने खुल्लम खुल्ला देश के भीतर एक आतंकवादी जैसा हमला किया, जिसने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को बेहद कमजोर कर दिया है। जिस देश में भारतीय न्यूज चैनलों जैसा अस्तित्व हो, वहां किसी भी देश को दुश्मनों की जरूरत नहीं है। नोएडा में हुए श्रमिक असंतोष का ठीकरा पाकिस्तान के सिर फोड़ना, भारतीय मीडिया के घटिया स्तर को दिखाता है। भारतीय मीडिया 2014 के बाद से जनता के सरोकारों से पूरी तरह से कट चुका है। जो लोग भी न्यूज चैनल्स देखते हैं वह झूठ, मक्कारी, नफरत के जहर को अपने व अपनी पीढ़ियों के भीतर जज्ब करते हैं। क्या पाकिस्तान ने भारतीय पूंजीपतियों से कहा था कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जाकर उद्योग लगाओ और श्रमिकों को 10 हजार से 13 हजार का वेतन दो। क्या पाकिस्तान की इतनी हैसियत हो चुकी है कि वह भारत के उद्योगपति को दिशा-निर्देश दे सके। यह कैसी असंवेदनशील पत्रकारिता है कि हमें जिन श्रमिकों के हितों के लिए खड़ा होने की जरूरत थी, हम उनके गुस्से, उनकी लाचारी, उनकी विवशता, उनकी गरीबी, उनके संघर्ष, उनके दर्द, उनकी भूख के साथ न खड़े होकर, सत्ता और पूंजीपतियों के समर्थन में नंगे खड़े हो गए। भारत एक परपीड़न में आनंद की अनुभूति लेने वाला देश है। असमानता और जातीय भेदभाव से गौरवान्वित महसूस करने वालों का मुल्क है। धार्मिकता की बीमारी ने 90 प्रतिशत भारतीय समाज को जड़ बुद्धि कर रखा है। यह सब मिलकर भारत को एक कबीलियाई जैसा देश बनाते हैं। जहां समान न्याय और समानता की बात सोचना, रात में सूर्योदय होने जैसा है। लाइट, कैमरा, एक्शन। में चेहरा पेंट करवाकर, खुद लाखों रुपये का वेतन पैकेज पाने वाली खबरांग्नाओं को यह एहसास है कि 13 हजार के वेतन में, कैसे जिया जा सकता है? प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 88 प्रतिशत श्रमबल अनौपचारिक व असंगठित क्षेत्र में है। वर्ष, 2022-23 में 57 प्रतिशत स्वरोजगार व 22 प्रतिशत दैनिक श्रमिक हैं, मतलब काम आया न आया टाइप्स। वर्ष, 2020 के आंकड़ों के आधार पर श्रमिकों के कार्यबल को अगर देखें भारत के 476.67 मिलियन श्रमिकों में से 41.19 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में, 26.18 प्रतिशत उद्योग व 32.33 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं। असंगठित क्षेत्र में करीब 88 प्रतिशत श्रमिक हैं। चलिए जब श्रमिकों पर लिखा ही है तो आपको संविदा कर्मियों को संक्षिप्त सच भी बता ही देते हैं। तथाकथित लोकप्रिय सरकारें व यशस्वी नेता जो साल दर साल अपना वेतन, भत्ते, सुविधाएं। भेज थपथपा कर बढ़ा लेते हैं, वो कभी भी न तो श्रमिकों और न संविदा कर्मियों के दर्द व विवशता के लिए सामने आते हैं। वर्ष, 2030 तक संविदा कर्मियों की संख्या करीब 1 करोड़ पार कर जाएगी। विगत 12 वर्षों में, संविदा कर्मचारी क्षेत्र 14-16 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा है। एक अनुमान के अनुसार, राज्य और केंद्रीय सरकारों में कार्यबल का लगभग 47 प्रतिशत हिस्सा संविदा या अनुबंध पर है। वर्ष, 2023 में, 54 लाख संविदा श्रमिक औपचारिक रोजगार में शामिल हुए। क्या पाकिस्तान ने कहा था कि भारत में 13 हजार से 16 हजार वेतनमान पर, नेताओं की प्लेसमेंट एजेंसियों के द्वारा खाने-कमाने-लूटने-चूसने का ढांचा खड़ा किया जाए? अगर यह पाकिस्तानी इशारे पर हुआ है तो यह सरकार पर सवालिया निशान लगाया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जबरन धर्मांतरण और उत्पीड़न के आरोपों से हिला कॉरपोरेट तंत्र



**प्रो. आर.के. जैन**

कॉर्पोरेट दफ्तरों की जगमगाहट, कांच की ऊंची इमारतों का मोहक आभास और प्रोफेशनलिज्म के बड़े-बड़े दावे यदि इनके भीतर भय, शोषण और दबाव का अंधकार पलता हो, तो यह किसी एक कंपनी की चूक नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी असफलता का संकेत है। अप्रैल 2026 में नासिक स्थित एक आईटी इकाई (टीसीएस) से सामने आया प्रकरण इसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है, जहां महिला कर्मियों के सपनों को सुनियोजित ढंग से रौंद दिया गया। रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता की आकांक्षा लेकर आई इन महिलाओं को अपने ही कार्यस्थल पर ऐसे असहनीय दबावों का सामना करना पड़ा, जो किसी भी सभ्य समाज के मूल्यों के सर्वथा विपरीत हैं।

यह मामला केवल यौन शोषण के आरोपों तक सीमित नहीं है इसके भीतर भय, मानसिक उत्पीड़न, धार्मिक आस्था पर दबाव और अधिकारों के खुले दुरुपयोग की कहीं अधिक गंभीर परतें छिपी हुई हैं। सामने आई शिकायतों के अनुसार, कुछ वरिष्ठ कर्मचारियों ने महिला कर्मियों पर अनुचित प्रस्तावों, अश्लील टिप्पणियों और निजी संबंध बनाने के लिए निरंतर दबाव डाला। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें पदोन्नति रोकने, नौकरी समाप्त करने और उनके निजी जीवन को बदनाम करने की धमकियां दी गईं। सत्ता और पद के बल पर किया गया यह आचरण केवल अनैतिकता की पराकाष्ठा नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से कानूनन दंडनीय अपराध है, जो किसी भी

**कार्यस्थल केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण होना चाहिए। यदि इस घटना से भी ठोस सबक नहीं लिया गया, तो यह महज एक और मामला बनकर रह जाएगा और यह किसी भी समाज की सबसे बड़ी विपफलता होगी।**



कार्यस्थल की गरिमा, सुरक्षा और विश्वास को पूरी तरह ध्वस्त कर देता है। यह प्रकरण और भयावह तब बनता है, जब स्पष्ट होता है कि यह छिटपुट घटनाएं नहीं, बल्कि लंबे समय से सक्रिय संगठित तंत्र का परिणाम था। पुलिस जांच और शिकायतों के अनुसार, आठ महिला कर्मचारियों की नौ एफआईआर्स में सामने आया कि टीम लीडर्स सहित वरिष्ठों ने 2022 से 2026 तक करीब चार वर्षों तक सुनियोजित ढंग से उन्हें निशाना बनाकर दबाव में रखा। पुलिस ने फरवरी से 40 दिन तक महिला पुलिसकर्मियों के जरिए अंडरकवर ऑपरेशन चलाकर साक्ष्य जुटाए। आरोप हैं कि निजी तस्वीरें-वीडियो से ब्लैकमेल करना, नमाज पढ़ने और गोमांस खाने को मजबूर करना, जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव और मानसिक रूप से तोड़नाकृए सब उसी तंत्र के औजार थे। यह स्थिति दिखाती है कि जब शक्ति का दुरूपयोग संस्थागत रूप ले लेता है, तो पीड़ितों के लिए आवाज उठाना कठिन और जोखिम भरा हो जाता है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पक्ष मानव संसाधन विभाग की भूमिका पर उठते सवाल हैं। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के तहत हर संगठन में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और समयबद्ध, निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। इसके बावजूद आरोप हैं कि शिकायतों को नजरअंदाज किया गया, ईमेल और लिखित आवेदन दबाए गए, और पीड़ितों को चुप रहने के लिए मजबूर किया गयाकृयहां तक कि एक एचआर असिस्टेंट जनरल मैनेजर को भी अनदेखी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जिस विभाग पर कर्मचारियों की सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी होती है, यदि वही निष्क्रिय या सहभागी दिखे, तो यह कानून की अवहेलना के साथ विश्वास का गंभीर हनन भी है। चार वर्षों तक लगातार उठती शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का अभाव यह स्पष्ट करता है कि समस्या कुछ व्यक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी खामियों में जड़ें जमाए हुए थी। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के दिशा-निर्देश स्पष्ट करते हैं कि 24 घंटे के भीतर संज्ञान लिया जाए और 90 दिनों में जांच पूरी हो, परंतु यहां इन प्रावधानों की खुलेआम अनदेखी की गई। यह मात्र लापरवाही नहीं, बल्कि कानूनी दायित्वों से बचने की प्रवृत्ति का संकेत देता है। ऐसे मामलों में देरी न केवल पीड़ित के मानसिक आघात को गहरा करती है, बल्कि आरोपियों के हौसले भी बढ़ाती है। जीरो टॉलरेंस की नीति का हवाला तब खोखला लगता है, जब सवाल उठता है कि वर्षों तक शिकायतें दबने और पीड़ितों की आवाज अनसुनी रहने के दौरान यह लागू क्यों नहीं हुई। टीसीएस द्वारा उच्च प्रबंधन स्तर पर जांच (सीओओ के निर्देशन में) के आदेश और आरोपियों का निलंबन आवश्यक कदम हैं, पर पर्याप्त नहीं, क्योंकि नेसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट ने श्रम मंत्रालय से पोश कंप्लायंस ऑडिट की मांग की है। जवाबदेही केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, उसे उन सभी स्तरों तक तय होना चाहिए जहां लापरवाही या मिलीभगत रही हो। कॉर्पोरेट संस्थानों की साख मुनाफे या छवि से नहीं, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान, पारदर्शिता और विश्वास से बनती है।

यह घटना किसी एक कंपनी तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे आईटी क्षेत्र में कार्यस्थल की सुरक्षा पर गहरे और असहज प्रश्न खड़े करती है। क्या आधुनिक दफ्तर वास्तव में सुरक्षित हैं, या केवल बाहर से सजे-धजे और आकर्षक दिखते हैं? क्या महिलाओं और अन्य कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष करना पड़ेगा? यह प्रकरण स्पष्ट करता है कि जब तक शिकायत तंत्र मजबूत, पारदर्शी और निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक किसी भी कानून का प्रभाव सीमित और अधूरा ही रहेगा। कर्मचारियों के भीतर यह विश्वास होना चाहिए कि उनकी आवाज न दबेगी, न अनसुनी होगी, बल्कि उसे गंभीरता से सुना जाएगा और उन्हें समयबद्ध न्याय अवश्य मिलेगा। अब समय केवल औपचारिक प्रतिक्रिया का नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक सुधार का है। इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यापक जांच होनी चाहिए, दोषियों को कठोर दंड मिले और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के अनुपालन की स्वतंत्र ऑडिट पूरे आईटी क्षेत्र में कराई जाए। साथ ही मानव संसाधन तंत्र को स्पष्ट रूप से जवाबदेह बनाना और कर्मचारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



गैघाटा। करोला गांव के कई मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, चुनाव के बाद की स्थिति को लेकर चिंतित होते हुए।

## अंडमान सागर में नाव डूबी, 250 रोहिंग्या-बांग्लादेशी लापता, मलेशिया जा रहे थे

**ढाका।** अंडमान सागर में एक नाव डूबने से करीब 250 रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक लापता हो गए हैं। यूएन रिफ्यूजी और माइग्रेशन एजेंसी के मुताबिक, यह हादसा पिछले हफ्ते खराब मौसम और ओवरलोडिंग के कारण हुआ। यह ट्रालर बांग्लादेश से मलेशिया जा रहा था। बांग्लादेश कोस्ट गार्ड ने 9 अप्रैल को अपने एक जहाज के जरिए 9 लोगों को बचाया, लेकिन बाकी लोगों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। रोहिंग्या समुदाय 2017 में म्यांमार में हुई हिंसा के बाद बड़ी संख्या में बांग्लादेश में शरण लेने को मजबूर हुआ था। म्यांमार की सरकार उन्हें नागरिकता नहीं देती। वहीं, बांग्लादेश के शरणार्थी कैंपों में खराब हालात के चलते कई लोग मलेशिया जैसे देशों में बेहतर जिंदगी की तलाश में खतरनाक समुद्री सफर करते हैं।

## हंगरी के पीटर मग्यार ने यूरोपीय संघ की निधि जारी करने के लिए रखीं शर्तें

**बुडापेस्ट।** हंगरी की नवनिर्वाचित टिस्जा पार्टी के नेता पीटर मग्यार ने बुधवार को कहा कि उन्होंने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के समक्ष अटकी हुई यूरोपीय संघ की निधि को जारी करने के लिए चार शर्तें रखी हैं। मग्यार ने हंगरी के हाल ही में संपन्न संसदीय चुनावों में जीत हासिल की है। उन्होंने बताया कि सुलेएन के साथ भ्रष्टाचार विरोधी सुधारों को लागू करने पर चर्चा की गई है, ताकि हंगरी के लिए रुकी हुई निधि का रास्ता साफ हो सके। इन शर्तों में सरकारी मीडिया के संचालन को निलंबित करना, शैक्षणिक माहौल की स्वतंत्रता को बहाल करना और सभी मंचों पर हंगरी के हितों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। मग्यार ने सोमवार को कहा था कि उन्होंने 20 अरब यूरो यानी लगभग 23 अरब डॉलर की अटकी हुई यूरोपीय संघ की निधि की वापसी को लेकर आयोग के साथ पहले ही बातचीत कर ली है।

# होर्मुज के बाद अब ट्रम्प की मलक्का स्ट्रेट पर नजर

## इंडोनेशिया से रक्षा करार किया, अमेरिकी सैन्य विमानों को इंडोनेशियाई इलाके में जाने की इजाजत

**वाशिंगटन।** हार्मुज स्ट्रेट में इस समय हालात काफी तनाव भरे हैं। अमेरिका वहां ईरान से जुड़े जहाजों की गतिविधियों पर सख्ती कर रहा है। इसी बीच अमेरिका और इंडोनेशिया के बीच 13 अप्रैल को एक नया रक्षा समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत अब अमेरिकी सैन्य विमानों को इंडोनेशिया के हवाई क्षेत्र में ज्यादा आसानी से आने-जाने की इजाजत मिल गई है।

इसे आधिकारिक तौर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का कदम बताया जा रहा है, लेकिन इसकी टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह डील ऐसे समय हुई है जब यूएस ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मुज में नाकाबंदी शुरू कर दी है। इसके बाद तेल सप्लाई लगभग ठहर गई और कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अमेरिका ने मलक्का स्ट्रेट पर नजर रखने के लिए यह करार किया है। मलक्का स्ट्रेट दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक है। यह वही रास्ता है जो हिंद महासागर को पूर्वी एशिया से जोड़ता है और दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से करीब 40 प्रतिशत वैश्विक व्यापार और लगभग 30 प्रतिशत तेल



■ यह डील ऐसे समय हुई है जब यूएस ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मुज में नाकाबंदी शुरू कर दी है

सप्लाई गुजरती है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे खास बनाती है। फिलिप चौनल पर इसकी चौड़ाई 3 किलोमीटर है, जो इसे बड़ा बाटलनेक बनाती है। यह होर्मुज से करीब नौ गुना ज्यादा संकरा है। मलक्का स्ट्रेट पर इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर का कंट्रोल है। इस रास्ते से दुनिया का बहुत बड़ा व्यापार गुजरता है। यही वजह है कि इस इलाके में कोई भी हलचल सीधे तौर पर वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर सकती है। यूएस-इंडोनेशिया डील के बाद एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिका इंडो-पैसिफिक में बड़े समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने की रणनीति पर काम कर रहा है। अमेरिकी एक्सपर्ट्स और पूर्व सैनिकों ने कहा है कि दुनिया के चोकपाइंट्स पर यूएस अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। अगर हार्मुज को तेल की सप्लाई का मुख्य रास्ता माना जाता है, तो मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं।

# इजरायल-लेबनान ने तीन दशक बाद की सीधी बातचीत

## हिजबुल्लाह के प्रभाव को समाप्त करने को लेकर 'रुख में समानता' देखने को मिली



■ अगली वार्ता की तिथि और स्थान उपयुक्त समय पर घोषित किए जाएंगे: अधिकारी

**बेरूत/यरूशलम।** इजरायल और लेबनान के बीच हुई प्रत्यक्ष वार्ता के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने हिजबुल्लाह के मुद्दे पर समान सोच उभरने के संकेत दिए हैं और दक्षिणी लेबनान में जारी संघर्ष के समाधान की इच्छा जताई है।

अमेरिका में इजरायल के राजदूत एचियल लेइटर ने कहा कि वार्ता में हिजबुल्लाह के प्रभाव को समाप्त करने को लेकर 'रुख में समानता' देखने को मिली। उन्होंने कहा कि लेबनान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह हिजबुल्लाह के प्रभुत्व से बाहर निकलना चाहती है। लेइटर ने वार्ता को 'सकारात्मक और उपयोगी संवाद' बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने यह महसूस किया कि वे इस मुद्दे पर एक ही दिशा में सोच रहे हैं, जो आगे की बातचीत के लिए उत्साहजनक है। लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने युद्धविराम की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा को प्राथमिकता बताया। उन्होंने विस्थापित लोगों की सुरक्षित वापसी और संघर्ष से उत्पन्न मानवीय संकट को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की। इजरायल ने दोहराया कि उसका संघर्ष लेबनान राष्ट्र से नहीं, बल्कि हिजबुल्लाह से है, और वह भविष्य में संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अधिकारियों के अनुसार, अगली वार्ता की तिथि और स्थान उपयुक्त समय पर घोषित किए जाएंगे।

### 17 देशों ने की लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा

**मास्को।** सत्रह देशों ने लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की और पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की प्रक्रिया में लेबनान को शामिल करने का आह्वान किया। यह जानकारी स्पुतनिक ने उन देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के हवाले से दी। इस दस्तावेज पर ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, क्रोएशिया, साइप्रस, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, ग्रीस, आइसलैंड, लक्जमबर्ग, माल्टा, नॉर्वे, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया कि हम क्षेत्रीय तनाव में कमी लाने के प्रयासों में लेबनान को शामिल करने का आह्वान करते हैं और सभी पक्षों से एक स्थाई राजनीतिक समाधान की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं। हम हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं जिन्हें तत्काल बंद करना चाहिए। हम लेबनान पर इजरायल द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर हमलों की भी कड़ी निंदा करते हैं। बयान में आगे कहा गया कि देशों ने दोनों पक्षों की हिंसा की निंदा की इजरायल के साथ सीधी बात. चीत के लिए लेबनान की पहल का स्वागत किया और लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव दो मार्च को तब शुरू हुआ जब लेबनानी आंदोलन ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के बीच इजरायली क्षेत्र पर रॉकेट से हमला करना फिर से शुरू कर दिया।

## ईरान में मिशन अभी पूरा नहीं हुआ: मोसाद प्रमुख

**मास्को।** इजरायली खुफिया सेवा (मोसाद) के निदेशक डेविड बार्निया ने कहा कि ईरान में एजेंसी का मिशन तभी समाप्त होगा जब ईरान में राजनीतिक शासन बदल जाएगा। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने मंगलवार को बार्निया के हवाले से कहा कि हमारा मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है। हमने यह नहीं सोचा था कि लड़ाई खत्म होते ही यह मिशन तुरंत पूरा हो जाएगा। हमने तेहरान में हुए हमलों के बाद भी अपने अभियान को जारी रखने और परिणाम हासिल करने के लिए गहन योजना बनाई थी। यह मिशन तभी पूरा होगा जब इस कट्टरपंथी शासन को हटा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 11 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा करने के बाद, ईरान और अमेरिका ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में वार्ता शुरू की। 12 अप्रैल को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने घोषणा की कि ईरान और अमेरिका वार्ता के दौरान किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के वापस लौट गया।

# शाहबाज शरीफ सऊदी अरब, कतर और तुर्की की यात्रा पर जाएंगे

■ अगले दो दिनों में' पाकिस्तान में कुछ नए घटनाक्रम सामने आ सकते हैं: ट्रम्प

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सप्ताहांत में सऊदी अरब, कतर और तुर्की की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह यात्रा अमेरिका-ईरान चर्चा के पहले दौर के बाद हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को संकेत दिया था कि 'अगले दो दिनों में' पाकिसतान में कुछ नए घटनाक्रम सामने आ सकते हैं।

यह यात्राएं पाकिस्तान के लिए एक बड़ी वित्तीय मजबूती के साथ हो रही हैं। वॉशिंगटन में विश्व बैंक-आईएमएफ की स्प्रिंग मीटिंग्स के दौरान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा कि सऊदी अरब ने 3 अरब डॉलर की अतिरिक्त जमा राशि देने का वादा किया है और पिछली 5 अरब डॉलर की जमा राशि की अवधि भी बढ़ा दी है। औरंगजेब ने कहा कि इस मदद से पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूती मिलेगी, उसके बाहरी खाते सुदृढ़ होंगे और आईएमएफ समर्थित कार्यक्रम के अनुपालन में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के अंत तक लगभग 18 अरब डॉलर का भंडार रखना है, जो 3-3 महीने के आयात कवर के बराबर है। उन्होंने पाकिस्तान की हाल ही में किए गए 1.4 अरब डॉलर के यूरोबॉन्ड भुगतान का उल्लेख किया और इसे 'सामान्य घटना' करार दिया। उन्होंने आगामी विदेशी दायित्वों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने इस सहयोग को सुगम बनाने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल-जदान सहित सऊदी नेतृत्व के साथ-साथ पाकिस्तान की राजनीतिक और आर्थिक टीमों को भी श्रेय दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि सऊदी वित्तीय सहायता और आईएमएफ व विश्व बैंक जैसे संस्थानों से मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान का संयुक्त प्रभाव पाकिस्तान को आर्थिक स्थिरता के लिए आत्मविश्वास और गति प्रदान करता है।

## रूस-चीन संबंध वैश्विक स्थिरता लाने में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका: लावरोव

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि रूस और चीन के बीच संबंध वैश्विक मामलों में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीजिग में चीनी राष्ट्रपति शी जिन. पिंग के साथ एक बैठक में लावरा. व ने कहा कि रूस-चीन संबंध विश्व मामलों में एक स्थिरता लाने वाली भूमिका निभाते हैं। ए शेष विश्व और वैश्विक बहुसंख्यक के लिए अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं, जो समस्याएं या उथल-पुथल नहीं, बल्कि सतत विकास के लिए शांत परिस्थितियां चाहते हैं। लावरोव के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी नेता के बीच सहयोग की बदौलत दोनों देशों के संबंध उन झटकों के प्रति उच्च लचीलापन प्रदर्शित करते हैं, जिन्होंने दुनिया को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों रूप से अपनी चपेट में ले लिया है और दुर्भाग्य से ये अंतर्विरोध तेजी से सैन्य आयाम अख्तियार कर रहे हैं। इसके अलावा, लावरोव ने चीनी राष्ट्रपति को विदेश मंत्री वांग ई के साथ अपनी बातचीत और पुतिन की चीन यात्रा की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

# रूस ने ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार समाधान की पेशकश दोहराई

**बीजिंग।** रूस ने बुधवार को ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार के समाधान में सहायता करने की अपनी पेशकश को दो. हराया है। यह पेशकश ऐसे समय में आई है जब अगले कुछ दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच नए दौर की वार्ता की संभावना जताई जा रही है।

रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड सामग्री में बदलने या उसे इस तरह से संग्रहीत करने में मदद कर सकता है जिससे ईरान के 'शांतिपूर्ण संवर्धन के अधिकार' का उल्लंघन न हो। रूस की यह पेशकश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि



■ यदि अमेरिकी हमले नहीं होते, तो ईरान होर्मुज स्ट्रेट को बंद नहीं करता

ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने वाला है और अगले दौर की बात. चीत जल्द हो सकती है। लावरोव ने अपनी चीन यात्रा के दौरान ईरान के रुख का बचाव करते हुए कहा कि यदि अमेरिकी हमले नहीं होते, तो ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं करता। उन्होंने खाड़ी में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच निरंतर बातचीत का आग्रह किया। अमेरिका-ईरान वार्ता में विवाद का मुख्य बिदु ईरान का अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का भंडार है, जिसे परमाणु हथियारों के निर्माण की संभावना के रूप में देखा जाता है। कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए एक और प्रमुख मांग मिसाइल क्षमताओं को खत्म करने की है। सीएनएन ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के हवाले से कहा कि अमेरिका ने मांग की है कि ईरान संवर्धन रोके और जमीन के नीचे जमा किए गए अनुमानित 460 किलोग्राम अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम को सौंप दे। पिछले सप्ताहांत इस्लामाबाद में हुई बात. चीत के दौरान दोनों पक्षों ने संवर्धन को रोकने पर चर्चा की थी।

## रूस-चीन ने पश्चिम एशिया आदि मुद्दों पर की चर्चा

**मास्को।** रूस और चीन ने पश्चिम एशिया की स्थिति, फिलिस्तीन मुद्दे, यूरोपीय संघ के सैन्ईकरण और नाटो में संकट पर चर्चा की। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि फलस्तीन, गाजा और वेस्ट बैंक को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लाव. रोव ने कहा कि फिलिस्तीन, गाजा और वेस्ट बैंक को अंधेरे में नहीं रहना चाहिए और उन्हें पृष्ठभूमि में नहीं धकेलना चाहिए। हमने आज चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ यह बात बहुत स्पष्ट कर दी। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने चीनी पक्ष के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति, यूरोपीय संघ के सैन्ईकरण और नाटो में संकट पर भी चर्चा की।

# चीन ने बिना हथियार बेचे ईरान को बनाया मजबूत

## मिसाइल बनाने की टेक्निक दी, अमेरिका ने बैन लगाया, तो बीजिंग ने छुपकर मदद पहुंचाई

**बीजिंग/तेहरान।** पिछले करीब दो दशकों से चीन और ईरान के रिश्तों में संतुलन बना हुआ था। चीन, ईरान को सीधे हथियार बेचने की बजाय परोक्ष (इनडायरेक्ट) तरीके से मदद करता रहा। जंग शुरू होने के बाद अमेरिकी अधिकारियों का ध्यान फिर से इस पर गया है। खुफिया एजेंसियां जांच कर रही हैं कि क्या चीन ने ईरान को कंधे पर रखकर दागी जाने वाले मिसाइल भेजी हैं। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक अभी तक सबूत पक्के नहीं हैं।

अगर यह सही निकला, तो मिडिल ईस्ट में चीन की रणनीति में बड़ा बदलाव माना जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि अगर यह सच साबित होता है तो चीन से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया जाएगा। चीन ने आरोप को झूठ बताया और कहा कि टैरिफ लगाए गए तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। चीन ने 1980 के दशक में ईरान को बड़े पैमाने पर हथियार बेचे थे, लेकिन पिछले 10 साल में यह लगभग बंद हो गया। इसकी सबसे बड़ी वजह अंतर्राष्ट्रीय दबाव है। 2006 के बाद संयुक्त राष्ट्र



■ 2006 के बाद संयुक्त राष्ट्र ने ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सख्त प्रतिबंध लगाए

ने ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सख्त प्रतिबंध लगाए। इनके तहत किसी भी देश के लिए ईरान को सीधे हथियार देना मुश्किल हो गया। अमेरिका ने भी आर्थिक और व्यापारिक पाबंदियां लगाईं, जिससे ईरान को सैन्य मदद देने वाले देशों को नुकसान हो सकता है। इसी कारण चीन ने अपनी रणनीति बदल दी। उसने सीधे हथियार देने की बजाय 'डयूल-यूज' यानी ऐसी तकनीक और सामान देना शुरू किया, जिनका इस्तेमाल सिविल और सैन्य दोनों कामों में हो सकता है। इस तरीके से चीन सीधे हथियार बेचने से बच जाता है, लेकिन ईरान की सैन्य क्षमता को मजबूत करने में मदद करता रहता है। 1980 में ईरान-इराक युद्ध शुरू हुआ। उसी समय चीन में आर्थिक सुधार हो रहे थे। सरकारी कंपनियों से कहा गया कि वे सरकार पर निर्भर न रहें, बल्कि खुद कमाई कर मुनाफा कमाएं। इसका असर डिफेंस सेक्टर पर भी पड़ा। पहले जो कंपनियां सिर्फ देश के लिए हथियार बनाती थीं, उन्हें अब बाहर के देशों को हथियार बेचने की छूट मिल गई। 1982 से 1987 के बीच चीन ने ईरान को मिसाइल, लड़ाकू विमान, टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां और राइफल्स बेचीं। दिलचस्प बात यह थी कि चीन ने इराक को भी हथियार बेचे। दोनों दुश्मन देश एक-दूसरे पर चीनी हथियारों से हमला कर रहे थे। चीन के लिए यह पूरी तरह व्यापार का मामला था।

# ट्रम्प ने पोप लियो पर फिर हमला किया

## कहा: ईरान ने पिछले दो महीनों के दौरान 42000 निर्दोष प्रदर्शनकारियों को मार डाला

**वाशिंगटन।** वेटिकन के साथ निरंतर विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को पोप लियो पर हमला तेज करते हुए कहा कि ईरान ने पिछले दो महीनों के दौरान कम से कम 42,000 निर्दोष प्रदर्शनकारियों को मार डाला है और इसलिए, उसके पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि क्या कोई कृपया पोप लियो को बताएगा कि ईरान ने पिछले दो महीनों में कम से कम 42,000 निर्दोष, पूरी तरह से निहत्थे प्रदर्शनकारियों को मार डाला है। ऐसी स्थिति में ईरान के पास परमाणु बम होना 'बिल्कुल अस्वीकार्य' है। अमेरिका में जन्मे



पोप लियो पर यह हमला ट्रम्प द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से अपनी एक एआई निर्मित तस्वीर हटाने के एक दिन बाद आया है। उस तस्वीर में ट्रम्प को पोप की वेशभूषा में दिखाया गया था जैसे कि वह स्वर्ग से उतरे हों और एक बीमार व्यक्ति को ठीक कर रहे हों। ट्रम्प को भारी विरोध के बाद यह तस्वीर वापस लेना पड़ा था। पोप के प्रति ट्रम्प का यह तीखा रुख तब सामने आया है जब पोप लियो ने शनिवार को वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स बेसिलिका में शाम की प्रार्थना के दौरान कहा था कि ईरान युद्ध के चारों ओर 'सर्वशक्तिमान होने का भ्रम' व्याप्त है। पोप ने कहा था कि स्वयं की मूर्तिपूजा और धन का मोह अब बहुत हुआ! शक्ति का प्रदर्शन बहुत हुआ! युद्ध अब बंद होना चाहिए! सच्ची शक्ति जीवन की सेवा करने में दिखाई देती है। ट्रम्प ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि पोप लियो अपराध के प्रति नरम हैं और विदेश नीति के लिए भयानक हैं- मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए, जो यह सोचता हो कि ईरान का परमाणु हथियार रखना ठीक है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने ट्रम्प का बचाव करते हुए पोप से 'नैतिकता के मामलों तक सीमित रहने' को कहा। उल्लेखनीय है कि वेंस स्वयं एक कैथोलिक हैं। वेंस ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वेटिकन के लिए यह सबसे अच्छा होगा कि वह नैतिकता के मामलों और कैथोलिक चर्च में जो चल रहा है, उस तक सीमित रहे और अमेरिका के राष्ट्रपति को अमेरिकी सार्वजिनक नीति तय करने दे।

# 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' का एनेसी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन

■ 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' अपनी रिलीज से काफी पहले ही दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है

**मुंबई।** बाहुबली: द इटरनल वॉर का एनेसी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन किया गया है। बाहुबली फ्रैंचाइजी, जिसमें 'बाहुबली: द बिगिनिंग' और 'बाहु. बली: द कंक्लूजन' जैसी दो मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं, भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े ब्रांड्स में से एक है।

यह दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय सामग्री में से एक है और इसकी अपनी एक अलग पहचान है। जहां थिएटरों में इसने रिकॉर्ड तोड़े और नए बेंचमार्क सेट किए, वहीं अब मेकर्स इसे 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' के साथ एक नए लेवल पर ले गए हैं, जिसके टीजर ने ही ग्लोबल लेवल पर लहर पैदा कर दी है। अब एक और बड़ा ग्लोबल इम्पैक्ट डालते हुए, इस फिल्म को प्रतिष्ठित एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' अपनी रिलीज से काफी पहले ही दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है।

### अड़ीवी शेष की 'डकैत-एक प्रेम कथा' यूएस टॉप 10 में शामिल

**मुंबई।** अड़ीवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप अभिनीत फिल्म डकैत - एक प्रेम कथा का शानदार सफर जारी है। इस फिल्म ने वैश्विक और घरेलू बाजारों में दमदार प्रदर्शन दर्ज किया है। रिलीज के पांचवें दिन, फिल्म ने यूएसए बॉक्स ऑफिस चार्ट में 7वां स्थान हासिल किया और मंगलवार तक टॉप 10 में बनी रही, जो इसकी बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय लोकप्रियता और विदेशी दर्शकों के बीच मजबूत वर्ड-ऑफ-माउथ को दर्शाता है।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108